WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

रायपुर, सोमवार, 1 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष- एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 223 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पुलिस जनता का विश्वास जीते, नए कानूनों पर जागरूकता बढ़ाए

विकासशील राष्ट्र के लिए सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था की जरुरत: मोदी

रायपुर /नवप्रदेश । इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट रायपुर में पुलिस डायरेक्टर जनरल/इंस्पेक्टर जनरल के 60वें ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बैन किए गए संगठनों की रेगुलर मॉनिटरिंग, लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज़्म से मुक्त इलाकों के पूरे डेवलपमेंट और कोस्टल सिक्योरिटी को मज़बूत करने के लिए नए मॉडल अपनाने की बात कही। पीएम नरेन्द्र मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मज़बूत करने, टूरिस्ट पुलिस यूनिट्स को फिर से शुरू करने और नए बने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं और आम जनता के बीच पुलिस की छवि सुधारने की ज़रूरत है। इसके लिए दक्षता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को बढ़ावा देना

आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किए। विज़न 2047 के अनुरूप पुलिस व्यवस्था का रोडमैप,आतंकवाद और कट्टरपंथ-निरोध, महिलाओं की सुरक्षा के लिए तकनीक का उपयोग,विदेशी भगोड़ों की वापसी की रणनीति, फोरेंसिक क्षमताओं को मज़बूत करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं के बीच पुलिस के प्रति जनता की धारणा बदलने की तत्काल जरूरत पर बल दिया, जिसके लिए दक्षता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था को मज़बूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने और औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों के स्थान पर लागू किए गए नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस और व्यापक प्रशासन को निर्जन द्वीपों को एकीकृत करने के लिए नवीन रणनीतियां अपनाने, राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नेटग्रिड) के अंतर्गत एकीकृत डेटाबेस का प्रभावी उपयोग करने और कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए इन प्रणालियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से जोडऩे का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को पुलिस जांच में फोरेंसिक के उपयोग पर केस स्टडी करने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया, और कहा कि फोरेंसिक के बेहतर अनुप्रयोग से आपराधिक न्याय प्रणाली और मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी के लिए तंत्र स्थापित करने, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और तटीय सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए नवोन्मेषी मॉडल अपनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक समग्र सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें प्रवर्तन, पुनर्वास और सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप एक साथ किया जाए।

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के विविध मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। विजन 2047 की दिशा में पुलिस व्यवस्था के दीर्घकालिक रोडमैप, आतंकवाद-निरोध और कट्टरपंथ-निरोध में उभरते रुझान, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने में तकनीक का लाभ उठाने, विदेशों में रह रहे भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां चल रहे तीन दिवसीय 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। दिन की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा योग सत्र के साथ हुई, जिसके बाद सुबह 8:30 बजे सभी अधिकारियों के साथ औपचारिक फोटो सेशन आयोजित किया गया। लगभग नौ बजे मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नाश्ते पर अनौपचारिक चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मंच में लगातार सक्रिय रुचि दिखाते हुए खुली चर्चा और नवाचार-आधारित विचारों को बढ़ावा दिया है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक दृष्टिकोण को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

आज बेबाक

चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जल बिन मछली की तरह तड़पना तो समझ में आता है। वहां अगले साल विधानसभा चुनाव जो होने हैं लेकिन उत्तरप्रदेश में तो अभी विधानसभा चुनाव में बहुत समय बाकी है। इसके बावजूद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव अभी से नृत्य बिन बिजली की तरह फडफ़ड़ा रहे हैं। चुनाव आयोग को पानी पी-पी कर गरिया रहे हैं। लगता है बंगाल की तरह ही उत्तरप्रदेश में भी दाल में कुछ काला है। उनके पीडीए वाले फार्मूले में भी कोई बड़ा गड़बड़ झाला है।

मौद्रिक नीति में रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है: एसबीआई

■ सितंबर तिमाही में जीडीपी के मजबूत आंकड़े आने के कारण अब इसकी संभावना कम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। वित्त वर्ष 26 की जुलाई-सितंबर अवधि में अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.2 प्रतिशत रहने के कारण आरबीआई दिसंबर की अपनी मौद्रिक नीति में रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च की ओर से रविवार को दी गई।

एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुछ दिनों पहले दिसंबर की मौद्रिक नीति में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जताई गई थी, लेकिन सितंबर तिमाही में जीडीपी के मजबूत आंकड़े आने के कारण अब इसकी संभावना कम हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों पर स्थिर रुख बनाया जा रहा है। हालांकि, ब्याज दरों में कटौती फैसले अभी भी लिए जा रहे हैं, लेकिन इनकी संख्या पहले के मुकाबले काफी कम हो गई है। वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजार तर्कहीन प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि तुलनात्मक रूप से निफ्टी 500 बेहतर स्थिति में दिख रहा है।

दिसंबर के पहले सप्ताह में मौद्रिक नीति समिति की बैठक से पहले जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय बैंक को नीतिगत क्षेत्र के बाहर सकारात्मक कार्रवाई जारी रखनी होगी। बाजार की धारणा को बदलना भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकारी बॉन्ड बाजार तेजी से अव्यवस्थित हो रहा है। ओवरनाइट रेपो दर और 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड यील्ड के बीच का अंतर 40-50 बीपीएस से बढ़कर 100-110 बीपीएस हो गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बिना किसी दर कटौती के व्यापक आधार पर विकास के लिए एक न्यूट्रल रीजम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जजों के बदलने से बदल जाते हैं फैसले जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने एक गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के फैसलों पर केवल इसलिए दोबारा विचार नहीं करना चाहिए कि उन फैसलों को लिखने वाले जज बदल गए हैं। यह टिप्पणी उन्होंने उन मामलों के संदर्भ में की जहां बाद की बेंचों द्वारा पुराने फैसलों को पलटने की प्रथा बढ़ रही है। हरियाणा के सोनीपत में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन में बोलते हुए, जस्टिस नागरत्ना ने न्यायिक स्वतंत्रता की विकसित समझ पर जोर दिया।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता की विकसित समझ के लिए यह हमारे कानूनों की प्रणाली द्वारा आश्वासन जरूरी है कि एक बार दिया गया फैसला समय के साथ टिका रहेगा, क्योंकि यह स्याही से लिखा गया है, रेत से नहीं।' उन्होंने कहा कि कानूनी बिरादरी और शासन ढांचे में शामिल सभी प्रतिभागियों का यह कर्तव्य है कि वे एक फैसले का उसके मूल रूप में सम्मान करें, आपत्ति केवल कानून में निहित परंपराओं के अनुसार उठाएं और केवल इसलिए उसे बाहर फेंकने का प्रयास न करें क्योंकि चेहरे बदल गए हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायपालिका देश के शासन के लिए एक अभिन्न संस्था है और आज न्यायपालिका को नियमों के उल्लंघन होने पर कानून के शासन को सुनिश्चित करने का कर्तव्य निभाना है।

न्यायिक स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए उन्होंने जजों के निजी आचरण की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक जज का व्यवहार संदेह से परे माना जाना चाहिए और राजनीतिक अलगाव एक निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली के लिए आवश्यक है। न्यायिक स्वतंत्रता न केवल जजों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तमिलनाडु में भीषण बस हादसा, 12 लोगों की मौत, 40 से अधिक घायल

शिवगंगा (आईएएनएस)। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। कुंगमगुड़ी के पास दो बसें आमने-सामने टकरा गईं और टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में मौके पर ही 12 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए। कई यात्री बस में फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना रविवार शाम तब हुई, जब दोनों बसें एक संकरी सड़क पर विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। अचानक दोनों बसों की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास के लोग तेज आवाज सुनकर दौड़कर मौके पर पहुंचे और खिड़कियां एवं दरवाजे तोड़कर घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। कुछ यात्री बेहोश पड़े थे, कुछ दर्द से चिल्ला रहे थे, और पूरा माहौल बेहद दर्दनाक था। पुलिस के मुताबिक, यह साफ नहीं है कि हादसा ओवरस्पीडिंग, कम दृश्यता या ड्राइवर की थकान की वजह से हुआ, लेकिन शुरुआती संकेत इन्हीं कारणों की ओर इशारा करते हैं। घायलों को तुरंत शिवगंगा और कराईकुडी के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कई यात्रियों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। कई लोगों को फ्रैक्चर, सिर में चोट और गंभीर चोटें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

65 लाख के 27 इनामी सहित 37 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को 65 लाख रुपए के कुल 27 इनामी सहित 37 हार्डकोर नक्सलियों ने हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। सभी ने डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में अधिकारियों के सामने औपचारिक आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित कैडरों में चार 8 लाख, एक 5 लाख, और कई 2 लाख व 1 लाख के इनामी शामिल हैं। इनमें कंपनी नंबर-6, कंपनी नंबर-10, प्लाटून-16, आमदई एरिया कमेटी और इंद्रावती एरिया कमेटी जैसे कोर नक्सली ढांचे के सक्रिय सदस्य हैं। कुछ महिलाएं भी हैं, जो एसजीसीएम कमलेश की बॉडीगार्ड और डीवीसीएम निर्मला की गार्ड रह चुकी हैं। इन आतंकियों पर 2019-2024 के बीच कई बड़ी वारदातें दर्ज हैं। इनमें 2020 में मिनपा में टीसीओसी टीम पर हमला (26 जवान शहीद, 20 घायल, हथियार लूट), 2024 में गोबेल-थुलथुली जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग और सड़कें खोदना, पेड़ गिराना, बंद सप्ताह में बैनर-पोस्टर लगाना शामिल हैं। आत्मसमर्पण समारोह में डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ राकेश चौधरी, एसपी दंतेवाड़ा गौरव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संसद के शीतकालीन सत्र में 13 महत्वपूर्ण बिलों पर होगी चर्चा

■ शिक्षा और कर सुधारों पर रहेगा जोर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद का शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार से हो रही है, जिसमें 18वीं लोकसभा का छठा और राज्यसभा का 269वां सत्र शामिल है। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें कुल 15 बैठकें होंगी। सत्र में विधायी और वित्तीय कार्यों पर फोकस रहेगा। सरकार सुधारों को बढ़ावा देने के लिए 13 बिल पेश करेगी, जिनमें परमाणु ऊर्जा, वित्तीय बाजार, शिक्षा और कर सुधार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। सत्र की शुरुआत में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स ने राज्यसभा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडग़े के कार्यालय में बैठक बुलाई है। सदन में विपक्ष विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर बहस की मांग कर सकता है, जिससे सत्र में हंगामा हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्रालय के बुलेटिन के मुताबिक विधायी कार्यों में 13 बिल शामिल हैं।

1. जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) बिल, 2025: यह बिल 17 केंद्रीय कानूनों में छोटे अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने और दंडों को तर्कसंगत बनाने का प्रयास करेगा। पहले अपराध पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज से मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक पारदर्शिता और समयपालन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने 1 दिसंबर 2025 से मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 1 दिसंबर 2025 से आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से ही अवर सचिव और उनसे वरिष्ठ समस्त अधिकारियों का कार्यालय में उपस्थित होने और कार्यालय पश्चात वापस जाने के समय उपस्थिति दर्ज की जाए।

गरमा-गरम

'मन की बात' | द्वितीय विश्व युद्ध से गीता महोत्सव तक

पीएम ने देश की शांति-करुणा परंपरा को किया याद

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने महाभारत से लेकर द्वितीय विश्व युद्ध तक का जिक्र किया। उन्होंने पिछले दिनों अपनी कुरुक्षेत्र यात्रा, सऊदी में सार्वजनिक मंच से हुई गीता की प्रस्तुति और महाराजा दिग्विजय सिंह के महान कार्यों के बारे में भी बताया।

पीएम मोदी ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे डिजिटल तकनीक के द्वारा थ्रीडी, लाइट एंड साउंड शो और डिजिटल तकनीक को दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा, हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध हुआ था, ये हम सभी जानते हैं, लेकिन युद्ध के इस अनुभव को आप वहां महाभारत अनुभव केंद्र में भी साक्षात महसूस कर सकते हैं। इस अनुभव केंद्र में महाभारत की गाथा को थ्रीडी, लाइट एंड साउंड शो और डिजिटल तकनीक से दिखाया जा रहा है। 25 नवंबर को जब मैं कुरुक्षेत्र गया था तो इस अनुभव केंद्र के अनुभव ने मुझे आनंद से भर दिया था।

पीएम मोदी ने पिछले दिनों कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने पर खुद को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा, कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना भी मेरे लिए बहुत विशेष रहा। मैं ये देखकर बहुत प्रभावित हुआ कि कैसे दुनियाभर के लोग दिव्य ग्रंथ गीता से प्रेरित हो रहे हैं। इस महोत्सव में यूरोप और सेंट्रल एशिया सहित विश्व के कई देशों के लोगों की भागीदारी रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस महीने की शुरुआत में सऊदी अरब में पहली बार किसी सार्वजनिक मंच पर गीता की प्रस्तुति की गई है। यूरोप के लातविया में भी एक यादगार गीता महोत्सव आयोजित किया गया। इस महोत्सव में लातविया, एस्टोनिया, लिथुआनिया और अल्जीरिया के कलाकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया

■ पहले वनडे में विराट कोहली का शतक; कुलदीप ने 4, हर्षित ने 3 विकेट लिए

रांची (वार्ता)। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। रविवार को रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के शतक और रोहित शर्मा तथा केएल राहुल के अर्धशतकों की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 349 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। मेहमानों की तरफ से मैथ्यू ब्रीत्जके (72), मार्को यानसेन (70) और कॉर्बिन बॉश (67) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए जबकि हर्षित राणा ने तीन सफलताएं हासिल कीं। इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लंका में खुला कैंप, ग्रामीणों को गांव के विकास की जागी उम्मीद

माड़ बचाव अभियान के अन्तर्गत थाना ओरछा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लंका में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप।

बेदरे (जिला बीजापुर) की सीमा और इंद्रावती नदी के किनारे स्थित है लंका।

नारायणपुर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने हेतु क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओ'' अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में थाना ओरछा के ग्राम लंका क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं ओरछा-आदेर-लंका एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से आज दिनांक 28-11-2025 को नारायणपुर पुलिस ने घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम लंका में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। ग्राम लंका में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प लंका थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत स्थित है तथा जिला मुख्यालय नारायणपुर से 130 किलोमीटर थाना ओरछा से 65 किलोमीटर, आदेर से 36किलोमीटर, कुड़मेल से 21किलोमीटर, जाटलूर से 20किलोमीटेर, डोडीमरका से 12किलोमीटर और पदमेटा से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

लंका में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास क्षेत्र अंगमेटा कुमरमेटा, कवंडे, पुसलंका, बुरी, जपमरका और लंका में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। अब क्षेत्र में सुरक्षा के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित नक्सलियों के आश्रयस्थल कोडलियर, बेडमाकोटी, पदमकोट, कान्दुलपार, नेलांगूर, पांगूड, रायनार, एडजुम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा और लंका में कैम्प खोली है।

नारायणपुर पुलिस, डीआरजी और आईटीबीपी 44वीं बटालियन ने खोला लंका में जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प

पी. सुन्दराज पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, अमित कांबले (भा.पु.से.) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, रोबिनसन गुरिया पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, आईटीबीपी 44वी वाहिनी कमांडेंट मुकेश कुमार दसमाना, आईटीबीपी 44वीं वाहिनी टू-आईसी पीपी सिद्दकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अक्षय सबद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, उप पुलिस अधीक्षक अविनाश कंवर, उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप बंजारे और उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में नवीन कैम्प स्थापना में नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं आईटीबीपी 27वीं वाहिनी, 38वीं वाहिनी, 40वीं वाहिनी और 44वीं वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बांकीमोगरा पुलिस ने कसा कबाड़ गिरोह पर शिकंजा

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने अर्ध रात्रि एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले सक्रिय कबाड़ गिरोह का खुलासा किया है।

बताया जा रहा हैं की पुलिस को एक संदिग्ध वाहन के आवाजाही की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर तत्काल घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस टीम हतप्रभ रह गई। वाहन में रेलवे ट्रैक के कई बड़े-बड़े टुकड़े, गैस कटर, सिलेंडर और कटिंग उपकरण बरामद हुए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सुनसान इलाकों में रेलवे लाइन को काटकर कबाड़ी बाजार में मोटी कीमत पर बेचने की फिराक में था। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि रेलवे ट्रैक तक काट डाले गए और रेलवे विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह घटना सुरक्षा व्यवस्था और रेलवे की निगरानी प्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। रेलवे ट्रैक काटने जैसी कार्यवाही न केवल सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती है, बल्कि यात्रियों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन सकती है। पुलिस ने मौके से मिले आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

शुरुआती जानकारी के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि इस अवैध कारोबार में कई और लोग भी शामिल हो सकते हैं।

सपरिवार पीएम मोदी से मिले सीएम साय

■ तीन पीढ़ियों को एक साथ मुलाकात का मिला सौभाग्य, हमारे लिए भावुक पल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय और परिवारजनों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने साय परिवार के साथ समय बिताया और हालचाल जान सकारात्मक चर्चा भी की। वहीं इस बीच पीएम मोदी सीएम साय की नातिन को स्नेह करते हुए नजर आए। इस अवसर को सीएम साय ने ट्वीट कर बेहद भावुक करने वाला पल बताया है।

प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर मुलाकात की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- सत्पुरुषसंसर्गो हि कृतार्थयति जीवनम्। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की हमारे परिवारजनों से हुई मुलाकात जीवन भर याद रहने वाला प्रेरक अनुभव है। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच जिस आत्मीयता से मोदीजी ने सबका हाल-चाल पूछा, बच्चों से सहज होकर बात की और आशीर्वाद दिया, वह अविस्मरणीय है।

हमारे लिए भावुक पल : सीएम साय

प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ उनके सान्निध्य में बैठने का अवसर मिला, यह हमारे लिए भावुक कर देने वाला क्षण था। इस गरिमामय और आत्मीय भेंट के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

डंगोरा डेम में ट्रेकिंग-कैंपिंग रुट तैयार, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर डंगोरा डैम क्षेत्र में NGO इकोवीरा इंडिया द्वारा चिन्हांकित किए ट्रेक रूट और व्यू पॉइंट का निरीक्षण 29 नवंबर 2025 को किया गया। यहाँ 3 किमी लंबा ट्रेक रूट तैयार किया गया है। टीम ने अब तक चार बार व्यू पॉइंट पर नाइट स्टे व कैंपिंग भी की जा चुकी है। इसी कार्य को देखते हुए निरीक्षण के लिए सुबह 9 बजे राजनांदगांव जिले के डीएफ़ओ आयुष जैन स्थल पर पहुँचे। उनके साथ डोंगरगढ़ एसडीएम एम. भार्गव, एसडीओ पूर्णिमा राजपूत, राजनांदगांव रनर्स ग्रुप्स से गौरव पारीख और राहुल बोरा सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही। डेम के किनारे-किनारे ट्रेक करते हुए अधिकारियों ने प्राकृतिक जंगल और इलाके की खूबसूरती को नजदीक से महसूस किया। स्थल निरीक्षण के दौरान ट्रेक रूट, सुरक्षा, एडवेंचर गतिविधियों की संभावनाओं और क्षेत्र को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने पर सार्थक चर्चा हुई। इकोवीरा इंडिया के निदेशक प्रमेश विजयवार ने वन विभाग और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, डंगोरा-मैकल श्रेणी में ट्रेकिंग, कैंपिंग और वाटर-आधारित गतिविधियों की अपार संभावनाएँ हैं।

सख्त मॉनिटरिंग का असर : धमतरी में धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार

■ कोचियों और अवैध भंडारण पर नकेल से किसानों में खुशी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में धान खरीदी पूरी पारदर्शिता, सुगमता और मजबूत प्रशासनिक निगरानी के साथ सुचारू रूप से जारी है। जिले की 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित 100 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1,27,851 किसानों द्वारा 1,19,541.09 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है, जिनमें

76,046 सीमांत, 49,493 लघु और 2,312 दीर्घ किसान शामिल हैं। 15 से 28 नवम्बर 2025 के बीच 17,580 किसानों से 81,704.52 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। खरीदी गई उपज का कुल मूल्य 193.86 करोड़ रुपये है, जिसका निर्वहन प्रतिदिन नियमित रूप से किसानों के खातों में किया जा रहा है। जिले ने खरीदी व्यवस्था को मजबूत करने प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अधिकारी हर सप्ताह स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और किसानों के अनुकूल रहे। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर रोक के लिए राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता और मंडी विभाग का संयुक्त उड़नदस्ता दल सक्रिय है। उड़ीसा सीमा से सटे बोराई (घुटकेल), बांसपानी, बनरौद और सांकरा चेकपोस्ट पर 24म7 निगरानी की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं को आज से मिलेगी 200 यूनिट हाफ बिजली का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ दिनों पहले 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना की घोषणा की थी। जो 1 दिसंबर से लागू हो जाएगा। इससे लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अब 200 यूनिट पर 800-900 रुपए तक आने वाला बिल अब 420 से 435 रुपए तक आ सकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र के समापन पर इसका ऐलान किया। सीएम ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 1 दिसंबर से नई योजना लागू होगी। योजना के तहत 400 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक हाफ बिजली का लाभ मिलेगा। इससे 45 लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित होंगे। 4 महीने पहले यानी 1 अगस्त 2025 को सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना पर बड़ा बदलाव किया था। भूपेश सरकार के समय लागू 400 यूनिट की सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया था। इस बदलाव का असर सीधे-सीधे लाखों परिवारों पर पड़ा था।

जमीन के लिए खूनी संघर्ष, दो परिवारों में मारपीट, दोनों पक्षों के कई लोग घायल

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर सुबह-सुबह दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बगीचा एसडीएम, थाना प्राभारी अपने थाना स्टाफके साथ मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9 बजे वार्ड क्रमांक 5 भठ्ठीकोना में आदिवासी नगेशिया परिवार और यादव परिवार के बीच जमीन कब्जे को

लेकर जमकर विवाद हुआ। धीरे-धीरे विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

पीड़ित नगेशिया परिवार के सजन राम का कहना है कि, मेरे जमीन पर यादव परिवार लोग बलपूर्वक कब्जा कर रखे है। जिसकी शिकायत मैंने राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को दिया था। सुबह झांपीदहरा से यादव परिवार टांगी, लाठी डण्डे लेकर पहुंचे और हम लोगो के ऊपर जानलेवा हमला कर दिए। जिसमें मेरे बेटे और पत्नी के सिर में गम्भीर चोट आई है। मुझे और मेरे गांव से बीच बचाव करने आए ग्रामीणों को भी मारपीट किए है, जिसमे हम लोगो को भी चोट लगा है। फिलहाल, बगीचा पुलिस मौके पर पहुँच जांच में जुट गई है और दोनों पक्षो का बयान लेकर कार्यवाही में जुट गई है। वहीं सीतापुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां जमीन विवाद पर पड़ोसियों ने मिलकर पति-पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया।

जर्जर रपटा पुल से दूरी के साथ-साथ बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

तखतपुर। तखतपुर क्षेत्र में दो जिलों के बीच में 15 से 20 गांव को जोड़ने करीब 20 वर्ष पहले बनाए गए रबेली पंचधार रपटा पुल की बदहाली हादसे को दावत दे रही है. सात वर्ष पहले आई विनाशकारी बाढ़ में यह पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन इसके बाद भी अब तक मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुल की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है. जगह-जगह मिट्टी धंस चुकी है, कांक्रीट टूटकर बाहर आ चुका है, और कई हिस्सों में लोहे की सरिया तक दिखाई देने लगी है. इसके बावजूद लोग रोजमर्रा की जरूरतों, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और बाज़ार जाने के लिए इस जर्जर पुल पर से ही गुजरने को मजबूर हैं.

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि हम रोज़ जान हथेली पर लेकर इस पुल को पार करते हैं. विकल्प न होने के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इसी टूटे पुल पर चलने को

क्षतिग्रस्त होने के 7 साल बाद भी अब तक नहीं हुआ सुधार

मजबूर हैं. प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन जांच और प्रस्ताव की प्रक्रिया में सालों से मामला अटका हुआ है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बरसात के दौरान स्थिति और खतरनाक हो जाती है. फिसलन बढ़ने से कई बार लोग गिर चुके हैं, और दोपहिया वाहन फंसने की घटनाएँ भी सामने आई हैं. स्थानीय प्रतिनिधियों ने पुल की मरम्मत या नवनिर्माण के लिए शासन और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में पुल पार करना जान जोखिम में डालने जैसा हो जाता है. कई बार हादसे होते-होते बचे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है. ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पुल की जल्द मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन बहाल करने की मांग की है।

जर्जर पुल ने बढ़ाई दूरी और परेशानी

लोरमी से बिलासपुर पहुंचने का सबसे कम दूरी वाला एकमात्र रास्ता इसी रपटा पुल से होकर गुजरता था। लेकिन पुल की जर्जर हालत के कारण अब ग्रामीणों को मजबूरन अधिक दूरी वाले वैकल्पिक मार्ग से सफर करना पड़ रहा है. क्षतिग्रस्त पुल के कारण न केवल समय और धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि रोजमर्रा का आवागमन भी काफी कठिन हो गया है।

7 साल से मरम्मत का इंतजार

रबेली पंचधार मार्ग का रपटा पुल सात वर्ष पहले आई बाढ़ में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था. पुल की जर्जर स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है. मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने सुनी 'मन की बात', बोले- नवंबर का महीना प्रदेश के लिए खास रहा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 128वी कड़ी आज 11 बजे प्रसारित की गई। प्रधानमंत्री मोदी रायपुर में होते हुए इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। पश्चिम विधानसभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें बूथ लेवल से लेकर जिला लेवल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम के बाद कहा कि हम लोगों का सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ में ही वह मौजूद है।

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ आकर दी कई सौगातें ङ्क सीएम साय -आज यहां पर रायपुर पश्चिम विधानसभा में भव्य आयोजन है।जिसमें हमारे प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष मंत्रीगण निगम मंडल के संगठन के तमाम वर्ष नेता मौजूद थे। सब की उपस्थिति में हम मन की बात सुने हैं सबको उत्साह रहता है।

सीएम साय ने पीएम मोदी द्वारा दी गई सौगातों को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री एक अभिभावक के भांति 140 करोड़ जनता से जोड़ते हैं। नवाचार के मुद्दे पर बात करते हैं उनसे प्रेरणा भी मिलती है।। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सभी से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की भी अपील की है। इस महीने छग का स्थापना दिवस रहा। जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री हमारे बीच थे।

राज्योत्सव के समापन में उपराष्ट्रपति का आगमन हुआ। जनजाति गौरव दिवस में राष्ट्रपति का आगमन हुआ और अब डीजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्री गृह मंत्री शामिल हुए हैं। तमाम डीजीपी आईजी और केंद्रीय सुरक्षा बल की वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बेहद खास यह महीना हमारे लिए था।

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ आकर दी कई सौगातें - सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। आज यहां पर रायपुर पश्चिम विधानसभा में भव्य आयोजन है।जिसमें हमारे प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष मंत्रीगण निगम मंडल के संगठन के तमाम वर्ष नेता मौजूद थे। सब की उपस्थिति में हम मन की बात सुने हैं सबको उत्साह रहता है। सीएम साय ने पीएम मोदी द्वारा दी गई सौगातों को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री एक अभिभावक के भांति 140 करोड़ जनता से जोड़ते हैं। नवाचार के मुद्दे पर बात करते हैं उनसे प्रेरणा भी मिलती है।। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सभी से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की भी अपील की है। इस महीने छग का स्थापना दिवस रहा। जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री हमारे बीच थे।

राज्योत्सव के समापन में उपराष्ट्रपति का आगमन हुआ। जनजाति गौरव दिवस में राष्ट्रपति का आगमन हुआ और अब डीजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्री गृह मंत्री शामिल हुए हैं। तमाम डीजीपी आईजी और केंद्रीय सुरक्षा बल की वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बेहद खास यह महीना हमारे लिए था।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात'

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास में वरिष्ठ नागरिकों और समाज प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुनकर इसे अत्यंत प्रेरणादायी बताया।शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों का उल्लेख प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरक है। प्रधानमंत्री ने खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी,शहद प्रसंस्करण की उन्नत विधियां एवं उत्पादन वृद्धि, नौसेना सशक्तिकरण और नेवल म्यूज़ियम,नेचर फॉर्मिंग का महत्व, सऊदी अरब में पहली बार सार्वजनिक मंच पर गीता वाचन, लातविया व अन्य देशों में भव्य गीता महोत्सव, जैसे विषयों पर देश को गौरवान्वित करने वाली महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

एनआरडीए में उप अभियंता के 21 पदों के लिए आवेदन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) के पदों के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राधिकरण में उप अभियंता के 21 पदों की भर्ती की जानी है। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट से 23 दिसंबर शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। परीक्षा 8 फरवरी 2026 को संभावित है।परीक्षा रायपुर और बिलासपुर में ही होंगे। आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या 3 वर्षीय डिप्लोमा होना आवश्यक है।

दिसंबर माह में यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। दिसंबर माह में यात्रियों को स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिलने जा रही है। बिलासपुर- येलहंका (बेंगलुरु) के लिए दिसंबर माह में स्पेशल ट्रेन चलेगी। इससे यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। भाटापारा, रायपुर, दुर्ग सहित अन्य स्टेशनों पर इस ट्रेन के ठहराव की व्यवस्था रहेगी।

इस बीच मंडल रेल प्रबंधक सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा।

अब जूनियर डॉक्टर मरीज के लिए सीधे सिटी स्कैन की नहीं बनाएंगे पर्ची

■ यूनिट इंचार्ज के हस्ताक्षर होंगे जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ। बीआर अम्बेडकर अस्पताल में मरीजों की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए अब जूनियर डॉक्टर सीधे पर्ची नहीं बनाएंगे। यूनिट इंचार्ज कंसल्टेंट के हस्ताक्षर के बाद ही मरीज की सोनोग्राफी और सीटी स्कैन जांच होगी। वहीं अब मरीजों को सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। मरीज की जांच उसी दिन होगी।

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल अम्बेडकर अस्पताल में जांच सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में काम चल रहा है। व्यवस्था में सुधार की दिशा में पहला कदम रेडियोलॉजी विभाग में उठाया गया है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए 15 से 20 दिन इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब इंतजार खत्म हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में अब ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि मरीज की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच उसी दिन होगी। इससे मरीजों को जांच के लिए परेशान नहीं होना होगा। जानकारी के मुताबिक पिछले सप्ताहभर से सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई की वेटिंग काफी कम हो गई है। सोनोग्राफी भी उसी दिन होने लगी है। शुक्रवार को 256 सोनोग्राफी हुई, जो कुछ दिनों पहले तक 130-135 होती थी। वर्तमान में सीटी स्कैन, एमआरआई जांच के लिए 15 दिसंबर तक की वेटिंग दी गई है। अस्पताल प्रबंधन की मानें तो 16 दिसंबर से रेडियोलॉजी विभाग में किसी तरह की वेटिंग नहीं होगी।

इसके अलावा मशीनों के लिए आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्थाएं भी तत्काल की जा रही है ताकि मरीजों को परेशान नहीं होना पड़े। दूसरी ओर, मरीजों की स्थिति के अनुसार ही सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की जाएगी। अब तक देखने में आ रहा था कि ओपीडी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को जूनियर डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक रूप से सीटी स्कैन की पर्ची बनाई जा रही है। इसके कारण ही सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच हेतु वेटिंग बढ़ रही थी। 10-15 दिन तक की वेटिंग लगती थी। अब व्यवस्था बदल जाएगी।

सिटी स्कैन के लिए यूनिट इंचार्ज के हस्ताक्षर जरूरी: अधीक्षक

डॉ। बीआर अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ। संतोष सोनकर ने कहा कि जूनियर डॉक्टर सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए सीधे पर्ची नहीं बना पाएंगे। पर्ची बनाने के लिए यूनिट इंचार्ज कंसल्टेंट के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई की वेटिंग धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अब उसी दिन मरीज की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच होगी। इससे मरीजों को जांच के लिए इंतजार नहीं करना होगा।

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां तेज, 5 किमी के दायरे में होंगे केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड एग्जाम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेशभर के डीईओ को पत्र लिखकर परीक्षा केंद्र के संबंध में जरुरी गाइडलाइन जारी किया है। पांच किलोमीटर के दायरे में ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां तेज, पांच किमी के दायरे में होंगे केंद्र-अगर कोई स्कूल दो या फिर तीन मंजिल की है, 10वीं-12वीं के परीक्षार्थियों के लिए ग्राउंड फ्लोर में एग्जाम सेंटर बनाए जाएंगे। वहीं नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है।

माशिमं ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर परीक्षा केंद्रों के निर्धारण और आवश्यक संसाधनों के संबंध में विस्तृत गाइडलाइन जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों से बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों की दूरी और उपलब्ध संसाधनों का विस्तृत ब्यौरा तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी खास जोर दिया गया है। माशिमं ने कहा है कि बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों।

माशिमं ने जारी किया निर्देश

जिन स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाना है, वहां विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई और पेयजल की स्थिति की जानकारी भी मांगी गई है। इसकेसाथ ही केंद्रों में उपलब्ध स्टाफ, कक्षों की संख्या, औसत बैठक क्षमता, फर्नीचर की स्थिति और परीक्षा हाल की क्षमता की विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

मंडल का कहना है कि समय पर और सटीक जानकारी मिलने से परीक्षा केंद्रों का निर्धारण सुगमता से हो सकेगा।

हेल्थ इंश्योरेंस का क्लेम नहीं देना पड़ा भारी, 10 लाख चुकाने का दिया आदेश

उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी के लिए सुनाया फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी होने के बावजूद इलाज का खर्च नहीं चुकाना कंपनी को भारी पड़ गया। बीमा कंपनी को उपभोक्ता आयोग से बड़ा झटका लगा है। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पीड़ित की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है।

आयोग ने शहर निवासी अशोक पागरिया की याचिका पर फैसला सुनाते हुए ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को 10 लाख रुपये छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही मानसिक पीड़ा के लिए 25 हजार अलग से देने के निर्देश दिए हैं।

यह है पूरा मामला-परिवादी पागरिया वर्ष 2014 से ओरिएंटल इंश्योरेंस की हेल्थ पॉलिसी ले रहे थे और हर वर्ष नवीनीकरण भी कराते रहे। समय के साथ कवरेज बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया था। 21 नवंबर 2018 को अचानक तबीयत बिगड़ने पर पहले उन्हें एमएमआइ अस्पताल में भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मुंबई के बांबे हास्पिटल रेफर किया गया, जहां बाईपास सर्जरी करनी पड़ी। इलाज पर लगभग 12 लाख रुपये खर्च हुए।

बीमा कंपनी ने क्लेम देने से किया इनकार -दावा पेश करने पर बीमा कंपनी ने बीमारी की प्रकृति और पालिसी की शर्तों का हवाला देते हुए क्लेम देने से साफमना कर दिया। इससे परेशान होकर परिवादी ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के अध्यक्ष डकेश्वर प्रसाद शर्मा, सदस्य निरुपमा प्रधान और अनिल अग्निहोत्री की पीठ ने यह माना कि बीमा कंपनी ने सेवा में गंभीर कमी बरती है।

विवादों में 125 साल पुराने गोलबाजार का मालिकाना हक, भंवर में 960 दुकानदारों का भविष्य

रायपुर/नवप्रदेश। 125 साल पुराने गोलबाजार में किराएदारों को मालिकाना हक देने की योजना अब विवादों और प्रशासनिक उलझनों में फंसकर लगभग ठप हो गई है। वर्ष 2020 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में 960 दुकानदारों को स्थायी समाधान देने का लक्ष्य था। लेकिन गाइडलाइन दरों में अंतर, विकास शुल्क की ऊंची मांग, दुकानों की चौहद्दी निर्धारण में लगातार आ रही आपत्तियां और दस्तावेजी प्रक्रिया की धीमी रफ्तार ने इसे पटरी से उतार दिया।

चार साल बीतने के बावजूद केवल 15 रजिस्ट्री-चार साल बीतने के बावजूद केवल 15 रजिस्ट्री होना इस योजना की विफलता का सबसे बड़ा संकेत है।

गाइडलाइन दरें बनीं रुकावट

मालिकाना हक योजना में सबसे महत्वपूर्ण विवाद गाइडलाइन दरों को लेकर सामने आया। मुख्य सड़क से लगी दुकानों की गाइडलाइन दर 1.50 लाख रुपये प्रति वर्गमीटर रखी गई, जबकि बाजार के भीतर स्थित दुकानों की दर 90 हजार प्रति वर्गमीटर तय की गई। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकी, पहुंच, पार्किंग और व्यावसायिक उपयोगिता में बड़ा अंतर होने के बावजूद दरें लगभग समान असर पैदा करती हैं, जो अव्यावहारिक है। जिन 480 दुकानों पर यह दर लागू हुई, उनमें से अधिकांश दुकानदारों ने आपत्ति दर्ज कराई।

विकास शुल्क और दस्तावेजी प्रक्रिया से बढ़ी परेशानी

योजना में दुकानदारों को विकास शुल्क भी देना था, जो कई मामलों में लाखों रुपये तक पहुंच गया। व्यापारियों ने इसे अनुचित बताते हुए रियायत की मांग की, जबकि नगर निगम और राजस्व विभाग के बीच शुल्क निर्धारण को लेकर तालमेल न होने से प्रक्रिया अटक गई। इसके अलावा दुकानों की चौहद्दी नापजोख, पुराने दस्तावेजों की पुष्टि, संपत्ति कर रिकार्ड का मिलान और वास्तविक कब्जे की जांच जैसी प्रक्रियाओं ने दुकानदारों को महीनों तक चक्कर कटवाए। कई दुकानदारों ने इसे बिना तैयारी शुरू किया गया प्रोजेक्ट बताकर विरोध दर्ज कराया था।

जिला अध्यक्षों की सूची जारी होने के बाद कांग्रेस में कलह!

■ महासमुंद जिलाध्यक्ष का इस्तीफा, धोखा देने का लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी होने के बाद कांग्रेस में आपसी कलह सामने आ गई है। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के महासमुंद जिला अध्यक्ष जफर उल्ला खान ने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कि हजारों कार्यकर्ताओं में काफी जोश था। लेकिन नतीजा कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप नहीं था।

'कार्यकर्ताओं की भावनाओं के साथ धोखा हुआ'

जफर उल्ला खान ने अपने लेटर में लिखा, 'कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति-रीति से हमेशा प्रभावित रहा हूं। लेकिन लगातार ऐसे निर्णय जिससे कहीं भी पार्टी की नीति-रीति का ख्याल नहीं रखा गया है। संगठन सृजन अभियान के तहत जिले भर के कार्यकर्ताओं से राय-मशवरे लिए गए। कार्यकर्ताओं में बड़ा जोश था लेकिन नतीजा कार्यकर्ताओं के अनुरूप ना आ सका। हजारों कार्यकर्ताओं की भावनाओं के साथ सीधा धोखा हुआ है।'

'सदस्य के रूप में अपना दायित्व निभाता रहूंगा'-पार्टी के फैसले पर सवाल उठाते हुए जफर उल्ला खान ने कहा, 'पार्टी की नीति-रीति को गहरी चोट लगी है, जो कि मुझ जैसे कार्यकर्ता और कांग्रेस की नीति-रीति से प्रभावित हजारों कार्यकर्ताओं के बर्ताव के बाहर है। यही कारण है कि मैं महासमुंद जिला कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा देता हूं। मेरा इस्तीफा स्वीकार करें। कांग्रेस पार्टी के सदस्य के रूप में अपना दायित्व और अपना फर्ज निभाता रहूंगा।

द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया महासमुंद का जिलाध्यक्ष

शुक्रवार देर रात कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी की। महासमुंद में पार्टी ने द्वारिकाधीश यादव को जिलाध्यक्ष बनाया है। वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की लिस्ट जारी करने के बाद एक बार फिर पार्टी के अंदर की कलह सामने आ गई है।

पनवेल से आई मिट्टी से बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की पिच

मैच के लिए तैयार रायपुर स्टेडियम

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी का शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तीन दिसंबर को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हो रहा है। स्टेडियम में तैयारियों को युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मैदान की घास से लेकर पिच निर्माण तक हर कार्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि दर्शकों को रोमांच से भरा क्रिकेट देखने को मिल सके।

पिच की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए महाराष्ट्र के पनवेल, मुंबई से विशेष मिट्टी मंगाई गई है। कुल 12 ट्रकों में यह मिट्टी रायपुर पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार पनवेल की मिट्टी से बनी पिच अधिक मजबूत होती है और उस पर उछाल बेहतर मिलता है। इससे बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को संतुलित खेल का मौका मिलता है। इसी कारण इसे अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपयुक्त माना जाता है।

चार पिच हो रही तैयार

स्टेडियम में कुल चार पिच बनाई जा रही हैं, दो टेस्ट मैचों के लिए और दो फाइनल मुकाबलों के लिए। इनमें से एक पिच वनडे मैच के लिए पूरी तरह तैयार कर ली गई है, जबकि अन्य पर अंतिम चरण का काम जारी है। ग्राउंड स्टॉफ सुबह से देर शाम तक रोलिंग, नमी नियंत्रण और समतलीकरण का काम कर रहा है।क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि तैयार पिच बल्लेबाजों को रन बनाने का अवसर देगी, वहीं नई गेंद पर तेज़ गेंदबाजों को भी पर्याप्त उछाल मिलेगा। इससे मैच के बेहद रोमांचक होने के आसार बढ़ गए हैं। पर्व से कम नहीं दर्शकों की सुविधा के लिए स्टेडियम प्रबंधन सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और खिलाड़ियों के अभ्यास क्षेत्र को बेहतर बनाने में जुटा है।मैच के दिन स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा, क्योंकि पूरी टिकट सोल्ड आउट हो गया है, यह मुकाबला छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी पर्व से कम नहीं है।

दोनों में विजयी रही भारतीय टीम

गौरतलब है कि शहीद वीर नारायण स्टेडियम भारतीय टीम के लिए लक्की साबित हुआ है। यहां टीम इंडिया ने अब तक दो अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों में विजयी रही है। इस रिकॉर्ड के चलते क्रिकेट प्रशंसकों में तीन दिसंबर के मुकाबले को लेकर उत्साह चरम पर है।

सुविचार

जिनके लफ्जों में हमे अपना अक्स मिलता है, बड़े नसीब से हमें ऐसा कोई शख्स मिलता है। - अज्ञात

कर्नाटक के नाटक का पटाक्षेप

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर वहां के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच जो रस्साकसी चल रही थी। और ट्विटर के जरिए वे दोनों एक दूसरे पर वार और पलटवार कर रहे थे उस पर फिलहाल विराम लग गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो पार्टी हाईकमान की समझाइश के बाद फिलहाल कर्नाटक के सियासी नाटक का पटाक्षेप हो गया है। हाईकमान के निर्देश पर सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार नाश्ते की टेबल पर मिले और दोनों ने इसके बाद संयुक्त पत्रकारवार्ता लेकर कहा की अब उनके बीच कोई मतभेद नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हमारे बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश की गई थी लेकिन अब गलतफहमियां दूर हो गई है और हम दोनों के बीच कोई मतभेद नहीं है। न ही आगे होगा। उन्होंने कहा है कि पार्टी हाईकमान के हर फैसले को हम स्वीकार करेंगे। और अब दो हजार 28 की रणनीति पर मिलकर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे साथ 164 विधायक हैं जबकि भाजपा के पास सिर्फ 40 विधायक हैं ऐसे में यदि वे विधानसभा में उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाती भी है तो उनकी सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। पत्रकारवार्ता में डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक का विकास हमारी प्राथमिकता है और हम अब चुनावी वादों को पूरा करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। इन दोनों नेताओं के बयानों से स्पष्ट है कि पार्टी हाईकमान ने इन्हें अच्छे से समझाइश दी है गौरतलब है कि कर्नाटक में जब कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिला था तो मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच जमकर जोर आजमाइश हुई थी। उस समय पार्टी हाईकमान ने विवाद को सुलझाने के लिए ढाई-ढाई साल वाला फार्मूला लागू किया था। जिसके तहत पहले सिद्धारमैया को ढाई साल के लिए और बाद में ढाई साल के लिए डीके शिवकुमार को कर्नाटक की कमान सौंपे जाने का आश्वासन दिया गया था। इसी माह सिद्धारमैया के ढाई साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। इसलिए डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा ठोंकना शुरू कर दिया था। किन्तु सिद्धारमैया मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली करने के लिए तैयार ही नहीं हुए। इस बीच दो की लड़ाई में तीसरे को फायदा वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अपने बेटे को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाने की ख्वाहिश पाल ली थी। बहरहाल कांग्रेस हाईकमान को आखिरकार इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा और वक्तितौर पर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच संघर्ष विराम हो गया है लेकिन यह सीजफायर कब तक चलेगा इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि डीके शिवकुमार अभी भी मुख्यमंत्री पद की उम्मीद लगाये बैठे हैं। हालांकि कांग्रेस विधायक दल में सिद्धारमैया के समर्थक विधायकों की संख्या ज्यादा है इसलिए डीके शिवकुमार की दाल नहीं गल पा रही है।

छत्तीसगढ़ को फिल्म सिटी की सौगात

छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की बहुप्रतिक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। नया रायपुर में राज्योत्सव स्थल के पास लगभग सौ एकड़ क्षेत्र में चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनाने की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए केन्द्र सरकार डेढ़ सौ करोड़ रूपये की राशि देगी। राज्य सरकार ने फिल्म सिटी बनाने के लिए स्थल चयन करने के साथ ही फिल्म सिटी निर्माण के लिए टेंडर भी फाइनल कर लिया है। जिसमें मुंबई की एक कंपनी ढाई सौ करोड़ रूपये का निवेश करेगी। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को फिल्म सिटी की सौगात मिलने से छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं को भारी सुविधा मिलेगी। इस प्रस्तावित फिल्म सिटी में फिल्म निर्माण और सूटिंग के लिए आवश्यक तमामा सुविधाएं सुलभ की जाएंगी। तालाब, उद्यान, नदी और पर्वत सहित अन्य लोकेशन विकसित किये जाएंगे इसके अलावा सभी सुविधाओं से लैस स्टूडियो भी बनाये जाएंगे। छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी के बन जाने से सिर्फ छत्तीसगढ़ी फिल्मों को ही नहीं बल्कि नाटकों और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि नया रायपुर में फिल्म सिटी का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करा लिया जाएगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ किसी वस्तु के कारण हम पूर्ण होंगे यही अधूरापन है हमारा, किसी व्यक्ति के होने के कारण मैं पूर्ण होऊंगा यही तुम्हारे विवेक का अधूरापन है क्योंकि परमात्मा ने तुम्हें पूर्ण ही बनाया। तुम पूर्ण ही हो।

❖ आत्मज्ञान के लिए जरूरी कि, शास्त्र सम्मत महापुरुष के अनुभव युक्त जो वचन हैं वो निरंतर गंगा की धारा की तरह प्रभावित रहते हैं, उसमें डुबे बगैर आत्मज्ञान का मोती प्राप्त होना असंभव है।

❖ एक ही पथ है दृढ़ता, निष्ठा, पूर्णरूपेण मेरी भक्ति में कहीं आंच न आवे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1750 मैरीलैंड में मैनुअल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की पेशकश करने के लिए अमेरिका का पहला स्कूल बनाया गया। 1822 पेड्रो-द्वि ब्राजील के पहले सम्राट के रूप में ताज पहनाया गया। 1874 आइसलैंड को डेनमार्क की तरफसे एक संविधान और सीमित गृह नियम बनाये गए। 1878 व्हाईट हाउस में पहला टेलीफोन स्थापित किया गया। 1910 पर्फिरियो डाएज को मेक्सिको का आठवां राष्ट्रपति बनने के बाद उनका भव्य स्वागत किया गया। 1913 फोर्ड मोटर कंपनी ने बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए पहली बार मूविंग असेंबली लाइन तकनीक पेश की। 1941 युनाइटेड एयर फ़ोर्स के नागरिक सहायक, सिविल एयर पेट्रोल की स्थापना की गई थी। 1952 एडॉल्फो रूइज़ कॉर्टिन ने मेक्सिको के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला। 1973 इजरायल के संस्थापक और पहले प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन का 87 साल की उम्र में निधन हुआ। 1976 बांग्लादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।

वीनू जयचंद

ये सुधार आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। यह अनुपालन की लागत कम करके और निवेश आकर्षित करके आर्थिक विकास को गति देते हैं। आधुनिक सुरक्षा नियमों और राष्ट्रीय स्तर पर मज़दूरों के डेटाबेस के ज़रिए यह देश के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करते हैं। एकीकृत निरीक्षण प्रणाली और राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म शासन को पूरी तरह डिजिटल युग में ले जाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात, ये सुधार भारत की युवा आबादी और बदलते कामकाज के नए तरीकों को पहचानते हैं, प्रवासी मज़दूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और महिलाओं व युवाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करते हैं। श्रम संहिताएं आमदनी बढ़ाकर, वेतन की सुरक्षा मजबूत करके और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाकर मांग (डिमांड) को भी बढ़ाती हैं। इससे परिवारों का भरोसा बढ़ता है। कुल मिलाकर, ये सुधार विकास और समानता का एक मजबूत चक्र बनाते हैं, जो भारत की प्रगति की यात्रा को गति देता है।

आधुनिक और दूरदर्शी दौर की शुरुआत हैं नए लेबर कोड

भारत आज़ादी के बाद होने वाले सबसे बड़े श्रम सुधारों में से एक के करीब है। चार नईश्रम संहिताएं- वेतनसंहिता(वेज़ कोड), इंडस्ट्रियल रिलेशन्स कोड, सोशल सिक्योरिटी कोड और ऑक्युपेशनल सेफ़्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड- अबलागूहोचुकेहैं। इन संहिताओं का उद्देश्य पुराने और जटिल 29 केंद्रीय मज़दूरी क़ानूनों की जगह एक सरल, तकनीक-आधारित और मज़दूर-केंद्रित व्यवस्था स्थापित करना है।

यह सुधार सिर्फ़प्रशासनिक बदलाव नहीं है, बल्कि एक बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन है, जो यह दिखाता है कि भारत एक न्यायपूर्ण, प्रतिस्पर्धी, समावेशी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कार्यबल प्रणाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही प्रणाली आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत आधार देती है।

बिखराव से एकरूपता तक

कई दशकों तक भारत में मज़दूरी कानून बहुत बिखरे हुए और एक-दूसरे से ओवरलैप करते रहे। इससे उद्योगों पर भारी नियमों का बोझ पड़ा और अनुपालन करना मुश्किल हो गया। केंद्र और राज्य के अलग-अलग क़ानूनों के तहत कई तरह के पंजीकरण, लाइसेंस और निरीक्षणों ने लागत बढ़ाई, मज़दूरों के कल्याण से ध्यान हटाया और अक्सर उद्योग और सरकार के बीच अविश्वास पैदा किया। क़ानूनों के बिखराव और अस्पष्टता के कारण लागू करने की प्रक्रिया भी कमजोर रही, जिससे ÷इंस्पेक्टर राज÷ जैसे मनमाने तरीके पनपे और पारदर्शिता कमज़ोर हुई।

नई मज़दूरी संहिताएं पूरे देश में परिभाषाओं और अनुपालन नियमों को एक जैसा बनाती हैं। इसके साथ ही "वन नेशन, वन लेबर लॉ" का सिद्धांत लागू होता है। इससे नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों को स्पष्ट, सरल और न्यायपूर्ण प्रक्रियाओं का फायदा मिलता है।

एकीकृत पंजीकरण और डिजिटल व्यवस्था से दोहराव खत्म होता है, प्रक्रियाएं तेज होती हैं और जवाबदेही मजबूत होती है। वेतन, लाभ और कामकाजी परिस्थितियों की एक जैसी परिभाषाएँ पूरे भारत में लागू होंगी, जिससे विवाद कम होंगे और नियमों का पालन आसान और एकसमान होगा। सीधे शब्दों में, नई मज़दूरी संहिताएं पुराने, जटिल, औपनिवेशिक ढांचे को हटाकर एक सरल, प्रभावी व्यवस्था लाती हैं जो नवाचार, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देती है।

सामाजिक सुरक्षा केंद्र में

मज़दूरी संहिताओं की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक सुरक्षा का बड़ा विस्तार और सुधार है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में लगभग 19त्न आबादी से बढ़कर 2025 में 64त्न से अधिक हो गया है, जो लगभग 94 करोड़ लोगों को शामिल करता है। नई मज़दूरी संहिताएं इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए, श्रम कानूनों के केंद्र में सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा को मजबूत रूप से स्थापित करती हैं। देशभर में न्यूनतम फ़्लोर वेतन की व्यवस्था और सभी कर्मचारियों को अनिवार्य नियुक्ति पत्र देने जैसे प्रावधान आय सुरक्षा को बढ़ाते हैं, श्रमिकों के औपचारिकरण को आसान बनाते हैं और पूरे मज़दूर बाज़ार में न्याय और समानता को प्रोत्साहित करते हैं।

बदलती कामकाज की दुनिया को पहचानना

नई संहिताएं मानती हैं कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में कामकाज का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जहां गिग और प्लेटफ़ॉर्म पर काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ रही है। पहली बार, ऐसे श्रमिकों को कानूनी पहचान दी गई है और उनके लिए खास सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है, जिसके लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म भी हिस्सा डालेंगे।

राष्ट्रीय ई-श्रम पोर्टल गिग और असंगठित श्रमिकों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जिससे वे अलग-अलग योजना लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें और सामाजिक सुरक्षा को एक शहर से दूसरे या एक ऐप से दूसरे ऐप पर ले जा सकें। सोचिए, कोई डिलीवरी कर्मी बिना किसी परेशानी के शहर बदल ले या ऐप बदल ले, फिर भी उसकी सामाजिक सुरक्षा जारी रहे।

राज्यों के बीच काम करने वाले प्रवासी मजदूरों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। नई संहिताओं में उन्हें लाभ एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाने की सुविधा, हर साल घर जाने के लिए यात्रा भत्ता और उनकी समस्याएं कम करने के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएँ शामिल हैं।

ऑक्युपेशनल सेफ़्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड कार्यस्थल की सुरक्षा के मानकों को और ऊंचा करता है, जिससे भारत के वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र बनने के लक्ष्य को मजबूती मिलती है। इंडस्ट्रियल रिलेशन्स कोड में लाया गया फ़िक्स्ड-टर्म एम्प्लॉयमेंट का प्रावधान नियोक्ताओं को लचीलापन देता है, जबकि श्रमिकों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।

महिलाएं, युवा और जनसांख्यिकीय लाभ

मज़दूरी संहिताओं से महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से अधिक लाभ मिलता है, जो भारत की विकास यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण समूह हैं। समान काम के लिए समान वेतन और बेहतर न्यूनतम वेतन महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करते हैं। बेहतर मातृत्व लाभ, सुरक्षित कार्यस्थल और नियंत्रित नाइट शिफ्ट की सुविधा महिलाओं के लिए अधिक अवसर और सुरक्षा प्रदान करती है।

युवाओं के लिए औपचारिक नौकरियों में प्रवेश, अप्रेंटिसशिप और कौशल विकास कार्यक्रमों का रास्ता और स्पष्ट हुआ है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है और करियर में आगे बढ़ने के अवसर मजबूत होते हैं।

इन सुधारों से सुरक्षा और अधिकारों को आधुनिक रूप मिलता है और काम के अवसरों का विस्तार होता है, जिससे भारत अपने जनसांख्यिकीय लाभ का बेहतर इस्तेमाल कर पाता है-अर्थात अधिक गुणवत्तापूर्ण नौकरियाँ और मज़दूरों की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा।

महेन्द्रतिवारी

विशेषकर ग्रामीण आय की स्थिरता और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएँ होनी चाहिए। दुनिया के धीमे पड़ने के बावजूद भारत की तेज रफ्तार को बनाए रखना तभी संभव होगा जब नीतिगत स्थिरता, निवेश आकर्षण और सामाजिक विकास के प्रयास साथ-साथ चलें। पर आज की तस्वीर यह कहने की अनुमति देती है कि भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में न सिर्फ़ मजबूती से खड़ा है, बल्कि दौड़ भी रहा हैऔर तेज़ी से दौड़ रहा है। 8.2 प्रतिशत की वृद्धि सिर्फ़ एक तिमाही का परिणाम नहीं, बल्कि उस नीतिगत सोच, सामाजिक ऊर्जा और आर्थिक आत्मविश्वास का प्रतीक है जो भारत को आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत से अधिक की स्थिर और सतत वृद्धि की दिशा में ले जा सकता है।

वैश्विक मंदी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज़ रफ्तार

भारत की अर्थव्यवस्था आज उस मोड़ पर खड़ी है, जहाँ वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भी लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल की जा रही हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ सुस्ती और धीमेपन से जूझ रही हैं, पर भारत ने न केवल इन चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि उनसे ऊपर उठकर अपनी मजबूती और संभावनाओं का ऐसा परिचय दिया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और बाज़ारों को भी प्रभावित किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताज़ा आँकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज़। यह उपलब्धि सिर्फ़एक आर्थिक आँकड़ा नहीं, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन की कहानी है जो भारत की अर्थव्यवस्था में कई स्तरों पर घटित हो रहा है।

यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब विश्व अर्थव्यवस्था पर मंदी का साया है। अमेरिकी टैरिफ़, यूरोप की कमजोर मांग और एशिया में घटती आर्थिक गति ने अधिकांश देशों की वृद्धि को प्रभावित किया है। बावजूद इसके, भारत ने जिस मजबूती से अपनी विकास गति को बनाए रखा है, उसका मूल कारण है देश के भीतर की मांग, जिसका विस्तार पिछले कुछ वर्षों में लगातार हुआ है। निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू खपत की उस ऊर्जा को दर्शाती है जो ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में समान रूप से नज़र आती है। यह वही खपत है जो विदेशी झटकों का प्रभाव सोख लेती है और अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करती है।

उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विनिर्माण का 9.1 प्रतिशत का विस्तार बताता है कि उद्योग जगत में निवेश का माहौल सुधरा है और उत्पादन क्षमता पर भरोसा बढ़ रहा है। निर्माण क्षेत्र की 7.2 प्रतिशत की वृद्धि बुनियादी ढाँचे में निवेश और रियल एस्टेट बाज़ार की सक्रियता को दर्शाती है। वहीं वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की तेज़ रफ्तार इस बात का संकेत है कि भारत की सेवा-

आधारित अर्थव्यवस्था अपने चरम पर नहीं, बल्कि अभी भी विस्तारित हो रही है। सरकारी खर्च में भले थोड़ी गिरावट आई हो, लेकिन कॉर्पोरेट निवेश और निर्यात ने इस कमी की भरपाई कर दी है। यह संतुलन ही भारत की आर्थिक संरचना को अन्य देशों की तुलना में अधिक लचीला बनाता है।

2025 में लागू हुए जीएसटी सुधारों का भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। दरों के सरलीकरण और 90 प्रतिशत वस्तुओं पर कर कटौती से बाजार में नई ऊर्जा आई है। चार-स्लैब प्रणाली–0, 5, 18 और 40 प्रतिशत–ने कर व्यवस्था को न केवल सरल बनाया, बल्कि उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों के लिए सहज भी। उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के सस्ते होने से मांग में विस्तार हुआ और विशेषज्ञों के अनुसार इसने वित्तीय वर्ष 2026 की वृद्धि में 0.2 से 0.3 प्रतिशत तक का अतिरिक्त योगदान दिया। आलोचकों का मानना था कि जीएसटी कटौती से राजस्व में अस्थायी गिरावट आएगी, पर बढ़ी हुई खपत ने इस प्रभाव को पर्याप्त रूप से संतुलित किया है।

इसी बीच अमेरिका द्वारा अगस्त 2025 में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ़ने भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, चमड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों को प्रभावित किया, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा हैं। ऐसे सख्त टैरिफ किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को झटका दे सकते थे, लेकिन भारत ने फिर साबित किया कि उसकी विकास गति अब बाहरी संकटों पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। घरेलू मांग, विविध आपूर्ति श्रृंखला और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार ने इस प्रभाव को सीमित कर दिया। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोषने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था, पर भारत ने इससे कहीं अधिक तेज़ी दिखाते हुए दूसरी तिमाही में ही 8.2 प्रतिशत हासिल कर लिया। यह प्रदर्शन एक ऐसे देश की पहचान है जो वैश्विक उतार-चढ़ाव से डरता नहीं, बल्कि उनसे सीखकर अपनी नीतियों को मज़बूत बनाता है।

जब वैश्विक तुलना की जाती है, तो भारत की स्थिति और भी प्रभावशाली दिखाई देती है। चीन 4.8 प्रतिशत, अमेरिका 2-3 प्रतिशत, जर्मनी 0.3 प्रतिशत, फ्रांस 0.9 प्रतिशत और ब्रिटेन 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। मूडीज, ओईसीडी, और एस एंड पी जैसी संस्थाओं ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान बढ़ाए हैं, और यह शायद पहली बार है जब भारत को उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की अग्रिम पंक्ति में देखा जा रहा है। इसके बावजूद चुनौतियाँ खत्म नहीं हुई हैं। आर्थिक विकास की निरंतरता के लिए रोजगार सृजन, कृषि सुधार, कौशल विकास और निर्यात में विविधीकरण जैसे क्षेत्रों में गहरे सुधारों की आवश्यकता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शोषकों से लड़ना

शोषकों से लड़ना सीखो अपने हक के लिए लड़ कर ही जीत मिलती है भ्रष्ट और भ्रष्टाचारियों से लड़ने के लिए तुम्हें लंबी लड़ाई लड़नी ही पड़ेगी भ्रष्ट लोगों का विरोध करना सीखो नहीं तो भ्रष्टाचारी तुम्हे अजगर की तरह निकल जाएंगे । इनकी कुर्सी तुम्हारे मेहनत के रुपए से रोज मजबूत हो रहे हैं । इन भ्रष्ट लोगों को नमस्ते जब कहते हो तब उनके हौसले और बुलंद होते है ।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

लोग ब्राह्मणों

लोग ब्राह्मणों को जी भर-भर कोसते हैं इस बात का बहुत दुःख है मुझे , बावजूद इसके लोग ब्राह्मण बनने, ब्राह्मण की बेटी लेने, ब्राह्मण को बेटी देने को अत्यधिक आतुर रहते हैं इस बात की बड़ी खुशी है मुझे। जिस बात का दुःख है मुझे उसी बात की ही खुशी भी है मुझे, मेरी खुशी और दुख दोनों की वजह एक है अज़ब ग़जब दुनिया है प्रभु जी।

- आशा पांडेय आझा

मिज़ाजे-शह्र ही बदला हुआ है अँधेरा दिन

मिज़ाजे-शह्र ही बदला हुआ है अँधेरा दिन में ही छाया हुआ है नदी का जल बहुत मैला हुआ है समुन्दर प्यास का मारा हुआ है मयस्सर हैं नहीं ताज़ा हवाएं यहाँ साँसों का दम फूला हुआ है बदन के घाव तो भर जायेंगे, पर किसी की रूह पर हमला हुआ है न राहे-इश्क़ की मंज़िल है कोई ये रस्ता तो मेरा देखा हुआ है। **- अजय अज्ञात**

रचा है खुद को बदन पे मेरे कि

रचा है खुद को बदन पे मेरे कि खुशबू से तर आज दिल है जरा-जरा सी होती है सिहरन गुदगुदाती एक ठंडी छुअन है भीग रहा मन महसूस करके आहें भरकर बिहुँसते लब है सिमट गई जब अंजानी दूरी आंखें बताती किसका घर है कब तक टिकेगी रंगत इसकी हिना है या कि कोई सपना है । **- सपना चन्द्रा**

वायनाड की पहाड़ियाँ यही सिखाती हैं कि

वायनाड की पहाड़ियाँ यही सिखाती हैं कि शांति कहीं बाहर नहीं वह हमारे भीतर ही है बस कभी-कभी उसे जगाने के लिए हमें कभी जंगलों के बीच से तो कभी धुंध भरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ता है जो एक बार इस वादियों का दीवाना हो जाए उसके दिल में हमेशा पहाड़ों की पुकार गूंजती रहती है..।

- मीनाक्षी सिंह

गरम नशीली आँखें तेरी, कह रही दिल

गरम नशीली आँखें तेरी, कह रही दिल की बात क्या-क्या बीता होगा तुम संग, सजनी बीती रात खामोशी भी कह जाती है बिन बोले ही बात उमड़-घुमड़ कर छाये हुए हैं बस वो ही ज़ज्बात। - **जे डी कुदाल**

आज प्रभाती अवध शिखर पर, धर्म ध्वजा

आज प्रभाती अवध शिखर पर, धर्म ध्वजा लहराई है। गौरव शाली दिन है आया, हिंद भूमि हर्षाई है। फलित हुई है सुखद प्रेरणा, जन जन में उत्साह भरा, सूर्य वंश को रश्मि रथी ने, स्वर्ण माल पहनाई है।।

- रजनी रामदेव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपको आज के दिन प्रत्येक कार्यो में सावधान रहने की आवश्यकता है। परिजनों से भी मामूली बात पर झगड़ा होगा। वाणी एवं व्यवहार से संयम बरतें।

वृष: आज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ अवश्य होगा।

मिथुन: आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। **प्रात**: काल जल्दी कार्यो में जुटने का फल शीघ्र ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

कर्क: आज के दिन आप सम्भल कर ही कार्य करेंगे फिर भी सफलता में संशय बना रहेगा। विपरीत लिंग के प्रति कामासक्त रहेंगे।

सिंह: आज के दिन अनैतिक कार्यो से बच कर रहें मन भ्रमित रहने के कारण निषेधात्मक कार्यो में भटकेगा।

कन्या: आज का दिन भी आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।

तुला: आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा।

वृश्चिक: आज के दिन आप बुद्धि विवेक से कार्य करेंगे परन्तु परिस्थिति हर तरह से कार्यो में बाधा डालेगी।

धनु: आज का दिन आशाओं के विपरीत रहने वाला है। सोची हुई योजनाए आरम्भ में सफल होती नजर आएंगी परन्तु मध्यान तक इनसे निराशा ही मिलेगी।

मकर: आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से उन्नति वाला रहेगा। धन संबंधित समस्याएं काफी हद तक सुलझने पर दिन भर प्रसन्नता रहेगी।

कुंभ: आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा भाग-दौड़ करने के पक्ष में नही रहेंगे। आसानी से जितना मिल जाये उसी में संतोष कर लेंगे।

मीन: आज के दिन मानसिक चंचलता के कारण बनते कार्यो को दुविधा के कारण आप स्वयं बिगाड़ लेंगे।

सूर्योदय : 07:02, सूर्यास्तः : 05:29, चन्द्रोदय : 13:44, चन्द्रास्त :26:32, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : सिद्धि, प्रथम करण : तैतिल (10:27 तक), द्वितीय करण : गर (21:29 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मीन, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

2) क्वांटम सैटेलाइट क्या है?

3) 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है?

4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?

5) अगस्त 2025 में बिहार के नए मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) एक सैटेलाइट जो संचार सेवाओं को क्वांटम तकनीक से सुरक्षित करता है (3) डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन (4) नीति आयोग (5) प्रत्यय अमृत

पहेली

दूसरे राज्य से शराब की तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

■ 28 पेटी शराब सहित टाटा सफारी वाहन, 4 मोबाइल और 15 हजार रुपए जप्त

भिलाई/नवप्रदेश। थाना नंदिनी नगर पुलिस ने शनिवार देर रात को बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब तस्कर दूसरे राज्य से करीब 4 लाख की शराब लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने के लिये 28 पेटी शराब लेकर आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पुराना टाटा सफारी वाहन, चार मोबाइल फोन और नगदी सहित कुल 4,74,500 रुपए जब्त किये गए है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

29 नवंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि धमधा मार्ग से नंदिनी-खुंदिनी होते हुए पड़ोसी राज्य से पुराने टाटा सफारी वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध शराब नंदिनी नगर लाई जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में नंदिनी नगर पुलिस टीम ने तत्काल योजना बनाकर मार्ग पर घेराबंदी की।

संदिग्ध वाहन आते दिखाई देने पर पुलिस ने तलाशी ली। वाहन के भीतर 28 पेटी देशी शराब मिली। इसकी कीमत 1,34,400 रुपए आंकी गई। पुलिस ने मौके से नरेश कुर्रे, लवकेश उर्फ बबलू, आर्यन कुमार लहरे और प्रभू बारले को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने माना कि यहां बेचने के लिये दूसरे राज्य से शराब ला रहे थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा उपयोग में लाई जा रही पुरानी टाटा सफारी वाहन की अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए है। चार स्मार्ट फोन की कीमत कुल 25,000 रुपए है। आरोपियों से 15,100 रुपए नगद भी जब्त किए। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 4,74,500 रुपए बताई गई है।

दुर्ग बाल सुधार गृह से भागे 7 नाबालिग, सभी पकड़े गए

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के पुलगांव स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से 7 नाबालिग बच्चे भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने 4 बच्चों को बरामद कर लिया। 3 बच्चों को तिल्दा से पकड़ा गया। पिछले 1 माह में बच्चों के भागने की यह दूसरी घटना है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं।

बाल संप्रेक्षण गृह से 3 नवंबर को भी 3 अपचारी बालक निकल गए थे। इनमें हत्या, लूट जैसे गंभीर अपराध वाले नाबालिग भी शामिल थे। 26 दिन के बाद 28 नवंबर को 7 अपचारी बालक संप्रेक्षण गृह से भाग गए। पुलिस के मुताबिक बच्चे दीवार फांदकर पीछे के एरिया से निकल जाते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण पुलिस विभाग को नाबालिगों को बार-बार खोजने का अभियान चलाना पड़ता है।

पुलिस ने 29 नवंबर को रात तक चार अपचारी बच्चों को पकड़ लिया था। उन्हें वापस बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। फरार हुए तीन अन्य अपचारी बालकों को तिल्दा से पकड़ कर लाया गया। इस तरह सभी सातों अपचारी बच्चों को बाल संप्रेक्षण गृह वापस भेज दिया गया है। इस मामले में सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि बाल सुधार गृह से भागे सभी बच्चों को पकड़कर दोबारा उन्हें सुधार गृह भेज दिया है। विभाग के जिम्मेदार अफसरों को कहा गया है कि अपचारी बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी तरह की लापरवाही न होने पाए।

■ न्यूज गैलरी

अमन नायक की उपलब्धि पर पाटन गौरवान्वित

दुर्ग। पाटन विधानसभा क्षेत्र के देवादा निवासी युवा अमन नायक पुत्र रूपनारायण को सीजी पीएससी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 35 वीं रैंक मिलने और अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी पद हासिल करने पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने देवादा स्थित निवास स्थान पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दी। जितेन्द्र वर्मा जी ने कहा कि अमन नायक की उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है। वे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनकी यह सफलता पाटन क्षेत्र की नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा भरने का काम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि अमन नायक निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहें। अपने क्षेत्र और परिवार का नाम इसी प्रकार रोशन करते रहें। इस अवसर पर खूबचंद वर्मा, पोषण वर्मा, राजेंद्र वर्मा, केशव बंछोर, खिलेश वर्मा, दिलीप वर्मा, मुकेश कुमार, करण वर्मा सहित गांव के अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

जीवन में आने वाले परिस्थितियों का धैर्य रखकर करें सामना: प्राची

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में क्लास 2 से 4 तक के बच्चों के लिए राजयोग मेडिटेशन के साथ ड्राइंग एंड और पेंटिंग का आयोजन किया गया। नन्हे बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी भावनाओं को सुंदर चित्रों के माध्यम से प्रेषित किया। बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज कराया गया। इससे ठंडी को छू मंतर कर तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को ड्राइंग एंड पेंटिंग की बारीकियां सिखाने के साथ जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, ईमानदारी, एकाग्रता, उमंग उत्साह जैसे गुणों को भी धारण करने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने बच्चों को बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और जीवन में आने वाली परिस्थितियों में धैर्यवत होकर सामना करना है। सीखने की लगन से आगे बढना है। परिणामों को सहज स्वीकार कर अपनी कमी व कमजोरी को दूर करना है। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी और मयंक दीदी ने भी बच्चों को संबोधित किया।

दुर्ग में आज और कल कई वार्डों में नहीं खुलेंगे नल

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम प्रशासन द्वारा 1 दिसम्बर सोमवार को सुबह वाटर सप्लाई के बाद मालवीय नगर कॉम्पलेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके लिये 24 एमएलडी फिल्टर में शट डाउन लिया जाएगा। इसके कारण 24 एमएलडी प्लांट से जुड़ी पानी टंकियों से संबंधित एरिया में वाटर सप्लाई प्रभावित रहेगी। निगम द्वारा मांग और आवश्यकता के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई की जाएगी। पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण करने की अपील की गई है।

शटडाउन के कारण पदमनाभपुर टंकी से जुड़े वार्ड 43 (कसारीडीह, पूर्व), वार्ड 44 (बाबा गुरु घासीदास वार्ड), वार्ड 45 (पद्मनाभपुर पश्चिम), वार्ड 46 (पद्मनाभपुर पूर्व), शंकर नगर टंकी से जुड़े वार्ड 10 (शंकर नगर पश्चिम), वार्ड 11 (शंकर नगर पूर्व), वार्ड 12 (मोहन नगर पश्चिम), वार्ड 13 (मोहन नगर पूर्व), शक्तिनगर टंकी से जुड़े वार्ड 17 (औद्योगिक नगर उत्तर), वार्ड 18 (औद्योगिक नगर दक्षिण), वार्ड 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), वार्ड 21 (तितुरडीह), वार्ड 22 (स्टेशन पारा), गिरधारी नगर टंकी से जुड़े वार्ड 9 (स्वामी विवेकानंद वार्ड), वार्ड 5 (मरारपारा) में पानी सप्लाई पर असर पड़ेगा।

इसी तरह हनुमान नगर टंकी से जुड़े वार्ड 21 (तितुरडीह), वार्ड 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), ट्रांसपोर्ट नगर टंकी से जुड़े वार्ड 16 (करहीडीह), शनिचारी बाजार टंकी से जुड़े वार्ड 30 (तमेरपारा), वार्ड 31 (आपापुरा), वार्ड 32, वार्ड 33 (चंडीमंदिर), वार्ड 34 (शिव पारा), वार्ड 35 (रामदेव मंदिर मंदिर), वार्ड 36 (गंजपारा), वार्ड 37 (आजाद वार्ड), वार्ड 38 (आंशिक) में भी पानी सप्लाई पर असर पड़ेगा। 1 दिसम्बर को शाम से 2 दिसम्बर को सुबह तक वाटर सप्लाई नहीं होगी। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर जल विभाग की टीम मालवीय नगर में मरम्मत कार्य के लिये तैनात रहेगी। नागरिकों की सुविधा के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल व प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि सोमवार को पानी का सावधानी से उपयोग करें और आवश्यकता अनुसार पूर्व में जल का भंडारण कर लें।

गीता जयंती पर आज महायज्ञ

भिलाई। गीता जयंती पर एक दिसंबर को श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा खुर्सीपार में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वाडबलिजा जातीय महिला समाज भिलाई के तत्वाधान में इस वर्ष समाज के भवन के पास बालमंदिर प्रांगण जोन-2 खुर्सीपार में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि एक दिसंबर की सुबह 6 से 7 बजे तक नगर संकीर्तन निकाला जाएगा। इसके बाद यज्ञ स्थल धर्म ध्वज पहराया जाएगा। सुबह 7:30 से 8:30 बजे के बीच कलश स्थापना के बाद महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा।

मैत्री विद्या निकेतन पाटन में 'नवरंग' वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

स्व के. सुधाकरण छात्रवृत्ति की घोषणा, मेधावी छात्रों को मिलेगा नगद पुरस्कार

पाटन/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन अंग्रेज़ी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'नवरंग 2025' का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश सचिव जितेंद्र वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश भाले और छत्तीसगढ़ निजी विद्यालय प्रबंधन संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैत्री शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था की अध्यक्ष राजम सुधाकरण ने की। समारोह का संचालन निदेशक डॉ. सजीता थंबी, संस्था के प्रबंधक एस. सजीव, एस. साजन व प्राचार्य अंबली सुगथा के मार्गदर्शन में हुआ। समारोह में संस्था के प्रबंधक साजन सुधाकरण ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर एस. सजीव ने बताया कि सत्र 2025-26 से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व के. सुधाकरण की स्मृति में छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। इसके अंतर्गत कक्षा 12 वीं में 98 प्रतिशत से अधिक अंक पर 2 लाख, 96 प्रतिशत से अधिक पर 1 लाख और 94 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर 25 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। कक्षा 10 वीं में 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होने पर 25 हजार और 96 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर 15 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। अन्य विशिष्ट उपलब्धियों पर भी पुरस्कार का प्रावधान रहेगा।

प्राचार्य अंबली सुगथा ने विद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशि साजन, शिक्षकगण, अभिभावक व विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

इंस्पेक्टर डॉ. सुजाता अभा कादम्बरी साहित्य सम्मान से सम्मानित

भिलाई नगर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की साहित्यिक संस्थान कादम्बरी द्वारा शहीद स्मारक सभागृह जबलपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश भर के 127 साहित्यकारों का सम्मान किया गया। विविध प्रकार के लेखन के लिये डॉ सुजाता दास को कादम्बरी सम्मान 2025 विविधा के लिये चयनित किया गया।

डॉ सुजाता दास को प्रतिष्ठित स्व ई अवधेश कुमार माथुर स्मृति सम्मान 2025 के तहत नगद धन राशि, शॉल, सम्मान पत्र, मोतियों की माला, स्फटिक के शिवजी व रूद्राक्ष भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ सुजाता दास की अब तक विविध विधाओं में तीन कृतियों प्रकाशित हो चुकी हैं और उनको उनके साहित्यिक व सामाजिक योगदान के लिये अब तक भारत के विभिन्न प्रांतों में कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। समारोह में कादम्बरी संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य भगवत दुबे, प्रज्ञा पीठाधीश्वर प्रज्ञानाम महेश दिवाकर, सात विश्वविद्यालयों के कुलपति रहेकृष्ण बिहारी पांडे, राम मंदिर अयोध्या के संयोजक डॉ कैलाश गुप्ता, सजल विद्या के संस्थापक अनिल गहलोत, गीतिका विद्या के स्थापक आचार्य ओम नीरव, जादूगर एसके निगम, अमरेन्द्र नारायण, प्रोफेसर डॉ गिरीश पाठक और महासचिव राजेश पाठक व शहर के जाने-माने साहित्यकारों व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

पावरग्रिड में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 2025 सम्पन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। ऊर्जा संरक्षण के महत्व को रचनात्मकता के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से पावरग्रिड कुम्हारी ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (परिसम्पत्ति प्रबंधन), प. क्षे.-1, पावरग्रिड उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि संजय खंडेलवाल (मुख्य अभियंता, सीएसपीडीसीएल) और निहार रंजन साहू (वरिष्ठ परियोजना समन्वयक, क्रेडा) ने बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर प्रेरित किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष आरपी साहू ने बताया कि इस वर्ष प्रतिभागिता पिछले वर्षो के मुकाबले दोगुनी रही, जिसमें बस्तर, सुकमा जैसे दूरस्थ जिलों से भी बच्चों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2025 में ऊर्जा संरक्षण के संदेश को बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से जीवंत किया। ग्रुप-ए (कक्षा 5, 6 और 7) मे प्रथम सान्वी संचिता, ओपी जिंदल स्कूल, रायगढ़ (कक्षा 6), द्वितीय अक्षिता सिंह, होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिलासपुर (कक्षा 7), और तृतीय शिवम मेहर, पीएम श्री स्कूल जे एन वी भूपदेवपुर, रायगढ़ (कक्षा 7) रहे। ग्रुप-बी (कक्षा 8, 9 और 10) में प्रथम स्थान ऋषभ वर्मा, सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल, रायगढ़ (कक्षा 8) द्वितीय स्थानः ख्यातिश्री पी., दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर (कक्षा 9) और तृतीय स्थान : स्तुती दुबे, सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल, कोरबा कक्षा 8 को मिला। दोनों श्रेणियों के विजेताओं को 50 हजार 30 हजार और 20 हजार के पुरस्कार प्रदान किए गए।

ट्रेडिंग में निवेश करने 48.67 लाख की ठगी

भिलाई/नवप्रदेश। साइबर थाना दुर्ग रेंज ने ट्रेडिंग में निवेश करने के नाम पर 48.67 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को आंध्रप्रदेश में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस महानिरीक्षक रेंज रामगोपाल गर्ग के सख्त निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना की टीम ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई है। 9 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही 48,67,500 की ठगी की गई। सायबर थाना में अपराध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर आरोपियों की लोकेशन आंध्रप्रदेश में होने की पुष्टि हुई। एक विशेष पुलिस टीम जिला अनकापल्ली आंध्रप्रदेश रवाना की गई। टीम ने वहां से दो मुख्य आरोपियों पी. सत्यनागा मूर्ति पिता सत्यनारायण मूर्ति 25 वर्ष, निवासी पुलापर्थी यालामंचली मंडल जिला अनकापल्ली आंध्रप्रदेश और बालाजी श्रीनू, पिता बालाजी रामू नायडू 34 वर्ष, निवासी चिन्ना विधि, तहसील यालामंचली, जिला पुलापर्थी विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं।

बीएसपी में डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में परियोजनाओं की कार्यकुशलता और पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीएमडीसीए सेक्टर 7 में दो दिवसीय डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम डीपीएमएस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 33 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में एल 2 शेड्यूलिंग बिलिंग शेड्यूल से उसका समन्वय एसईएस निर्माण और डैशबोर्ड आधारित प्रोजेक्ट ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं एमके गुप्ता कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं अरविन्द गुप्ता और हरप्रीत सिंह भी उपस्थित रहे।

पीके सरकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति का किसी भी समय विश्लेषण करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर्स और प्रोजेक्ट टीम दोनों का प्रशिक्षण अनिवार्य है।

मुख्य महाप्रबंधक एमके गुप्ता ने डीपीएमएस में गतिविधि वार सेफ्टी इंस्ट्रक्शन्स को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समन्वयक उप महाप्रबंधक परियोजनाएं पुनीत वर्मा ने संचालन किया और वरिष्ठ प्रबंधक परियोजनाएं अंकिता मोहनिया ने प्रशिक्षण संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक परियोजनाएं रजनीश श्रीवास्तव ने डीपीएमएस प्रणाली की विशेषताओं पर जानकारी दी। महाप्रबंधक परियोजनाएं राधिका श्रीनिवासन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

दोनों दिनों के तकनीकी सत्र मैनसायकॉम के दीप बनर्जी द्वारा लिए गए, जिनमें एल 2 शेड्यूल के मानकीकरण, बिलिंग शेड्यूल्स के इंटीग्रेशन, एसईएस क्रिएशन प्रक्रिया और डैशबोर्ड की उन्नत विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दिया गया। प्रतिभागियों ने गहन चर्चा और डेमॉन्स्ट्रेशन के माध्यम से डीपीएमएस की व्यावहारिक समझ प्राप्त की। उन्होंने आउटर सेल प्लांट्स की श्रेष्ठ प्रथाओं से भी परिचित कराया।

कार्यक्रम का समापन 28 नवम्बर को हुआ जिसमें मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं अनुराग उपाध्याय और मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं उन्मेश भारद्वाज उपस्थित रहे। समापन सत्र में सहायक महाप्रबंधक परियोजनाएं जया तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

आयोजन... मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 59 वां वार्षिक खेल दिवस उत्साह से संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। एमजीएम स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रार्थना और छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी की धार' के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव (केबिनेट मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग.), विशिष्ट अतिथि विनोद नायर (इंटरनेशनल वॉलीबाल रेफ़री), साजन जोसफ (पार्षद, बोरसी, दुर्ग), रोशन वी. कोषी (कोषाध्यक्ष एवं कार्यवाहक संचालक), शाला एवं चर्च प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य प्रभारी एलिज़ाबेथ अनीता राजन, प्रधान पाठिका सोमी सजीव, अकादमिक इंचार्ज मीनू जेकब थॉमस, प्री-प्राइमरी इंचार्ज एस. जीना, प्रेस और मीडिया, शिक्षकगण, गैरशिक्षकीय कर्मचारी, पीटीआई शिक्षकगण, अभिभावकगण और विद्यालयीन छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। इसी कड़ी में गणमान्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन और मशाल जलाकर खेल दिवस का उ?द्घाटन किया गया। स्वागत भाषण स्वाति बालाजी (खेल प्रभारी) द्वारा किया गया। पूर्व-प्राथमिक विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में हार पर निराश न होने और जीत पर अंहकार की भावना न लाने का सन्देश दिया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। छह सदनों के विद्यार्थियों द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया। खेल सचिव रोशन दुधबुरे द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे छोड़कर खेल प्रतियोगिताओं का प्रारंभ किया गया।

विशिष्ट अतिथि द्वारा पूर्व में संपन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शिक्षिका स्वप्ना चाको ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। वार्षिक खेल दिवस समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता सोनी (जिला खेल अधिकारी, बेमेतरा) उपस्थित थीं। बेंजामिन एम. सी. द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रेरक गीत के बाद शिक्षक के. योहान द्वारा शाला का संक्षिप्त परिचय दिया गया। शाला के छात्राओं द्वारा मनमुग्ध करने वाले नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि गीता सोनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को वी.आई.पी. का दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय है। अनुशासन, लगन और मेहनत सफलता के तीन मूल मंत्र हैं। रिले रेस के बाद आज के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शाला के छः सदनों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः पटेल सदन, नेहरू सदन और गांधी सदन रहे। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश श्रीवास्तव (खेल प्रभारी) द्वारा दिया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

स्टील इम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन ने दी ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम की जानकारी

■ वर्ष 2026-27 हेतु मुआवजा राशि 30 लाख निर्धारित

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील इम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च से 28-29 फरवरी तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम जीपीएआईएस संचालित की जाती है।

इस योजना के अंतर्गत किसी दुर्घटना की स्थिति में मृत कर्मचारी के आश्रितों को संबंधित बीमा कंपनी द्वारा पॉलिसी की नियम व शर्तों के अनुसार पात्रता होने पर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2026-27 हेतु यह मुआवजा राशि 30 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। इस योजना के लिए प्रतिवर्ष एल 1 के आधार पर किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी का चयन किया जाता है। चयनित कंपनी को पॉलिसी का संचालन सौंपा जाता है और निर्धारित प्रीमियम राशि का भुगतान सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती के माध्यम से किया जाता है।

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासी समितिए सेवा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित पॉलिसी से पूर्व सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त की जाए। इस क्रम में कोई कार्मिक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहता है तो 15 दिसंबर 2025 तक ई - सहयोग पोर्टल में उपलब्ध नहीं विकल्प का चयन कर अपनी असहमति दर्ज कर सकता है। यह विकल्प न भरने वाले कार्मिकों के सन्दर्भ में यह मान लिया जाएगा कि वे उन्हें योजना में सम्मिलित होने हेतु सहमत हैं।

प्राप्त असहमति के विकल्पों की संख्या के आधार पर योजना में शामिल होने के इच्छुक कार्मिकों की देय प्रीमियम राशि में वृद्धि या और प्राप्य मुआवजा राशि में कमी आ सकती है। साथ ही विकल्प समय से पूर्व प्राप्त हो जाने के कारण आवश्यकतानुसार प्रीमियम राशि को एक या अधिक किस्तों में काटने पर भी विचार किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

एनएसएस कैम्प का शुभारंभ

खैरागढ़। इंदिरा कला संगीत विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का ग्राम कांचरी मे प्रभारी कुलपति राजन यादव ने शुभारंभ किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत से लेकर अब तक के कार्यो को बताते कहा कि यह स्वैच्छिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से ग्रामीण परिवेश से अवगत कराना और उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास कराना है। कार्यक्रम में विवि के अधिष्ठाता प्रो. नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ. लिकेश्वर वर्मा व डॉ. हरिओम हरि, एनएसएस के अधिकारी डॉ. दिवाकर कश्यप, संगतकार डॉ. नत्थू तोड़े सहित गांव के पंच सरपंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आधी रात को चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गत दिवस आधी रात को जिले में अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए बनाए गए डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाव का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अन्य राज्यों से आने वाले सभी वाहनों की जांच कर रजिस्टर में एण्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध धान परिवहन की निगरानी करते हुए कार्रवाई निरंतर जारी रखें। एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव को चेकपोस्ट में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए।

कर्मचारियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा सरकार : निखिल

राजनांदगांव। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव निखिल द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णु साय सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बंटवारा तुगलकी तरीके से किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों से बीएलओ का काम और स्कूल मास्टरों से कुत्ता रखवाली का काम कराना सरासर गलत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार किस दिशा में जा रही है। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा सरकार कर्मचारियों का मनोबल गिराने वाले फैसले ले रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की देखभाल और पोषण कार्यक्रम की जगह बीएलओ मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सौंप दिया गया है। स्कूल शिक्षकों को पढ़ाई छोड़कर चौकीदारी रखवाली जैसे जिम्मे सौंपे जा रहे हैं। इससे शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरेगी। सामाजिक कार्यक्रमों में गुणवत्ता भी नहीं आएगी।

पंजीकृत किसान का पूरा खसरा एग्रीस्टेक पोर्टल से होगा लिंक

- **कलेक्टर ने पंजीकृत किसान का एग्रीस्टेक पोर्टल में लिंक कार्यों का किया निरीक्षण**
- **समितियों में जाकर करवा सकते हैं अपडेट**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसानों के छूटे हुए खसरा का पोर्टल में लिंक करने का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है। किसानों को अब अपने-अपने समितियों में ही खसरा मिलान कर उसे पोर्टल में लिंक कराने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जिससे किसी भी किसान को अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कवर्धा के ग्राम बिरकोना, हरिनछपरा और धरमपुरा धान उपार्जन केंद्रों में पहुँचकर छूटे हुए खसरों का पोर्टल में किए जा रहे लिंक कार्यों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिले के हर पंजीकृत किसान का पूरा खसरा एग्रीस्टेक पोर्टल में लिंक होगा। कोई भी किसान वंचित नहीं होने पाए। सबका धान खरीदा जाएगा।

कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में समिति प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी किसान को भटकने, परेशान होने जैसी स्थिति नहीं आनी चाहिए। पंजीकृत सभी किसान के खसरे का पोर्टल में लिंक करना आवश्यक है। यह कार्य पूरी ईमानदारी से करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने पटवारियों और ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव-गांव में किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें धान खरीदी केंद्र में ही खसरों को लिंक करवाने के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर ने कहा कि छूटे हुए सभी खसरों का पोर्टल में लिंक केंद्रों में ही किया जाएगा। कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एसडीएम चेतन साहू, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी जी एस मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कंप्यूटर ऑपरेटरों को दो दिनों में निरंतर कार्य कर सभी लंबित खसरों का पोर्टल में लिंक करने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अभियान में सरपंचों, पंचों और सचिवों को भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने कहा, ताकि कोई भी किसान जानकारी से वंचित न रहे। किसानों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिनका खसरा एग्रीस्टेक पोर्टल में लिंक नहीं है, वे समिति में ही अपडेट करा सकते हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत एक से अधिक खसरे वाले किसान जिनके सभी खसरों में से कुछ खसरे पोर्टल में उनके एग्रीस्टेक आईडी में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं या लिंक होना शेष रह गए हैं, ऐसे खसरों की पहचान कर समितिवार सूची बनाई गई है। उसे समितियों के बाहर चस्पा किया गया है।

किसान समितियों में जाकर अपने छूटे हुए खसरों का मिलान कर उसे पोर्टल में लिंक करवा सकते हैं। किसान समितियों के किसान सहायता केंद्र में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक समितियों में जाकर वहां के ऑपरेटर अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु भारत सरकार, कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान को प्राप्त फार्मर आईडी के साथ उनके फॉर्म आई डी (खसरे) को लिंक किया जाना है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषक के ऐसे खसरे जो यूनीफाइड फार्मर पोर्टल में पंजीकृत थे वो कैरी फारवर्ड हो गए है, लेकिन समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नही है। उनमें से कुछ खसरे लिंक नहीं हुए है।

कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की मैदानी समीक्षा की। उन्होंने धरमपुरा, बोड़ला और राम्हेपुर में बीएलओ टीमों से मुलाकात कर प्रगणन फॉर्म कलेक्शन, घर-घर सत्यापन और डिजिटाइजेशन की प्रगति की गहन जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम चेतन साहू, सागर सिंह, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी जी एस मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, राजश्री पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे कलेक्टर ने कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बीएलओ पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ इसे पूर्ण करें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि निर्धारित क्षेत्रों में व्यवस्थित कार्य विभाजन करें और फील्ड में जाकर घर-घर फार्म भरवाएं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के अनुसार सुबह या शाम संपर्क करें, ताकि फॉर्म आसानी से मिलें और बीएलओ को बार-बार जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने दो दिवस में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि सुबह-शाम के समय अधिकांश लोग घरों पर मिलते हैं, जिससे फॉर्म कलेक्शन की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने सभी बीएलओ को समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कई टीमों से प्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं और तत्काल समाधान के सुझाव दिए।

गड़ा धन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

एफआईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी जीजा-साला फरार, पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। जगन्नाथपुर में लोगों को गड़ा धन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले जीजा, साला अब तक पुलिस पकड़ से बाहर हैं। आरोपी जीजा वसीम खान निवासी धूरपुर, इलाहाबाद और जगन्नाथपुर निवासी साला अकबर खान की तलाश पुलिस कर रही है। रविवार को बालोद पुलिस की टीम घटनास्थल का जांच करने पहुंची। आरोपी अकबर की पत्नी से पूछताछ की गई, कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। पुलिस ने जुलाई 2022 में जिस घर में पहली बार इस तरह से तंत्र-मंत्र करके गड़ा

धन दिलाने के नाम से ठगी की गई, उस बंद मकान को खुलवाकर जांच की। एक कमरे में आज भी तंत्र-मंत्र का सामान बिखरा पड़ा मिला। गड्ढा खोदा गया, जिस पर नारियल गड़ा कर मिट्टी से ढंक दिया गया है। मकान मालिक यशवंत डोंगरे ने बताया कि 2022 जुलाई में अकबर के जीजा वसीम खान और उनकी पत्नी अकबरी बेगम आए थे। पड़ोसी अकबर के कहने पर उनके पुत्र राजेश डोंगरे ने उन्हें सोने के लिए जगह दी थी। अकबर और वसीम खान ने हमारे बेटे को ही ठगी का शिकार बना दिया। हमारे घर में तंत्र-मंत्र किया गया है। इस बात की जानकारी उन्हें एफआईआर दर्ज होने के बाद हुई। यशवंत डोंगरे ने कहा कि अक्सर उनका बेटा राजेश कहता था कि एक दिन हम बहुत अमीर आदमी बन जाएंगे।

ऐसे होती थी ठगी, आप भी रहें सावधान

ठगी करने वाले जीजा और साले के द्वारा लोगों को पहले लालच दिया जाता है कि तुम्हारे घर में गड़ा धन मिल सकता है। तंत्र-मंत्र पूजा करके धन निकाल सकते हैं। लोगों को पूजा-पाठ के लिए 7000 रुपए खर्च करवा कर सामान मंगाया जाता था। थोड़ी देर बाद में अंदर बुलाकर दिखाया जाता है कि गड्ढे में मटके में सोने के सिक्के जैसे कुछ चमक रहे हैं। बगल में सांप भी होता है। धन की रक्षा नाग द्वारा करने की बात कहकर शक्ति पुंज के लिए 12 लाख रुपए खर्च बताया गया। कुछ महीने पहले जगन्नाथपुर के नामदेव साहू के घर भी इसी तरह से तंत्र-मंत्र करके गड़ा धन दिखाया गया और उनसे 4 लाख की मांग की गई। चार दिन के बाद नामदेव ने गड्ढे को खोलकर देखा तो वहां कुछ नहीं था। उसे समझ में आ गया कि जीजा, साला ठगी कर रहे हैं।

डाक टिकटों की प्रदर्शनी से एड्स जागरूकता का संदेश

बालोद/नवप्रदेश। एड्स ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज नहीं वरन जागरूकता ही बचाव का एकमात्र उपाय है। एक समय था, जब चारों ओर ऐड्स के नाम से ही भय का वातावरण बन चुका था, परंतु नित नई बीमारियों के आने के बाद इसकी गंभीरता को हम भूलते जा रहे हैं। विशेष रूप से नई पीढ़ी में एड्स की जानकारी का अभाव हो रहा है। ये उद्गार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक एवं ज़िला रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन व वरिष्ठ डाक टिकट संग्रहकर्ता डॉ प्रदीप जैन ने कहा कि एड्स को लेकर जागरूकता जरूरी है। उन्होंने जागरूकता अभियान के तहत पोस्ट ऑफिस में डाक सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलावा अन्य देशों जैसे नेपाल, इटली, केन्या, बांग्लादेश, अमेरिका व कनाडा में एड्स जागरूकता हेतु जारी डाक सामग्रियां भी प्रदर्शित की गई है।

डाक विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न भाषाओं में जारी कार्ड्स व विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। दूषित रक्त और सुइयों के उपयोग से बचाव करना आवश्यक है। सुरक्षित यौन संपर्क से एड्स से बचा जा सकता है। समाज में रक्त दान हेतु युवाओं की प्रेरित किया जाना आवश्यक है।

कुरूद नगर पालिका के निर्णय में हेरफेर कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से की शिकायत

कुरूद/नवप्रदेश। भाजपा की अगुवाई वाली नगर पालिका परिषद कुरूद में संख्या बल में आगे विपक्षी कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से मिल लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सत्ता पक्ष के दबाव में अफसर पालिका बैठक में लिए गए निर्णयों के साथ छेड़छाड़ कर मनमानी व्याख्या के साथ रजिस्टर में दर्जकर व्यापक जनहित में परिषद द्वारा लिए फैसलों का अनादर कर रहे हैं। अतः लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वाले ऐसे अधिकारियों अधिकारी के खिलाफकार्रवाई की जाए।जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर लिखित शिकायत में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेताप्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू, मंजू साहू, उर्वशी चंद्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव ने बताया कि 11 अप्रैल को परिषद् कीसामान्य सभा की बैठक में विषय कमांक 8 में नये नवीन कार्यालय को पूर्ण सुविधायुक्त बनाने

शासन से राशि मांग किये जाने का प्रस्ताव पास किया गया था, इस निर्णय में छेड़छाड़ कर वर्तमान नगर पंचायत भवन के सामने की चार दुकानों को तोड़कर व्यावसायिक परिसर बनाने एवं इसके लिए बैंक लोन लेने की बातें लिख दी गई है। इसी तरह 10 जुलाई की साधारण सम्मिलन की बैठक में विषय क्रमांक 7 मंडी रोड के पास नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया था।

बच्चों को उकसाकर चक्काजाम कराने पर सहायक शिक्षक निलंबित

राजनांदगांव। डीईओ प्रवास बघेल ने बच्चों को उकसाकर छुरिया बस्ती में चक्काजाम कराने के कारण छुरिया विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल कुर्मदा चारभाठा में सहायक शिक्षक रज्जाक कुरैशी को निलंबित कर दिया है। प्रभारी प्राचार्य योगेश साहू और व्याख्याता (वाणिज्य) मनीषा सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सहायक शिक्षक रज्जाक कुरैशी पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शाला छुरिया के पदस्थ थे।

39.77 लाख की लागत से होगा सीसी रोड व नाली निर्माण

- **नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने वार्डवासियों के साथ किया भूमिपूजन**

कवर्धा/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 17 में होली क्रॉस स्कूल से पेट्रोल पंप (बिलासपुर रोड) तक जर्जर हो चुकी सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू करने आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। वर्षों से खराब सड़क और नाली की समस्या के कारण आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। खराब सड़क के कारण आवाजाही में काफी मुश्किलें हो रही थी। क्षेत्रवासियों की मांग और जनहित को ध्यान में रखते हुए अब इन

दोनों महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए आज भूमिपूजन किया गया। नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि निर्माण कार्यों हेतु सीसी रोड के लिए 23.70 लाख रुपये और नाली निर्माण के लिए 16.07 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक सड़क व्यवस्था मिलेगी। वार्डवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और नपा अध्यक्ष चंद्रवंशी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनमानस की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर विकास कार्यों की शुरुआत करना सराहनीय पहल है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति बिहरिराम धुर्वे, रिंकेश वैष्णव, उपमुख्यमंत्री कार्यालय से नरेंद्र मानिकपुरी, प्रवीण परिहार, अनिल साहू, हरीश कुंभकार, जसवंत छाबड़ा, विजय लक्ष्मी तिवारी,तिलक कुर्रे, प्रमोद शुक्ला, कुमार कश्यप, उमेश कुंभकार, केशव, विनोद जायसवाल, बलराम पाली उपस्थित थे।

नवाचार... राजनांदगांव की राम्या निषाद ने मारी बाजी

जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी भवन राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर जितेंद्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल के निर्देशन में किया गया।

जिले के चयनित बच्चे और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम की रूपरेखा को व्यवस्थित करने में

जिला नोडल अधिकारी पी आर झाड़े, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर राजनांदगांव ने प्रश्नों का चयन और प्रतियोगिता संचालन किया।

जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रारंभिक स्तर कक्षा छठवीं से आठवीं तक प्रतियोगिता में जिले के 4 ब्लॉक से चयनित छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े विविध प्रश्नों का सामना करते हुए न केवल अपनी बुद्धिमत्ता दिखाई बल्कि वैज्ञानिक चेतना और नवाचार की दिशा में गहरी रुचि भी प्रदर्शित की डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने कहा कि प्रतियोगिता ने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की सोच को बढ़ावा दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार सीखने, प्रश्न पूछने और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करती हैं बल्कि उन्हें नवाचार, टीम वर्क और तार्किक सोच में भी कुशल बनाती हैं। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के जिला नोडल पी .आर. झाड़े ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों और पालकों का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता में विकासखंड राजनांदगांव की कुमारी राम्या निषाद ने प्रथम स्थान हासिल किया। विखं. डोंगरगढ़ के याशु साहू एवं विखं. से ही लोकेंद्र कुमार वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीएमसी सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ रोहित सिन्हा, एपीसी गण मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, मनोज मरकाम, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, शिक्षक गण योगेंद्र हठीले ,धर्मेद्र श्रीवास्तव, निर्भय सिन्हा, खुमान लाल साहू, भोलानाथ वर्मा, रजनी देवी ग्रेवाल,प्रतिभागी बच्चे, शिक्षक शिक्षिका एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

पाडादाह धान खरीदी केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- **ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने कैरी फॉरवर्ड पंजीयन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश**

खैरागढ़/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पांडादाह धान खरीदी केंद्र पहुँचकर खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत जारी खरीदी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल प्रक्रिया, बोरा उपलब्धता, परिवहन और उठाव कार्यों की स्थिति सहित संपूर्ण व्यवस्था का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान की नमी जाँच प्रक्रिया का अवलोकन करते कहा कि नमी जाँच यंत्र पूर्णतः कार्यशील रहें।

परीक्षण निर्धारित मानकों के अनुसार हो और किसानों को परिणाम की स्पष्ट जानकारी देने, सही नमी परीक्षण किसान हित और खरीदी की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण बताते प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने, केंद्र की ड्रेनेज व्यवस्था को तत्काल सुधारने निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी अवधि में पानी की निकासी, साफ-सफाई और परिसर का नियमित रखरखाव अनिवार्य है। अव्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। अधिकारी समयबद्ध और जिम्मेदारी से कार्य करें। इस दौरान केंद्र प्रभारी द्वारा दैनिक खरीदी, किसानों की उपस्थिति, परिवहन और उठाव की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने तैयारियों को और सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और किसान हित में संचालित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसान कैरी-फॉरवर्ड पंजीयन 30 नवंबर तक खुला है। जिन किसानों के पंजीयन में संशोधन आवश्यक है, वे इसे समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लें। उन्होंने अधिकारियों को पंजीयन कार्यों में तेजी लाने और किसानों को पूरा सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी किसान तकनीकी कारणों से खरीदी से वंचित न हो।

प्रथम पेज का शेष

विकासशील राष्ट्र के लिए सुदृढ़ ...

रणनीतियों और प्रभावी जांच एवं अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को मज़बूत करने पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री ने मज़बूत तैयारियों और समन्वय की आवश्यकता पर ज़ोर दिया ।

मौद्रिक नीति में रेपो ...

जरूरी है, जो कि यील्ड और तरलता प्रबंधन को एक साथ लक्ष्य करके एक बैलेंस बनाएगी। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक 3-5 दिसंबर को होगी। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर अवधि) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल की है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रियल जीडीपी वृद्धि दर के आठ प्रतिशत से ऊपर निकलने की वजह द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन था।

जजों के बदलने से बदल...

द्वारा लिखे गए फैसलों से बल्कि उनके व्यक्तिगत आचरण से भी सुरक्षित होती है।

जस्टिस नागरत्ना की यह टिप्पणी उस घटनाक्रम के बाद आई है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 26 नवंबर को एक बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की थी, जहां पिछले फैसलों से व्यथित पक्षों के इशारे पर बाद की बेंचों या विशेष रूप से गठित बेंचों द्वारा फैसलों को पलटा जा रहा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि फैसलों की अंतिम वैधता को बनाए रखने से न केवल अंतहीन मुकदमेबाजी को रोका जाता है, बल्कि न्यायपालिका में जनता का विश्वास भी बना रहता है।

65 लाख के 27 इनामी ...

राय, कमांडेंट 111, 230 व 80वीं वाहिनी सीआरपीएफ सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आईजी बस्तर सुंदरराज पी. ने बताया कि पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) अब बस्तर में स्थायी शांति की सबसे मजबूत पहल बन चुकी है। सिर्फ 20 महीनों में दंतेवाड़ा में 165 इनामी सहित 508 से ज्यादा नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। पूरे बस्तर रेंज में लोन वर्राटू अभियान के तहत 333 इनामी सहित 1,160 नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों को तत्काल 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत इन्हें कौशल प्रशिक्षण, कृषि भूमि, मकान और अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

पुलिस और प्रशासन ने एक बार फिर अपील करते हुए कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़िए, शांति और सम्मान की राह अपनाइए। पूना मारगेम हर उस साथी के लिए खुला है, जो घर लौटना चाहता है।

संसद के शीतकालीन सत्र में ....

चेतावनी देने का प्रावधान है, जो 10 मंत्रालयों के 76 अपराधों को प्रभावित करेगा। इससे कारोबार करने की आसानी बढ़ेगी।

2. इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल, 2025: दिवालिया प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए संशोधन, जो कॉर्पोरेट रिकवरी को सुगम बनाएगा।

3. मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (दूसरा संशोधन) बिल, 2025: राज्य स्तर पर जीएसटी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए, जो एक अध्यादेश की जगह लेगा।

4. रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2025: पुराने कानूनों को निरस्त करने और संशोधित करने का सामान्य बिल।

5. नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल, 2025: भूमि अधिग्रहण को तेज करने के लिए, जिससे राजमार्ग परियोजनाएं तेजी से पूरी होंगी।

पीएम ने देश की शांति-करुणा ...

पीएम मोदी ने कहा, भारत की महान संस्कृति में शांति और करुणा का भाव सर्वोपरि रहा है। आप दूसरे विश्व युद्ध की कल्पना कीजिए, जब चारों ओर विनाश का भयावह माहौल बना हुआ था। ऐसे मुश्किल समय में गुजरात के नवानगर के जाम साहब, महाराजा दिग्विजय सिंह जी ने जो महान कार्य किया, वो आज भी हमें प्रेरणा देता है। उस समय जाम साहब किसी सामरिक गठबंधन या युद्ध की रणनीति को लेकर नहीं सोच रहे थे बल्कि उनकी चिंता ये थी कि कैसे विश्व युद्ध के बीच पोलिश यहूदी बच्चों की रक्षा हो।

भारत ने साउथ अफ्रीका ...

अर्शदीप को दो और प्रसिद्ध कृष्णा को एक विकेट मिला।

रांची के जेएससीए स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बना दिए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी। भारत से कोहली के अलावा रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन ने 2-2 विकेट लिए।

तमिलनाडु में भीषण...

आई हैं। इस हादसे ने एक बार फिर तमिलनाडु में बढ़ते रोड एक्सीडेंट्स की गंभीर समस्या को सामने ला दिया है। पिछले कुछ महीनों में त्रिची, सलेम और विल्लुपुरम जैसे जिलों में सड़क हादसों के मामले लगातार बढ़े हैं। अभी कुछ दिन पहले ही तेनकासी में दो प्राइवेट बसों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई थी।

विधायक ने ग्राम कोसरंगी में जनचौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रविवार को ग्राम कोसरंगी पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा ग्राम सरपंच को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित भी किया।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर लगातार लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। इसी तारतम्य में रविवार को वें ग्राम कोसरंगी पहुंचे। आमजन ने खुलकर अपनी बातें विधायक के समक्ष रखी। विधायक श्री सिन्हा ने एक - एक करके लोगों से बातचीत कर उनकी समस्या एवं मांग से अवगत हुए। इसके पश्चात उनकी मांग एवं समस्या के अनुसार उन्हें उचित निराकरण का आश्वासन दिया। जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आप सभी की समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों जानकारी दी। आगे कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति मेरा पूरा समर्पण हमेशा रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। हमारा लक्ष्य जनकल्याणकारी योजनाओं को

प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए लगातार योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर उनको लाभ दिलाने की जिम्मेदारी हमारी है, जिसके लिए मैं सदैव संकल्पित हूं। आज बस्तर क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहा है, नक्सली हथियार छोड़कर मुख्य धारा में वापस लौट रहे हैं। यह हमारी सरकार की सटीक नीतियों का नतीजा है। आगे भी हम पूरे राज्य के विकास के लिए दृढ़ता से कार्य करते रहेंगे।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री साजन यादव, माखन सिन्हा, ग्राम सरपंच सुरेश कुमार साहू, भाजपा नेता श्याम साकरकर, शरद मराठा, दिनेश रूपरेला, शेर सोसायटी अध्यक्ष हरेंद्र साहू, झड़ी राम विश्वकर्मा उपसरपंच, द्वारिका साहू बूथ अध्यक्ष सहित श्रीकांत शर्मा, रमेश शर्मा, देवचरण ध्रुव, रामकुमार चंद्राकर, सोमनाथ साहू, घनश्याम निषाद, उत्तम कुमार साहू, सोहनलाल साहू, ठाकुर राम साहू, तुकाराम ध्रुव, पुनीत राम रात्रे, रूपेश कुमार साहू, चैतराम साहू, रत्ना यादव, दीप्ति साहू, गायत्री साहू, मंगतिन निषाद, मालती विश्वकर्मा, डोमन कोसले, रमेश साहू, श्यामलाल साहू, तुलसी बाई साहू, घनश्याम साहू, कृष्णा साहू, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, चम्पेश्वर सहित अन्य उपस्थित थें।

सड़क हादसे में स्वास्थ्य विभाग भंवरपुर के सुपरवाइजर घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सड़क हादसे में सुपरवाइजर घायल हो गया। ग्राम उड़ेला निवासी गुलाल सिंह टंडन ने बसना पुलिस को बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर में सुपरवाइजर हैं। 19 नवंबर को वह अपनी बाइक सीजी 06 एचसी 3258 से ड्यूटी से वापस आ रहा था। ग्राम झारबंद के पास बाइक क्रमांक एचएफ डिलक्स सीजी 06 एच डी 9636 के चालक ने पीछे से उसकी बाइक को ठोकर मार दिया। गिरने से उसके दाहिने कंधे के पास चोटें आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिनी ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर चालक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। आइसर वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई । पुलिस ने बताया कि खट्टी निवासी धनंजय मिरी ट्रैक्टर में गिट्टी लोड कर पर्ची बनाकर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से टाटा आइसर क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 ने ठोकर मार दिया, जिससे उसके सिर, दाहिने पैर आदि जगह गंभीर चोटें आई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

हाईवा से टकराई बाइक, एक घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। हाईवा से टकराकर एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को संतोष गुप्ता ने बताया कि 28 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे उसका पुत्र विकास गुप्ता बाइक बजाज पल्सर सीजी 24 जे 7981 से नास्ता करने झिलमिला चौक गया था। रात्रि करीब 9.10 बजे वापस घर आ रहा था, उसके सामने हाईवा क्रमांक सीजी 06 एचवी 6089 आगे चल रहा था। सरायपाली नया मंडी के सामने सागरस्टेट के पास हाईवा चालक ने बिना संकेत दिए वाहन को दाहिने साइड मोड़ दिया, जिससे उसका पुत्र विकास गुप्ता की बाइक टकरा गई। जिससे उसके पुत्र के बांये पैर, सिर, हाथ-पैर में चोट आई है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब के साथ दो पकड़ाए

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने तुमाडबरी के पास दो लोगों से देशी प्लेन और मसाला शराब जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर हीरो होंडा स्पलेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 04 केए 6807 को तुमाडबरी बांध के पास के घेराबंदी कर रोका। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम वार्ड नंबर 23 सुभाष नगर महासमुंद निवासी बेनू कुमार (41) व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम क्लबपारा वार्ड नंबर 26 निवासी रितेश बाघ (27) बताया। आरोपियों के कब्जे से 19 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 1520 रुपए) व 50 पौवा देशी मसाला शराब (कीमत 5000 रुपए) बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

योग भवन में आज होगा गीता पाठ

महासमुंद/नवप्रदेश। दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 1 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे से संपूर्ण गीता पाठ, विष्णुसहस्त्रनाम पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे गीता पर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती की व्याख्यान रखा गया है। रात्रि 8 से हरिनाम संकीर्तन, आरती होगी। उक्त सभी कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

निधन : यशोदा बाई साहू

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सेवानिवृत्त शिक्षक एम एल साहू की धर्मपत्नी यशोदा बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर, रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नवापारा मंडल के पूर्व महामंत्री नवल साहू जी की माता थी।

धमतरी-जगदलपुर एवं बालोद मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं से लोग परेशान

■ **मुख्य चौक में गड्ढे और टूटी नालियां बनीं हादसों की बड़ी वजह प्रशासन मौन**

गुरुर/नवप्रदेश। धमतरी से जगदलपुर और धमतरी से पुरूर होकर गुरूर-बालोद तक जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग बस्तर रोड इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण सुर्खियों में है। पुरूर के रानी दुर्गावती चौक पर सड़क की जर्जर अवस्था, बड़े-बड़े गड्ढे और टूटी हुई नालियाँ आए दिन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती जा रही हैं। तेज़ रफ़्तार में गुजरने वाले वाहनों के लिए यह चौक दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र में तब्दील हो चुका है, जहाँ प्रतिदिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, चौक के बीचोंबीच बने गहरे गड्ढों और उखड़ी हुई नालियों के चलते

दोपहिया वाहन सबसे अधिक फिसल रहे हैं। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों से बचने के लिए संतुलन खो देते हैं, जिससे दुर्घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कुछ मामलों में गंभीर चोटें और आर्थिक नुकसान भी हुआ है।

त्वरित समाधान की उम्मीद

क्षेत्रवासी उम्मीद कर रहे हैं कि जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में आने के बाद संबंधित विभाग जल्द से जल्द सड़क व नालों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से शुरू करेगा। जिससे दुर्घटनाओं की श्रृंखला पर रोक लगे और लोगों को राहत मिल सके।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

लगातार बढ़ रहे हादसों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराज़गी है। सड़क की स्थिति ऐसे समय में और भी भयावह हो जाती है जब बारिश के कारण गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे राहगीरों को खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

इस गंभीर स्थिति को लेकर जनपद पंचायत गुरूर की अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा पुरूर का मुख्य चौक लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। सड़क और नालियों की मरम्मत न होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जनङ्कधन की क्षति हो रही है, लेकिन अधिकारी मौन हैं। यह निराशाजनक है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की मरम्मत में देरी आम जनता के जीवन से खिलवाड़ जैसा है।

लोगों ने जताई नाराजगी

चौक के पास के दुकानदारों ने बताया कि सड़क इतनी ख़राब हो चुकी है कि कई बार उन्हें खुद ही मिट्टी डालकर गड्ढों को भरना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तुरंत सड़क की नई परत बिछाने, टूटी नालियों के पुनर्निर्माण, चौक पर संकेतक बोर्ड लगाने, तथा रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके।

कचरा सड़कों में न फेंकें, स्वच्छता के लिए सहयोग दें : अंजू त्रिपाठी

■ **कहा– स्वच्छ शहर तभी संभव जब हर नागरिक जिम्मेदारी निभाए**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नागरिकों से विशेष सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत प्रतिदिन सफाई, नालों की सफाई और कचरा संग्रहण का कार्य पूरी तत्परता से कर रही है, परंतु नागरिकों के सहयोग के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता।

अध्यक्ष त्रिपाठी ने लोगों से स्पष्ट कहा कि घर और दुकानों का कचरा सड़कों, नालियों या खाली जगहों पर न डालें, बल्कि नगर पंचायत की कचरा गाड़ियों और सार्वजनिक डस्टबिन का उपयोग करें। स्वच्छता दीदियाँ रोजाना घर-घर जाकर कचरा एकत्र कर रही हैं, इसके बावजूद कई इलाकों में लोग खुले में फेंक देते हैं, जिससे शहर की छवि खराब होती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में हर वर्ष नगरों की रैंकिंग तय होती है।

यदि डोंगरगांव के लोग जिम्मेदारी निभाएँ तो हमारा नगर भी उत्कृष्ट स्वच्छता रैंकिंग हासिल कर सकता है और शहर का गौरव बढ़ा सकता है, — अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा।

अंजू त्रिपाठी ने विशेष रूप से ठेला-खुमचा संचालकों, फुटपाथ दुकानदारों व बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों से अपील की कि दिनभर का कचरा निर्धारित स्थान पर बने डस्टबिन में ही डालें।

मटियावार्ड गांव में बोरखनन व पाइपलाइन विस्तार का भूमिपूजन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के मटियावार्ड-14 स्थित घुमरिया नदी किनारे बोरखनन एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य का शनिवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। नगर में पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत लगभग 42 लाख रुपये की लागत से यह महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की जा रही है।

परियोजना के तहत नदी किनारे से बीपीएस स्कूल एवं खेल मैदान के समीप स्थित वाटर हेड टैंक तक नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। साथ ही बोरखनन कार्य होने से गर्मी के दिनों में संबंधित वार्डों में होने वाली जल संकट की समस्या से प्रभावी राहत मिलने की उम्मीद है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग सभापति

पुरुषोत्तम साहू, गणमान्य नागरिक कृष्णकुमार शर्मा, पुसऊ पटेल, नूतन साहू, मनबोधी पटेल, धर्मेंद्र साहू, तुषार यादव, सहायक अभियंता बर्मन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

स्थानीय निवासियों ने इस विकास कार्य के लिए नगर पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दीर्घकालिक जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी।

दो सड़क हादसे में 2 की मौत, वाहनों की तलाश में जुटी पुलिस

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा कम होने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन इन सड़क हादसे में लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। संबंधित विभाग और प्रशासन इन पर कमी लाने में पूरी तरह नाकाम है। पिछले दो दिनों में जिले के महासमुंद और बागबाहरा में दो अलग-अलग सड़क हादसे ने फिर से दो लोगों की मौत हो चुकी है।नेशनल हाईवे 353 से लगे ग्राम बेलसोंडा में एक ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी और बच्चे बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बसंत धीवर (35) पत्नी और बच्चों के साथ स्कूटी में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खरोरा राईस मिल के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दी। अज्ञात वाहन की ठोकर से बसंत और उसका परिवार सड़क पर गिर गए, जिससे बसंत के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और एबुलेंस को दी और उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, सड़क किनारे गिरे वाहन के पार्ट्स, टायर के निशान और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज व हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

बेलसोंडा में जैसे ही बसंत की मौत की खबर पहुँची, पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। मकान निर्माण के व्यवसाय में सक्रिय और सामाजिक रूप से मिलनसार बसंत की मौत से गांव शोकाकुल हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रही सड़क दुर्घटना व उसमें हो रही मौत को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है।

ट्रक से उतरे चालक को वाहन ने चपेट में लिया

बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में वाहन के दस्तावेज की जांच कराने ट्रक से उतरे चालक को विपरीत दिशा से एक वाहन ने अपनी चपेट में लिया जिससे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक क्रमांक एमएच 31 डीएस 4091 में माल लेकर ओड़िशा जा रहा था। इसी दौरान वह शनिवार की शाम लगभग 6 बजे बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में गाड़ी खड़ी कर उतरा तभी विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मृत वाहन चालक की पहचान उसके आधार कार्ड से की। मृतक वाहन चालक फ्लेट नंबर 103 सी-विंग देव कृपा हाउसिंग सोसायटी भंडारा रोड वर्धमान नगर नागपुर निवासी इकबाल सिंग जगत सिंह खनूजा (62) था। पुलिस ने पुलिस वाहन मालिक सहित वाहन चालक के परिजनों को सूचित कर शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सीसी टीवी कैमरों को खंगाल कर आरोपी वाहन एवं वाहन-चालक की पतासाजी करने में जुटी गई है।

बारहवीं के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुन बनाना सीखा

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन प्रयोगशाला में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क में साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन निर्माण करना सिखाया गया। रसायन प्रयोगशाला में डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर के मार्गदर्शन और सरोज सोनी के सहयोग से बच्चों ने साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन बनाना सीखा। व्याख्याता चंद्राकर ने बताया कि साबुन निर्माण हेतु नारियल तेल, सोडियम हाइड्रोक्साइड और सोडियम क्लोराइड की आवश्यकता होती है। विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए गए साबुन की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य जीआर सिन्हा ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रयोग कर ही हर कठिन प्रश्नों को आसानी से समझ सकते हैं।

स्वाति गंधर्व को मिली डॉक्टरेट उपाधि

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में दो दशकों से अधिक समय से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं प्रधान पाठिका श्रीमती स्वाति गंधर्व को हाल ही में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली स्वाति गंधर्व लंबे समय से काव्य, साहित्य तथा विज्ञान संचार जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रही हैं। मनोविज्ञान में विशेष रुचि रखने वाली श्रीमती गंधर्व ने अपने शोध व सामाजिक कार्यों के माध्यम से शिक्षा और पर्यावरण दोनों क्षेत्रों में सार्थक संदेश दिया है। डॉक्टरेट प्राप्ति पर शाला परिवार सहित जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, संकुल प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, संकुल

समन्वयक वेदराज ठाकुर, तथा किशन देशमुख, गिरीश हिरवानी, मोहन साहू, हंस कुमार मेश्राम, नंदलाल साहू, मनोज वर्मा, संजीव गंधर्व, मेहत राम सोनकर, नीलम जैन, यामिनी रावटे, मधु साहू, भगवती साहू, रूमलाल वर्मा सहित छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। स्वाति गंधर्व की इस उपलब्धि को शिक्षा जगत में प्रेरणादायक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

सूने घर से लाखों की चोरी आधारकार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, जमीन दस्तावेज को भी ले उड़े चोर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बेमचा में सूने घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने ममता चंद्राकर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफबीएनएस की धारा 305 (ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 18 वर्धमान नगर इन्द्रा कालोनी बेमचा निवासी ममता चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर को वह अपनी बेटी सुभिक्षा के साथ शादी कार्यक्रम में बिरकोनी गई थी। घर में उसका बेटा प्रियांशु चंद्राकर था। 28 नवंबर की शाम करीब 6 बजे प्रियांशु भी बिरकोनी चला गया। जब 29 नवंबर को सुबह 7:20 बजे उसका बेटा ग्राम वापस घर आया तो घर का ताला टूटा व घर का सब सामान बिखरा पाया, जिसकी सूचना उसने फोन पर दी।

श्याम बिहारी जायसवाल का धमधा आगमन अस्पताल समस्याओं पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

धमधा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को धमधा नगर पहुंचे, जहाँ भाजपा मंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने धमधा अस्पताल की समस्याओं और सुविधाओं के अभाव से मंत्री को अवगत कराया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संसाधन बढ़ाने की मांग रखी।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए दुर्ग के सीएमएचओ मनोज दानी से धमधा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि साजा विधायक ईश्वर साहू के क्षेत्र की जनता को किसी

भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ बेहतर की जाएँ। मंत्री जायसवाल ने भविष्य में पुन: धमधा आगमन का आश्वासन भी दिया।

स्वागत करने वालों में मंडल मंत्री जितेंद्र देवांगन, जित्तू धीवर, दीपक साहू, अश्वनी धीवर, राजा सोनकर तथा मंडल कार्यकारिणी सदस्य रामप्रकाश धीवर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बवाल | **गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में संगठन में जबरदस्त बवाल**

गजमती भानु को कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाना बना विवाद की जड़

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। कांग्रेस संगठन की नई जिलेवार सूची में गजमती भानु को ज़िला अध्यक्ष घोषित किए जाने के बाद से पूरे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में राजनीतिक भूचाल आ गया है। वर्षों से पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और संगठन के भीतर तीखा विरोध खुलकर सामने आ गया है।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन सृजन अभियान के दौरान आए पर्यवेक्षकों के सामने श्रीमती गजमती भानु का नाम कहीं भी प्रस्तावित नहीं हुआ था। इसके बावजूद उन्हें सीधे ज़िला अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर कांग्रेसियों में गहरी नाराज़गी है।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह नियुक्ति जमीनी कार्यकर्ताओं के मनोबल पर सीधा प्रहार है।

गजमती भानु का पूरा राजनीतिक सफर – विवादों से भरा इतिहास

प्राप्त जानकारी के अनुसार गजमती भानु, स्वर्गीय अमर सिंह भानु की पत्नी हैं और मूलत: रायगढ़ जिले की निवासी बताई जाती हैं। उनका राजनीतिक जीवन छत्तीसगढ़ राज्य गठन से पूर्व प्रारंभ हुआ। 2003 तक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में सक्रिय सदस्य रहीं। 2004 के बाद डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ीं और सक्रिय भूमिका निभाई।

2015 – भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में ग्राम पंचायत सेमरा का चुनाव लड़ा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी श्रीमती चित्रा सांडे को पराजित किया। इसी दौरान वे भाजपा के समर्थन से गौरेला विकासखंड सरपंच संघ की अध्यक्ष बनीं।

2018 – अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ में शामिल होकर मरवाही विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहीं। इस पूरे राजनीतिक इतिहास को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस व्यक्ति की पहचान पार्टी बदलने से बनी हो, उसे कांग्रेस की ज़िला अध्यक्ष की कुर्सी सौंपना समझ से परे है।

राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान की खुलेआम अवहेलना

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस फैसले को सीधे तौर पर राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान का अपमान बताया है। उनका कहना है कि जिस अभियान का मकसद जमीनी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आगे लाना था, उसी अभियान की भावना को इस नियुक्ति ने पूरी तरह कुचल दिया है। कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि यदि पार्टी नेतृत्व ने समय रहते इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया तो इसका सीधा असर भविष्य के चुनावों में कांग्रेस की स्थिति पर पड़ेगा।

नेताओं पर दबाव बढ़ा

जिलाध्यक्ष नियुक्ति की खबर फैलते ही जिलेभर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच हड़कंप मच गया है। कई वरिष्ठ नेता प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेताओं से लगातार संपर्क कर अपनी नाराज़गी दर्ज करा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

दो वाहनों की टक्कर, गन्ना से लदी ट्रैक्टर- ट्राली पलटा

बरबसपुर/नवप्रदेश। रामहेपुर चौक बिलासपुर नेशनल मार्ग पर दो वाहनों के बीच रात 1:00 बजे टक्कर गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटा और ट्रेलर गाड़ी जाकर घर के द्वार तक घुसा ड्राइवर घायल कंडक्टर को लगा चोट टेलर गाड़ी के आगे के हिस्सा क्षतिग्रस्त वाहनों के रफ्तार और भारी भरकम गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्राली के कारण रात में होने के कारण अचानक हादसा दुर्घटना का हो रहे हैं शिकार कभी घायल तो कभी मौत की सिलसिला नेशनल मार्ग बिलासपुर पर हो रही है बता दे की बिलासपुर नेशनल मार्ग रामहेपुर चौक पर रात 1:00 बजे ट्रैक्टर और ट्रेलर गाड़ी दोनों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई बता दें कि बिलासपुर नेशनल मार्ग पर अब किसानों ने अपने उपज गन्ना की फसल को ट्रैक्टर में भरकर कारखाना पहुंच रहे हैं और वही तेज रफ्तार 24 घंटे वाहन इस मार्ग पर दौड़ रहे हैं जिनके कारण अचानक दोनों के बीच टक्कर हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं बता दे की कवर्धा से भोरमदेव शक्कर कारखाना तक अब हादसा दुर्घटना का कारण प्रतिदिन हो रहे हैं रामहेपुर चौक के पास बिजली ट्रांसफार्मर से लदी ट्रेलर वाहन तेज रफ्तार से पोंड़ी से कवर्धा आ रहे थे और वही गन्ना से लदी हुई ट्रैक्टर भोरमदेव शक्कर कारखाना जा रही थी रामहेपुर चौक के पास तेज रफ्तार टेलर गाड़ी ने गन्ना ट्राली को टक्कर मारते हुए घर के द्वार तक जा पहुंचा जिससे ट्रेलर गाड़ी के सामने की पूरजा चूर-चूर हो गए और कंडक्टर को चोट आई और ड्राइवर घायल हो गया है और वही गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई ट्रेलर गाड़ी ड्राइवर को उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गया यह घटना 1:00 बजे रात्रि की है इसलिए आए दिन इस मार्ग पर कभी घायल तो कभी मौत का शिकार हो रहे हैं इस रोड पर हादसा दुर्घटना का कारण बनती जा रही हैं तेज रफ्तार नहीं थम रहे हैं तेज रफ्तार को रोकने के लिए जागरूकता करने की जरूरत है क्योंकि जागरूकता के अभाव के कारण राजमार्ग पर घायल और मौत हो रहे हैं इस मार्ग पर चलने वाले और सभी वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की जाए 24 घंटा पुलिस की तैनात की जाए वाहन चालकों को चौक चौराहे पर गाड़ी रोककर इस मार्ग पर तेज चलना मना है क्योंकि तेज रफ्तार चलाने से सड़क श्मशान घाट में तब्दील हो जाते हैं इसलिए रफ्तार को रोकना जरूरी है ताकि हादसा दुर्घटना ना हो सके।

जितेंद्र मुदलियार की नवनियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष के रूप में जितेंद्र मुदलियार की घोषणा होते ही पूरे शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। शुक्रवार शाम नाम घोषित होते ही उनके निवास और शहर के प्रमुख स्थानों पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। देर रात तक कार्यकर्ता उनके घर पहुँचकर शुभकामनाएँ देते रहे। आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता के अध्यक्ष बनने की खुशी खुलेपन के साथ मनाई।

जितेंद्र मुदलियार ने अपनी नियुक्ति के तुरंत बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से दूरभाष पर चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने इन वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन पर जो भरोसा जताया गया है, वे उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएँगे।

समर्थन और शुभकामनाओं की बाढ़

शनिवार सुबह जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुदलियार का भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उन्हें सम्मानित किया और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इज़हार किया। इस अवसर पर मुदलियार ने कहा कि जिला शहर कांग्रेस कमेटी को नई ऊर्जा, नए विस्तार और सक्रिय जनसंपर्क अभियानों की दिशा में और मज़बूती से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के विचारों को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया।

मुदलियार ने कहा कि पार्टी द्वारा दिया गया यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी है। आगे आने वाले दिनों में वे शहर में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे लाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज़ करने की रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं, महँगाई, बेरोज़गारी, अव्यवस्थित शहरी विकास और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों पर कांग्रेस की आवाज़ पहले से अधिक तीखी और संगठित होगी।

नवनियुक्त अध्यक्ष से मिलकर शुभकामनाएँ देने वालों में जिला ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, गोपीचंद गायकवाड़, शिव अग्रवाल, प्रेम रुपचंदानी, भगवानदास सोनकर, नरेश साहू, युवराज भारती, सीताराम श्रीवास, लक्ष्मण साहू, राकेश चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, ललित कुमार, बाबा राठौर, तुलदास साहू, देवेश रायचा, अक्षय रायचा, देवेश वैष्णव, हिमांशु वैष्णव, चेतन चंद्राकर, तजेंद्र वैष्णव, शुभम पांडेय, मोनिश धनकर, दिलू साहू, टिंकू साहू, शैलेश साहू, पिंकू खान, लोकू यादव, अभय सांखला, मोहन साहू, बंटी महाराज, प्रज्ञा गुप्ता, पंकज गुप्ता, खैरुन निशा, अब्दुल कलाम, महेश यादव, राजेश चम्पू गुप्ता, आशा अग्रवाल, अख्तर, राम रूचंदानी सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे।

पीएम आशा योजना से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी

किसानों की उन्नति का रास्ता खुला



राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा पीएम आशा योजना अंतर्गत सहकारी सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जाएगी। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। कृषि विभाग ने इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी है। खरीफ एवं रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसलों का लाभ उठाने वाले किसानों को पीएम आशा योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्किम के तहत खरीफ में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसलों तथा रबी में चना, मसूर और सरसों फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। इसके लिए जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। योजनान्तर्गत खरीफ 2025 के दलहन फसल अरहर, उड़द, मूंग एवं तिलहन फसल में सोयाबीन, मूंगफली तथा रबी 2025-26 हेतु चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में होगी। भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में और दलहन तथा तिलहन क्षेत्र का रकबा बढ़ाने के लिए यह सार्थक प्रयास किया गया है, जिससे जिले के किसानों में हर्ष का महौल हैं।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर अरहर 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, मूंग एवं उड़द 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, मूंगफली एवं सोयाबीन 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, सरसों 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, चना एवं मसूर 1 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक खरीदी करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। नाफेड उपार्जन एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये है। योजनान्तर्गत कृषकों को खरीफ के साथ-साथ रबी मौसम में बोई जाने वाली फसलों का सीधा मुनाफा उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा। इससे न केवल रबी फसलों का क्षेत्र विस्तार होगा, बल्कि उन क्षेत्रों के किसानों को भी लाभ होगा, जहां केवल खरीफ में धान की खेती की जाती थी। शासन द्वारा रबी में दलहन-तिलहन फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन आयलसीड, द्वि फसलीय क्षेत्र विस्तार और आत्मा योजना के तहत अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत राजनांदगांव के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, डोंगरगांव, तुमड़ीबोड़, कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़, अछोली, मुसरा, मोहारा और लाल बहादुर नगर शामिल हैं। फसलों के उपार्जन के लिए शासन द्वारा अधिकतम उपार्जन मात्रा प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा, जिससे नाफेड द्वारा डेटा प्रदर्शित किया जाएगा। इस डेटा के आधार पर फसल उपार्जन और भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।

उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों के हित में तथा दलहन-तिलहन क्षेत्र के विस्तार हेतु कृषक हितकारी योजना का शुभारंभ किया गया है।

ब्राम्हण समाज की बेटियों को लेकर अनुचित बयान, आईएएस का पुतला फूंका

कुम्हारी/नवप्रदेश। गत दिनों संतोष वर्मा (आई.ए.एस.) जो कि अजाक्स मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष हैं, के द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में सार्वजनिक मंच से दिए अनुचित बयान (जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी दान न करें तब तक आरक्षण मिले) जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिससे सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज आहत है और जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर आंच आ रही है। उनके इस कृत्य से सामाजिक सौहार्द बिगडने की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना है, ब्राह्मण समाज में उनकी बातों से काफी आक्रोश है। इसी बात को लेकर ब्राह्मण समाज ने स्टेशन चौक में संतोष वर्मा का पुतला फूंका।

ब्राह्मण समाज ने कहा कि संतोष वर्मा एक भारतीय प्रशासनिक अधिकारी है, उन्हें सभी नियम-कानून का ज्ञान होने के बाद भी ऐसा कृत्य करना उनकी संकीर्ण मानसिकता को प्रदर्शित करता है। अतः उनसे आई.ए.एस. अवार्ड वापस लिया जाए साथ ही उन पर तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 298, 299 एवं धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 153 तथा आई टी. एक्ट सेक्शन 67 के तहत अपराध पंजीबद्ध एवं उन पर कठोर प्रशासनिक कार्यवाही कर ब्राह्मण समाज को उचित न्याय दिलवाया जाय जिससे आने वाले समय में इस प्रकार के सामाजिक विद्वेष फैलाने वालों पर अंकुश लग सके। इस आयोजन को सम्बोधित करने वालों में आर बी मिश्रा, पी एन दुबे, अवधेश शुक्ला, गजेंद्र पाण्डेय, प्रभात मिश्रा, लक्ष्मी, वीरेंद्र सिंह, रवि जैन, सुरेश पाण्डेय, अनिल कुमार शुक्ला, अजय शुक्ला, देव शर्मा, नवीन दुबे, अनुज शुक्ला, मनोज मिश्रा एवं मनोज वर्मा शामिल हैं। इस आयोजन में चौक में विद्युत व्यवस्था की की कमी की वजह से थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह संम्पन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी का 11 वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह प्रेस क्लब सभागार में संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुम्हारी नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि श्री शशांक शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी) एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना वर्मा ने कहा कि नगर के लिए यह गर्व की बात है कि यहां ऐसी प्रतिभाएं मौजूद हैं और इनकी प्रतिभा को पहचानकर पत्रकारों ने आज इनका सम्मान किया ।इसके लिए सभी पत्रकारों को साधुवाद।

, स्वच्छ डोंगरगांव के लिए सहयोग दें स्वच्छ शहर तभी संभव जब हर नागरिक जिम्मेदारी निभाए: अंजू त्रिपाठी

डोंगरगांव / नवप्रदेश। नगर पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नागरिकों से विशेष सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत प्रतिदिन सफाई, नालों की सफाई और कचरा संग्रहण का कार्य पूरी तत्परता से कर रही है, परंतु नागरिकों के सहयोग के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता।

अध्यक्ष त्रिपाठी ने लोगों से स्पष्ट कहा कि घर और दुकानों का कचरा सड़कों, नालियों या खाली जगहों पर न डालें, बल्कि नगर पंचायत की कचरा गाड़ियों और सार्वजनिक डस्टबिन का उपयोग करें। स्वच्छता दीदियाँ रोजाना घर-घर जाकर कचरा एकत्र कर रही हैं, इसके बावजूद कई इलाकों में लोग खुले में फेंक देते हैं, जिससे शहर की छवि खराब होती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में हर वर्ष नगरों की रैंकिंग तय होती है।

÷यदि डोंगरगांव के लोग जिम्मेदारी निभाएँ तो हमारा नगर भी उत्कृष्ट स्वच्छता रैंकिंग हासिल कर सकता है और शहर का गौरव बढ़ा सकता है, – अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा।

अंजू त्रिपाठी ने विशेष रूप से ठेला-खुमचा संचालकों, फुटपाथ दुकानदारों व बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों से अपील की कि दिनभर का कचरा निर्धारित स्थान पर बने डस्टबिन में ही डालें।

उन्होंने कहा, स्वच्छता सिर्फ नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हम सभी की साझी जिम्मेदारी है।

सांसद भोजराज नाग ने बूथ-वार एवं सेक्टर-वार व्यापक निरीक्षण किया

नगरी/ नवप्रदेश। नगरी के रेस्ट हाउस में दिन शुक्रवार को भाजपा की **एसआईआर** को लेकर बैठक हुई जिसमें कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे **एसआईआर** (विशेष मतदाता सूची निरीक्षण) कार्य का बूथ-वार एवं सेक्टर-वार व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद नाग ने स्पष्ट कहा कि जिन बूथों पर मतदाता पहचान में समस्या सामने आ रही है, वहाँ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारी व पार्टी द्वारा अधिकृत कार्यकर्ता तुरंत समाधान कराएँ, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

दोपहर 12 बजे तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 89प्र. **एसआईआर** कार्य पूर्ण हो चुका था।

भारतीय जनता पार्टी धमतरी जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बूथ-वार प्रगति रिपोर्ट सांसद को सौंपते हुए आवश्यक विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सांसद ने नगरी नगर पंचायत के तीन बूथों का स्थलीय निरीक्षण भी किया, जहाँ बूथ अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यों की समीक्षा की गई।निरीक्षण से संतुष्ट होकर सांसद नाग ने निर्देश दिया कि 4 दिसंबर से पूर्व कोई भी योग्य स्थानीय मतदाता सूची से न छूटे।

बाहरी राज्य/क्षेत्र से आए व्यक्तियों के नाम चिह्नित कर आवश्यक विलोपन हेतु आवेदन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे– जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक , जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, स्ह्रक्र प्रभारी नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्व, सदस्य अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, चंद्रकला साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ।

जिला अस्पताल में आपदा प्रबंधन की शुरुआत

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला अस्पताल गरियाबंद मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। विगत वर्ष हेल्थ सिस्टम ईमर्जन्सी प्रीपेरड्नस विषय पर राज्य एवं संभाग स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसके आधार पर चयनित 7 जिलों में अस्पताल आपदा प्रबंधन समिति (HDMC) का गठन किया गया । जिनमें गरियाबंद जिला भी शामिल है। मॉडल HDMP को व्यवहारिक रूप से लागू करने हेतु यूनिसेफ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ श्रीमती वंदना चौहान को जिलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है।

सलौनीकला प्राचार्य का कारनामा, पढ़ने वाले बच्चों से साईकिल ढुलवाया गया

भटगांव /नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलौनीकला एक बार फिर सुर्खियों पर है। जहाँ सलौनीकला स्कूल प्रभारी प्राचार्य का बड़ा और गंभीर लापरवाही सामने आया है। सलौनीकला में पढ़ने वाली बच्चियों को शासन की महती योजना के तहत साइकिल मिलना था। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम प्रेमभुवन प्रताप सिंह शासकीय विद्यालय में, विद्यालय के प्राचार्य व प्रतिनिधि को साइकिल वितरण किया जा रहा था। परंतु सलौनीकला में पढ़ने वाले लड़कों को ट्रैक्टर से भेजकर साईकिल ढुलवाया गया। हद तो तब हुआ जब बच्चे ही साईकिल से लदा ट्रैक्टर चलाते विद्यालय पहुँचा। बच्चे द्वारा ट्रैक्टर चलाते वीडियो भी सामने आया। प्राचार्य की यह लापरवाही बच्चों की जिंदगी को खतरे में डालने जैसा हरकत है। बच्चों के साथ जाने - अनजाने कुछ अनहोनी हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता.? इस तरह बच्चों के जान को जोखिम में डालने वाले प्राचार्य की जिम्मेदारी पर भी गंभीर सवाल उठने लगे है।

हालाँकि इस मामलें में प्रभारी प्राचार्य इस लापरवाही को थोड़ा सा मिस्टेक बताकर कार्यवाही से बचने की कोशिश करते भी नजर आए है।

प्राचार्य की जिम्मेदारी भी बनती है कि ट्रैक्टर को अपनी जिम्मेदारी और अपनी देख-रेख पे स्कूल लाए और वितरण करें।

बहरहाल अब देखना होगा कि इस घटना पर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग क्या कुछ कार्रवाई करते हैं। या यूंही खाना पूर्ति कर प्रभारी प्राचार्य को बचाने की कोशिश कि जाएगा।

जे, आर , डहरिया (जिला शिक्षा अधिकारी)
देखकर जांच करेंगे जांचकर कार्रवाई करेंगे।

कुमार चौहान (प्रभारी प्राचार्य)
हा मेरे या 24 सायकल मिलना था और गांव में ट्रेक्टर जुगाड़ किए और स्टूडेंड का ही ट्रेक्टर था और और हा मेरे से मिस्टेक हुआ है।

प्रियतम भारतद्वाज (प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम प्रेमभुवन प्रताप सिंह विद्यालय भटगांव)
भटगांव परिक्षेत्र के 11 स्कूलों को सायकल वितरण किया गया जिसमें स्कूलों में प्राचार्य व उनके प्रतिनिधियों को सायकल दिया गया और जिस तरह से बच्चों से सायकल ढोहाया गया है ये आपराधिक श्रेणी के अन्तर्गत है इसकी जांच होना हो।

तारिणी नीलम चन्द्राकर को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कुरुद में जश्न

कुरुद/नवप्रदेश। जिला संगठन सृजन अभियान के तहत पिछले दिनों आब्जर्वर द्वारा जिला के समस्त नेता व कार्यकर्ताओ से वन टू वन चर्चा कर फीडबैक लिया था। जिसके फलस्वरूप जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के लिए तारिणी चन्द्राकर को पार्टी हाईकमान ने जिला का अध्यक्ष घोषित किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी नीलम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर कुरुद विधानसभा सहित जिला में हर्ष व्याप्त है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद द्वारा कांग्रेस भवन में बधाई व आभार व्यक्त करने के बाद नारेबाजी व आतिशबाजी करते हुए पुराना बाजार, सरोजनी चौक,कारगिल चौक में कांग्रेसियों ने अपने खुशी का जाहिर किया।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि धमतरी ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इतिहास में पहली बार कुरुद नगर व क्षेत्र से जिला अध्यक्ष का पद मिलने से हम बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। सशक्त,ऊर्जा वन व सक्रिय नैत्री को बनाये से पार्टी को मजबूती मिलेगी।हम राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जिला पंचायत सदस्य व पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने सभी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकता व एकरुपता ही हमारी पार्टी की ताकत है ?।सभी को सम्मान, लगातार जिले में दौरा कर नाराज कांग्रेसियों को साथ लेकर पार्टी को मजबूत बनायेंगे। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश व जिला के समस्त वरिष्ठों के मार्ग दर्शन व सलाह से जिला संगठन को पहले से और भी ज्यादा मजबूत बनायेंगे। पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान ने महिला वर्ग को सम्मान देने के लिए हाईकमान का आभार माना।इस अवसर पर प्रमुख तौर पर वरिष्ठ नेता प्रहलाद चन्द्राकार, भखारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू साहू, मगरलोड ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीहु राम राम, पूर्व रमेश्रर साहू, बसंत साहू, प्रमोद साहू, राजेन्द्र साहू,पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, हेमंत नवरंगे, नपा नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद रजत चन्द्राकर,उत्तम साहू, पूर्व पार्षद चुम्मन दीवान, राघवेन्द्र सोनी,पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल,रामचंद्र रतलानी , चन्द्र प्रकाश देवांगन, ,महिम शुक्ला, लव चन्द्राकर,होमेंद साहू, लेख राम साहू,भागवत यादव, मुकेश यादव, पुरूषोत्तम साहू,लीला राम कंवर, पप्पू साहू, ऋषि शर्मा,विनित बाफना, नेहरू साहू, धानेश्वर सिन्हा,रानु साहू,देवान साहू,बहुर राम साहू, वीरेंद्र कुमार, मुकेश साहू, गजानंद चक्र धारी,गेंदालाल धुर्वंशी,मानक साहू,पत्तेदार तारक,राजेश तारक, घनश्याम धुव,राजेश तारक, बालगोविंद साहू, भूपेंद्र सिन्हा सहित अनेक बड़ी संख्या में कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा ने निकाली स्वदेशी पदयात्रा

स्वदेशी अपनाने से देश समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा : रोहित साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और जनमानस को स्वदेशी अपनाने प्रेरित करने के उद्देश्य से भाजपा ने रविवार को स्वदेशी पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में ग्राम पारागांव से भूतेश्वर महादेव तक निकली गई।

यात्रा में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र के साथ पदयात्रा के दौरान लोगों ने स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प लिया और आम जनता को भी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने पूरे देश से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है। स्वदेशी अपनाने से देश आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध व सबल बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः 'विश्व गुरु' के पद पर आसीन करने के लिए वोकल फॉर लोकल को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।

जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक आज़ादी का

भी आधार है। स्वदेशी वस्तुओं को खरीदकर हम किसान, मजदूर और छोटे उद्यमियों के जीवन में खुशहाली लाते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी चकाचौंध से दूर रहकर अपनी माटी में बने उत्पादों को प्राथमिकता देना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

इस अवसर कर पदयात्रा में जिला महामंत्री द्वय आशीष शर्मा, चंद्रशेखर, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मिलेश्वरी साहू, प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, मुरलीधर सिन्हा, बलदेव सिंह हुंदल, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, ज़िप उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिप सदस्य लेखराम ध्रवा, शिवांगी चतुर्वेदी, सागर मयाणी, धनराज विश्वकर्मा, धनंजय नेताम, परमेश्वर सेन, पुरषोत्तम ध्रुव, विष्णु मरकाम, पुष्पा साहू, खेम सिंह बघेल, उमेश सिंह, देवकी साहू, संजू साहू, यश मिश्रा उपस्थित रहें।

न्यूज गैलरी

यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 के किनारे छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगा रहे कुछ लोगों पर तुमगांव पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नेशनल हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारी कमलेश पटेल ने आवेदन पेश किया कि 28 नवंबर को करीब 2.45 बजे करणीकृपा प्लांट के सामने एनएचएआई के किनारे छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के अशोक कश्यप, हेमसागर पटेल, रूप सिंह निषाद, दौलत राम ध्रुव, विमल कुमार, अमजद खान छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित कर रहे थे ,जिससे रायपुर से सरायपाली जाने वालों को बाधा हो रही थी, समझाइश देने पर वे नहीं माने और विवाद कर रहे थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 285, 3(5) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 8(ख) के तहत अपराध दर्ज किया है।

संत गुरु घासीदास की शोभायात्रा में शामिल होंगे नपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। सतनामी समाज द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। जिसमें शामिल होने समाज के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को आमंत्रित किया। प्रगतिशील सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे व समाज प्रमुख दिनेश बंजारे नपाध्यक्ष को आमंत्रण देने पहुंचे। साहू ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उन्होंने आपसी भेदभाव को भुलाकर समस्त मानव जाति को मानवता का पाठ पढ़ाया। ऐसी महान विभूति की जयंती अवसर पर भव्य शोभायात्रा आयोजित हो रही है, यह हम सब के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने नगरवासियों से बाबा श्री गुरु घासीदास की शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

दिनेश कुमार शर्मा प्राचार्य पद पर पदोन्नत

भाटापारा/नवप्रदेश। शास बहु उच्च माध्य विद्यालय भाटापारा के व्याख्याता दिनेश कुमार शर्मा का प्राचार्य के पद पर पदोन्नति होने के पश्चात उन्हें शास उच्च माध्य विद्यालय देवरी में पदस्थ किया गया हैं। वे सितंबर 2019 से शास बहु उच्च माध्य विद्यालय भाटापारा में प्रभारी प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं । इसके अलावा वे आई आर यादव शास बहु उच्च माध्य विद्यालय के आहरण एवं संवितरण आधिकारी, संकुल प्राचार्य, नोडल प्राचार्य आशासकीय विद्यालय आर टी ई के जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये । उनकी पदोन्नति पर परिजन ,इष्टमित्र, विद्यालय के शिक्षक संकुल के विद्यालय शिक्षक, क्लर्क, नोडल विद्यालय के शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दिये है।

कमला बाई को जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

नगरी/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 09 बांधा पारा निवासी गणेश साहू एवं निर्मल साहू की माताजी कमला बाई साहू का 28 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद एवं सभापति अल्का साव, द्वारा शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत ?2000 की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने ग्राम पंचायतों में आवास चौपाल का आयोजन

■ **इस वर्ष कुल 26400 आवास स्वीकृत, 25580 हितग्राहियों को पहली किश्त जारी**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासो को शीघ्र प्रारंभ कराने एवं समय-सीमा में पूर्ण कराने कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन कराया जा रहा है।

सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों को पक्का मकान प्रदान करने का क्रांतिकारी कदम है जो ना केवल आवास की कमी को दूर करती है बल्कि ग्रामीण जीवन को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाती है। योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जिले में 26400 आवास स्वीकृत किया गया है जिसमे से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्योत्सव के अवसर पर 25580 हितग्राहियो के खाते में पहली किश्त की राशि जारी किया गया।

योजना पूर्णत: नि: शुल्क अनाधिकृत वसूली से सावधान

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पारदर्शी और नि:शुल्क योजना है जहां किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नही लिया जाता।किसी भी व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत वसूली, कमीशन या सुविधा शुल्क की मांग नही कर सकता। यदि कोई ब्यक्ति आवास पास कराने क़िस्त जल्दी दिलाने या अन्य किसी बहाने से पैसा मांग,अनाधिकृत वसूली करने पर, तत्काल शिकायत जनपद पंचायत सीईओ,. सीईओ जिला पंचायत या कलेक्टर कार्यालय में दर्ज करायें। ऐसे मामलों का त्वरित जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आवास चौपाल का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में तकनीकी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है जिसमे सभी नवीन स्वीकृति उपरांत राशि प्राप्त आवास के हितग्राही, पूर्व वर्षो के स्वीकृति उपरांत अपूर्ण आवास के हितग्राही, राजमिस्त्री, निर्माण सामाग्री सप्लायर, सरपंच, सचिव एवं अन्य संबंधित शामिल होते हैं। अब तक बलौदाबाजार में 56, भाटापारा 34, कसडोल में 24 और पलारी 22 पंचायतो में आवास चौपाल करा किया गया है।

आवास चौपाल का उद्देश्य

वर्ष 2025-26 में प्रथम क़िस्त जारी 25580 आवास के हितग्राहियो को क़िस्त जारी की जानकारी देना। सभी आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ कराना।योजना के तहत कन्वर्जेन्स के माध्यम से मिलने वाले अन्य लाभ का जानकारी देना। राजमिस्त्री एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता पर चर्चा। पूर्व वर्षो के आवासो को जल्दी पूर्ण कराना। आवास निर्माण की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना। रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराना। सौर सुजला के तहत सौर पैनल लगवाने की जानकारी देना शामिल है।

नगर पंचायत नगरी में सुनी गई 'पीएम मोदी के 'मन की बात'

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के सभा हाल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित किए जाने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री जी ने अपने 128वें एपिसोड में भारत की खेल उपलब्धियों, खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि, संविधान दिवस, तथा वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रकाश डाला।

इसके साथ ही उन्होंने स्वदेशी अपनाने का पुनः आग्रह किया एवं इसके लिए सुझाव भी मांगा देशवासियों को शीतकालीन सत्र के दौरान ठंड के दिनों में देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर घूमने, भ्रमण एवं पिकनिक के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री जी ने ठंड के मौसम में परिवारजनों तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए भी जागरूक रहने की अपील की।

कार्यक्रम के श्रवण के दौरान निम्न गणमान्य जन उपस्थित रहे– नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नहटा, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम महेंद्र नेताम, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू , शंकर देव, राजा पवार, यसकरण पटेल राजेश नाथ गोसाई, नरेंद्र नाग, दीनदयाल शेरपा तथा नगर पंचायत के अनेक कर्मचारीगण। की उपस्थिति रही

सांकरा में मनाई जात्रा पर देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में पारंपरिक गांव मनाई (धान मिजाई जात्रा) का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर राव देव स्थल में ग्राम पुजारी द्वारा देवीङ्कदेवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम फसल की कामना की गई।

कार्यक्रम में सोपसिंग पटेल, शंकर पटेल, गोपी पटेल, विशेष बोरझा, ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव टिकेश साहू, कोषाध्यक्ष छगन साहू, बंशीलाल ध्रुव, राजू पटेल, सहनूराम साहू, जन्मेजय साहू, जनक साहू, संतू निषाद, तुकाराम साहू, रमेश साहू, चिंता साहू, राय सिंह पटेल, डागेश पटेल, पारस साहू, मिथिलेश पटेल, खुबचंद भंडारी, पवन साहू सहित देव समिति, ग्राम समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की गई, जिससे पूरे गांव में धार्मिक माहौल एवं उत्साह का संचार रहा।

चिचोली में पीडीएस चावल वितरण को लेकर अजीब मामला

भटगांव /नवप्रदेश। पीडीएस चावल वितरण को लेकर एक अजीब मामला सामने आया है। चावल वितरण को लेकर एक पंचायत के दो अलग-अलग गांव विभाजित हो गये है। दोनों गांव के बीच किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा जबरन दूसरे पंचायत में राशन वितरण करने के मामलें में अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की गई है। अधिकारी ने दोनों पक्षों के बीच सामंजस बनाने की कोशिश की लेकिन दूसरा गांव सामंजस के लिए अनुविभागीय कार्यालय ही नहीं पहुंचे। जिससे ग्रामीण नाराज हो गये है।

दरसल हम बात कर रहें है ग्राम पंचायत चिचोली और उनके आश्रित ग्राम सलौनी खुर्द की । जहां ऐसा ही मामला सामने आया है। सलौनीखुर्द कि ग्रामीणों का कहना है कि चिचोली के ग्रामीण उनके गांव में पीडीएस की चाँवल लेने से इनकार कर रहें हैं। जिसके चलते दो माह का चाँवल सलौनीखुर्द के पीडीएस दुकान में ही पड़ा हैं। इस बीच पप्पू साहू नामक व्यक्ति जबरन अन्य पंचायत में चिचोली के ग्रामीणों को चाँवल वितरण कर दिया । जबकि पूर्व में सलौनीखुर्द के ग्रामीण चिचोली में जाकर पीडीएस का चाँवल उठाते थे। ऐसे में चिचोली के ग्रामीणों को सलौनीखुर्द में भी आकर चाँवल उठा लेना चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि वहाँ के लोग यहाँ के लोंगों को अनाब-सनाब बोलकर चाँवल लेने नहीं आ रहें। जबकि सभी एक ही पंचायत के रहने वाले है ।

गरियाबंद के गांधी मैदान में आज से शिव महापुराण कथा का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर में भक्ति एवं अध्यात्म का विराट उत्सव होने जा रहा है। नगर के गांधी मैदान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत डॉ श्री इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज वृंदावन वाले अपने मुखारबिंद से भगवान शिव की अद्भुत महिमा, भक्ति और जीवन दर्शन का रसपान करायेंगे।

आयोजनकर्ता धरमू देवांगन हेमचंद देवांगन योगेश देवांगन परिवार द्वारा सभी शिवभक्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया है कि इस पावन कथा में सम्मिलित होकर भगवान शिव की कृपा एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें और कथा स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में अपनी श्रद्धानवत उपस्थिति देवे।

शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ 01 दिसम्बर से होने जा रहा है गांधी मैदान में आयोजित कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। आयोजनकर्ता देवांगन परिवार द्वारा कथा के पावन प्रसंग से संबंधित जानकारी देते हुये बताया गया की 01दिसम्बर सोमवार को भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन महात्मय के बाद कथा प्रारम्भ की जायेगी।

एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अशोक कुमार लाल एवं श्रीमती शेफाली सक्सेना ने निशुल्क विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ एच.एल. सोनबोइर ने मुख्य अतिथि को कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विविधता, पाठ्यक्रम एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अवगत कराया । शेफाली सक्सेना ने बताया कि पूरी दुनिया में साइबर रिलेटेड टेक्निकल डेवलपमेंट हो रहे हैं तो साइबर क्रिमिनल भी स्मार्ट हो रहे हैं । सोशल साइट का सावधानी से उपयोग करें एवं अपनी प्राइवेट जानकारी ना डालें । क्रिमिनल्स इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। साइबर संबंधी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने महाविद्यालय को शानदार बताये क्योंकि इस संस्था में अकादमीक गतिविधियों के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी को भी बढ़ावा दिया जाता है।

रामा देशमुख दूसरे समूह को धमकाकर नहीं करने देता काम :प्रधान पाठक, बच्चों के निवाले में डाका डाल रहा समूह अध्यक्ष पति

भ्रष्टाचार बना सुरसा : मीनू का नहीं हो रहा पालन, हताश है शिक्षक भी

बालोद/नवप्रदेश। बालोद ब्लॉक के सांकरा (ज) में संचालित शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन की जिम्मेदारी उठाने वाली सखी महिला स्वयं सहायता समूह इन दिनों विवादों में है। शिक्षा विभाग के अफसरों द्वारा समूह की अध्यक्ष को कई बार नोटिस देकर चेतावनी भी दी गई है कि वह भोजन संचालन व्यवस्था में सुधार करें। तो वही प्रधान पाठक और अन्य शिक्षक भी उन्हें कई बार हिदायत दे चुके हैं कि समय पर सब्जी पहुंचाएं और पर्याप्त मीनू अनुसार सब्जी दे। लेकिन समूह के अध्यक्ष द्वारा इसमें किसी तरह की सुध नहीं लिया जा रहा है। बड़ी बात यह सामने आई कि इस मध्यान्ह भोजन को चलाने में अध्यक्ष की नहीं अध्यक्ष पति रामा देशमुख की मनमानी जारी है। जिससे दोनों ही स्कूल के प्रधान पाठक तक भी परेशान और हताश हैं। तो वही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी व्यवस्था सुधारने के लिए समूह के अध्यक्ष पति को कह चुके हैं।

पर लगता है कि उनके कानों के नीचे जू तक नहीं रेंगती है। पिछले महीने भी समूह के अध्यक्ष के नाम बीईओ के द्वारा नोटिस जारी किया गया था। जिसमें स्पष्ट लिखा गया है कि संकुल समन्वयक संकुल केंद्र सांकरा ज ,प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के द्वारा समूह द्वारा बरती गई मध्यान्ह भोजन में लापरवाही की शिकायत की थी। जिसके आधार पर समूह को जवाब मांगा गया था। उन्हें कहा गया था कि बीईओ के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दे। लेकिन आज तक बीईओ के सामने समूह के अध्यक्ष न ही सचिव गए हैं। बल्कि जाते हैं तो अध्यक्ष के पति रामा देशमुख । नोटिस में लिखा गया है कि 9 सितंबर 2025 को ईंधन के अनुपलब्धता के कारण मध्यान भोजन नहीं बनाया गया। जिससे बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पाया और समय पर भोजन भी नहीं मिल पाता है। इस संबंध में पूर्व में भी अनियमितता का पत्र कार्यालय को प्राप्त हुआ है। इससे साबित होता है कि अभी ही नहीं कई सालों से रामा देशमुख द्वारा अध्यक्ष पति के तौर पर वहां लापरवाही की जा रही है।

रामा के खौफ से कोई काम करने तैयार नहीं : प्रधान पाठक

मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक डीआर ठाकुर ने कहा कि मैं भी रामा देशमुख की करतूत से हताश हूं। कई बार उनके द्वारा सब्जी में कटौती की जाती है। मीनू का पालन नहीं किया जाता है। कम मात्रा में और देरी से सब्जी भेजी जाती है। मध्यान भोजन समूह का संचालन सखी महिला स्व सहायता समूह कर रही है। जिसका अध्यक्ष रामा देशमुख की पत्नी पद्मिनी रानी देशमुख है। लेकिन जब हम मीटिंग करते हैं तो आज तक उनकी पत्नी मीटिंग में आई नहीं है।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता दनपन प्रमोद रेड्डी (DANPAN PRAMOD REDDY) पिता दनपन परस राम रेड्डी (DANPAN PARAS RAM REDDY) उम्र 35 वर्ष, निवासी मकान नं. बी-108, फेस-2, सांई बाबा मंदिर के पास, लक्ष्मीनगर, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों में मेरा नाम डी. प्रमोद रेड्डी (D. PRAMOD REDDY) पिता डी. परस राम रेड्डी (D. PARAS RAM REDDY) दर्ज है जो कि मेरा संक्षिप्त नाम है, जिसमें डी. हमारा उपनाम है जिसका विस्तारित रूप दनपन (DANPAN) है जो कि मेरी माता के पेन कार्ड क्रमांक (ASXPR3985L) में दर्ज है। यह कि, मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सही, वास्तविक एवं विस्तारित नाम दनपन प्रमोद रेड्डी (DANPAN PRAMOD REDDY) पिता दनपन परस राम रेड्डी (DANPAN PARAS RAM REDDY) दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि, दनपन प्रमोद रेड्डी (DANPAN PRAMOD REDDY) पिता दनपन परस राम रेड्डी (DANPAN PARAS RAM REDDY) एवं डी. प्रमोद रेड्डी (D. PRAMOD REDDY) पिता डी. परस राम रेड्डी (D. PARAS RAM REDDY) ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है। अत: शपथपत्र अपने स्वयं के समस्त दस्तावेजों जैसें आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य समस्त आवश्यक दस्तोवजों में अपना सहीं, वास्तविक एवं विस्तारित नाम दनपन प्रमोद रेड्डी (DANPAN PRAMOD REDDY) पिता दनपन परस राम रेड्डी (DANPAN PARAS RAM REDDY) दर्ज कराने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
दनपन प्रमोद रेड्डी
पिता दनपन परस राम रेड्डी
निवासी मकान नं. बी-108, फेस-2,
सांई बाबा मंदिर के पास, लक्ष्मीनगर, रिसाली
भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकारा अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) आयु 44 वर्ष निवासी ग्राम डिधारी, पोस्ट करेला, जिला दुर्ग (छ.ग), के द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं उसके बताये अनुसार सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा का उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में त्रुटिवश उसका नाम अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम, अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम खरे (ANNAAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHUE RAM KHARE, ANNAPURNA DEVI) पिता (JETHU RAM KHARE, KU. ANNAPURANA DEVI KHARE) पिता (JETHURAM KHARE, KU. ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (SHRI JETHURAM KHARE, ANNAPURNA DEVI KHARE) पित्ता (JETHU RAM KHARE) दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पक्षकारा का सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) है, जो कि उसके एम.ए. (प्रीवियश) पॉलिटिकल साइंस तथा एम.ए. (फाइनल) पॉलिटिकल साइंस के अंकसूची में दर्ज है। मेरी पक्षकारा अपने शैक्षणिक दस्तावेजो, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में त्रुटिवश दर्ज अपने नाम अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम, अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम खरे (ANNAAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHUE RAM KHARE, ANNAPURNA DEVI) पिता (JETHU RAM KHARE, KU. ANNAPURANA DEVI KHARE) पिता (JETHURAM KHARE, KU. ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (SHRI JETHURAM KHARE, ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHU RAM KHARE) को सुधरवा कर अपना सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज करवाना चाहती है एवं भविष्य में मेरी पक्षकारा अपने समस्त दस्तावेजों में अपना सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज करवाकर इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी। जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा के द्वारा श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष दिनांक 01/12/2025 को शपथ पत्र भी निष्पादित किया जा चुका है तथा इसके संबंध में मेरी पक्षकारा छ.ग. राजपत्र में नाम प्रकाशन बाबत् यह आम सूचना प्रकाशित करवा रही है।

विजय कुमार सोनकर
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9826306727

नाम-परिवर्तन

मैं मथुरा यादव पति मानसिंह यादव उम्र 34 वर्ष पता म न 819 अमलेश्वर संका पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 की हूँ। मेरा वर्तमान नाम मंत्रा बाई यादव (MANTRA BAI YADAV) पति मानसिंग यादव (MANSINGH YADAV) का भविष्य में नाम मथुरा यादव (MATHURA YADAV) पति मानसिंह यादव (MANSINGH YADAV) रखाना चाहती हूँ तथा उक्त नाम मंत्रा बाई यादव (MANTRA BAI YADAV) का अंगीकार करना चाहती हूँ। यह कि मेरा नाम मंत्रा बाई यादव (MANTRA BAI YADAV) के स्थान मथुरा यादव (MATHURA YADAV) मे के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम मंत्रा बाई यादव (MANTRA BAI YADAV) यदि भविष्य में इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ती
मथुरा यादव
पति मानसिंह यादव
पता म.नं. 819 अमलेश्वर संका पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111

नाम-परिवर्तन

मैं सिमाद्री दलाई पिता गिरी दलाई उम्र 44 वर्ष पता म न 202 संजय नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 का हुं। मेरे पुत्री का वर्तमान नाम दिव्या दलाई (DIVYA DOLAI) पिता सिमाद्री दलाई (SIMADRI DALAI) का भविष्य मे नाम दिव्यासिनी दलाई (DIVYASINI DALAI) पिता सिमाद्री दलाई (SIMADRI DALAI) रखाना चाहता हूँ तथा उक्त नाम दिव्या दलाई (DIVYA DOLAI) का अंगीकार करना चाहता हूँ। यह कि मेरे पुत्री का नाम दिव्या दलाई (DIVYA DOLAI) पिता सिमाद्री दलाई (SIMADRI DALAI) के स्थान पर दिव्यासिनी दलाई (DIVYASINI DALAI) पिता सिमाद्री दलाई (SIMADRI DALAI) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम दिव्या दलाई (DIVYA DOLAI) यदि भविष्य मे इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ती
सिमाद्री दलाई
पिता गिरी दलाई
पता म न 202 संजय नगर सुपेला
भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023

नाम-परिवर्तन

मैं अकबरी खातून पति मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल उम्र 31 वर्ष पता म न 39 शर्मा कॉलोनी कैम्प 2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001 की हूँ। मेरा वर्तमान नाम अकबरी खातून (AKABRI KHATUN) पति अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) का भविष्य में नाम अकबरी खातून (AKBARI KHATOON) पति मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल (MOHAMMAD IBRAR AFJAL) रखाना चाहती हूँ तथा उक्त नाम अकबरी खातून (AKABRI KHATUN) पति अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) का अंगीकार करना चाहती हूँ। यह कि मेरा नाम अकबरी खातून (AKABRI KHATUN) पति अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) के स्थान पर अकबरी खातून (AKBARI KHATOON) पति मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल (MOHAMMAD IBRAR AFJAL) मे के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम अकबरी खातून (AKABRI KHATUN) पति अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) यदि भविष्य में इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ती
अकबरी खातून
पति मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल
पता म.नं. 39 शर्मा कॉलोनी कैम्प 2
भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001

नाम-परिवर्तन

मैं मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल पिता मो इरफान उम्र 39 वर्ष पता म न 39 शर्मा कॉलोनी कैम्प 2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001 का हुं। मेरा वर्तमान नाम अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) पिता मो इरफान खान (MD IRFAN KHAN) का भविष्य मे नाम मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल (MOHAMMAD IBRAR AFJAL) पिता मो इरफान (MD IRFAN) रखाना चाहता हूँ तथा उक्त नाम अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) पिता मो इरफान खान (MD IRFAN KHAN) का अंगीकार करना चाहता हूँ। यह कि मेरा नाम अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) पिता मो इरफान खान (MD IRFAN KHAN) के स्थान पर मोहम्मद इबरार अफ्ज़ल (MOHAMMAD IBRAR AFJAL) पिता मो इरफान (MD IRFAN) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम अफ्ज़ल खान (AFAJAL KHAN) पिता मो इरफान खान (MD IRFAN KHAN) यदि भविष्य मे इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ता
मोहम्मद इबरार अफजल
पिता मो इरफान
पता म.नं. 39 शर्मा कॉलोनी कैम्प 2
भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001

जल हैं तो कल हैं और अमृत सरोवर इस 'कल' को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प हैं

रायपुर/ नवप्रदेश। भारत में जल हमेशा से जीवन, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी रहा है। लेकिन समय के साथ बदलते मौसम, अनियमित वर्षा और भूजल स्तर में लगातार गिरावट ने गाँवों में पानी की उपलब्धता को चुनौतीपूर्ण बना दिया। इसी पृष्ठभूमि में देशभर में शुरू हुए ÷अमृत सरोवर÷ अभियान ने जल-संरक्षण को एक नए स्वरूप और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया है। यह सिर्फ एक तालाब निर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, पर्यावरण-संरक्षण और ग्रामीण विकास का समन्वित मॉडल बन चुका है।

अमृत सरोवर -सोच से साकार तक- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य प्रत्येक जिले में अनेक ÷अमृत सरोवर÷ विकसित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़े, मिट्टी व जल संरक्षण हो और स्थानीय समुदाय को स्थायी लाभ मिल सके। अमृत सरोवर की संकल्पना तीन प्रमुख आधारों पर टिकी है- जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण समुदाय की भागीदारी। इस मॉडल में गाँव का हर व्यक्ति पंच-सरपंच से लेकर श्रमिक, किसान और युवा अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। अमृत सरोवर केवल जल संचयन का माध्यम नहीं, बल्कि गाँवों में आत्मनिर्भरता, सामुदायिक शक्ति और प्रकृति के साथ संतुलन की नई कहानी है। यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों के लिए वह मूल्यवान जल-धरोहर तैयार कर रहा है, जो भविष्य में गाँवों की जीवनरेखा बनकर उभरेगी।

सरोवर का विस्तृत स्वरूप -सिर्फ संरचना नहीं, सजीव संसाधन

एक अमृत सरोवर का निर्माण मात्र मिट्टी खुदाई या सफाई भर नहीं है। इसके साथ कई दीर्घकालिक प्रावधान सुनिश्चित किए जाते हैं। गहरी खुदाई कर बड़ी जल क्षमता का निर्माण, तल एवं तटों पर घास/वनस्पति रोपण, चारों ओर सुरक्षा तटबंध, वर्षा जल संग्रहण के वैज्ञानिक प्रबंध, आसपास वृक्षारोपण कर जल संरक्षण चक्र को मजबूत करना, गाँव के लिए पर्यटन/मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाएं तलाशना भी है। इससे सरोवर केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि पूरे गाँव की पर्यावरणीय और सामाजिक धुरी बन जाता है।क्यों आवश्यक है अमृत सरोवर? ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले वर्षों में पानी की कमी और बरसाती जल का बहाव एक गंभीर समस्या बन चुका था। अमृत सरोवर इसके जवाब में एक समग्र समाधान बनकर उभरा- भूजल स्तर में वृद्धि, कृषि के लिए सिंचाई सुविधा में सुधार, पशुओं के लिए सुरक्षित पानी की उपलब्धता, बाढ़ नियंत्रण में सहायता, सूखे की समस्या में राहत, पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होती है।

जनभागीदारी- इस मिशन की सबसे बड़ी ताकत

एक अमृत सरोवर तभी सफल होता है जब गाँव स्वयं इसमें भागीदारी करता है। ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, युवा मंडल, स्कूल, किसान-सभी अपने-अपने स्तर पर योगदान देते हैं इसमें श्रमदान, पौधरोपण, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता, रखरखाव और सुरक्षा, सरोवर में कचरा न डालने की प्रतिज्ञा लेना शामिल है। इससे सरोवर लंबे समय तक जीवित रहता है और जल सतत उपयोग योग्य बनता है।

सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 10 तक

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। एससी, एसटी और ओबीसी के छात्र 10 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 28 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी। आदिम जाति विभाग की राजीव गांधी युवा उत्थान योजना के तहत प्रतिभाशाली उमीदवारों को सिविल सेवा की कोचिंग दी जाती है। इस बार कोचिंग में एडमिशन के लिए 185 सीटें हैं। इनमें एसटी छात्रों के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित हैं, जबकि एससी के लिए 30 प्रतिशत और ओबीसी के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

बाइक की ठोकर से युवती घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्कूटी सवार युवती को बाइक के चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे वह गिरकर घायल हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि श्याम टॉकीज जवाली पुल निवासी अनुराग ताम्रकार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार की सुबह 7।30 बजे उसकी बड़ी बहन आंकाक्षा ताम्रकार स्कूटी क्र। सीजी-10, बीएम-5861 में सवार होकर घर से ब्रजेश स्कूल अंबेडकर चौक जा रही थी। वह ब्रजेश स्कूल के गेट के सामने पहुंची थी कि, उसी समय दाहिने साईड से आ रही बाइक की ठोकर से वह गिर गई। गिरने से उसे चोट लगी है। आस-पास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं: हाईकोर्ट

रायपुर/ बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि, बैंक में नामांकन से उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता, नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं। इसके साथ ही 15 लाख की रकम पर चल रहे ससुर-दामाद के विवाद का अंत हो गया है। बैंक ऑफ इंडिया, मुंगेली शाखा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रंजनादेवी प्रधान का 15 लाख रुपए जमा था। उनकी मौत के बाद रकम पर दामाद राहुल ध्रुव और ससुर लल्लाराम दोनों ने दावा किया। ट्रायल कोर्ट ने नामांकन देखकर राशि दामाद को देने का आदेश दिया था, लेकिन अपील में जिला न्यायालय ने फैसला पलटते हुए कहा कि, हिंदू सक्सेशन एक्ट के तहत पति पक्ष के वारिसों को पहला अधिकार होता है, और लल्लाराम ससुर होने के नाते निकट संबंधी हैं। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, नामांकन से व्यक्ति का सि फ'कस्टोडियन' का दर्जा बनता है, इससे उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता। यह कानून बार-बार स्पष्ट किया जा चुका है। इसके साथ ही जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने अपीलीय अदालत का आदेश सही मानते हुए पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया, इसके साथ ही 15 लाख की राशि पर लल्लाराम का अधिकार पक्का हो गया है।

कांग्रेस का आरोप, क्रिकेट मैच के टिकटों की हो रही कालाबाजारी: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस का आरोप है कि भारत-साउथ अफ्रीका के बीच नवा रायपुर में 3 दिसंबर को होने वाले क्रिकेट मैच के टिकटों में कालाबाजारी खुलकर की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन टिकट बेचे जाने की घोषणा राज्य क्रिकेट संघ ने की थी, लेकिन सिर्फआधे घंटे में वेबसाइट को बंद कर दिया गया।

बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 11 से

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव और विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक-2025 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक इसका आयोजन किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। करीब 500 नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी इन स्पर्धाओं में हिस्सेदारी करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के रायपुर के सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में हुई बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार भी शामिल हुए। संभागायुक्त डोमन सिंह और पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी. के साथ बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के सीईओ तथा खेल अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेलों का आयोजन नहीं है, बल्कि विकास और खेल का संगम है। यह बस्तर के युवाओं के सशक्तीकरण और उनमें नेतृत्व के विकास की पहल है। राज्य सरकार बस्तर के युवाओं को खेल, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना चाहती है। उन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल और उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ पुख्ता तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिभागियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कमी या खामी नहीं छोड़ते हुए आयोजन स्थलों, खेल प्रबंधन, आवास, साफ-सफाई, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इत्यादि के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाने को कहा। श्री साव ने कहा कि बस्तरवासियों के साथ ही देश और दुनिया में बस्तर ओलंपिक का बहुत अच्छा और सकारात्मक संदेश जाना चाहिए।उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन से जुड़े सभी विभागों और अधिकारियों को इसे यादगार बनाने अपनी-अपनी भूमिका और कार्यों के अनुरूप दायित्वों का गंभीरता व सक्रियता से वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर के युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनकी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित करने स्थानीय लोगों के साथ ही ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन से जोड़ने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को पिछले बस्तर ओलंपिक के विजेताओं और इस बार के विजेताओं को यूथ-आइकॉन बनाकर ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हों।

11 स्वास्थ्य संस्थाओं का किया गया NQAS मूल्यांकन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को तेजी से जमीन पर उतार रही है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत हाल ही में राज्य के आकांक्षी जिले दंतेवाड़ा व सुकमा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। पिछले पंद्रह दिनों में यहां कुल 11 स्वास्थ्य संस्थानों का सफलतापूर्वक मूल्यांकन पूरा हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के तकनीकी सहयोग से इन जिलों में सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया गया है.विदित हो कि सुकमा जिले के 4 और दंतेवाड़ा जिले के 7 संस्थान इस मूल्यांकन में शामिल रहे। सुकमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुरड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र कंजिपानी (छिंदगढ़), किस्टाराम व गगनपल्ली (कोंटा) तथा दंतेवाड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र बड़े बचेली, बड़े कमेली (दंतेवाड़ा), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरसपाल, उप स्वास्थ्य केंद्र मडसे (गीदम), मेलावाड़ा, अरनपुर व कोड़ेनार (कुआकोंडा) ने NQAS मूल्यांकन में भाग लिया।

दुर्गम क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का विस्तार-इनमें कोंटा ब्लॉक का किस्टाराम उपस्वास्थ्य केंद्र विशेष रूप से सुर्खियों में है। जिला मुख्यालय से करीब 200 किलोमीटर और ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। दो राज्यों की सीमाएं पार कर पहुंचने वाली इस कठिन भौगोलिक स्थितिकी चुनौतियों के बावजूद यहां कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवा गुणवत्ता का स्तर बनाए रखा है।नक्सल प्रभावित व दूरस्थ क्षेत्रों में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इन 11 संस्थानों का हक्रू मूल्यांकन इस तथ्य का प्रमाण है कि संसाधन सीमित हों या सुरक्षा चुनौतियां–जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता यदि अडिग हो, तो उत्कृष्टता की राह अवश्य बनती है।सरकार का दावा है कि ऐसे प्रयासों से अब आदिवासी बहुल एवं दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों को भी पहले से अधिक सुगम, भरोसेमंद व गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

रायपुर स्टेशन से दो साल की बच्ची को ले भागी महिला, सीसीटीवी में कैद

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन के पास से दो साल की बच्ची को अज्ञात महिला ले भागी। आरोपी महिला अपने साथ बच्ची के अलावा तीन अन्य बच्चों को ले जाते हुए दिखी। घटना की सूचना पर रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच गंज पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक राजनांदगांव निवासी प्रशांत भट्ट 22 नवंबर को 2 साल की अपनी बेटी अंशिका के साथ रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। इसके बाद वह स्टेशन के बाहर निकला। इस दौरान एक जगह उसने अपनी बेटी को गोद से नीचे उतारा। वह कुछ सामान लेने लगा। कुछ देर बाद उसका ध्यान अंशिका पर गया, तो वह मौके पर नहीं थी। आसपास उसकी तलाश की, बच्ची नहीं मिली। इसकी शिकायत रेलवे पुलिस से की। पुलिस ने केस दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस नहीं दे रही ध्यान : बच्ची की मां वर्षा ठाकुर और पिता प्रशांत का कहना है कि पुलिस ने 24 नवंबर को एफआईआर दर्ज की है, लेकिन बच्ची की तलाश नहीं की जा रही है। जीआरपी और गंज थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन बच्ची की तलाश नहीं की जा रही है।

बेखौफ: आरोपी महिला का अब तक सुराग नहीं

मामले की जांच के दौरान जीआरपी और गंज पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें प्रशांत अपनी बेटी को गोद से उतारकर कुछ दूर जाते दिखा है। इसके बाद एक अज्ञात महिला तीन अन्य बच्चों के साथ मौके पर पहुंची। अंशिका को भी अपने साथ लेकर महिला रेलवे स्टेशन की ओर जाती हुई दिखी है। फुटेज के आधार पर पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

रेवती नक्षत्र के मातंग योग में मोक्षदा एकादशी आज

रायपुर/नवप्रदेश। मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को मोक्षदा एकादशी कहते हैं जो 1 दिसंबर सोमवार को रेवती नक्षत्र में मातंग योग में व्रत रखा जाएगा। इसी दिन भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का संदेश दिया था जिसके कारण इस दिन गीता जयंती भी मनाया जाता है। यह एकादशी सभी पापों को दूर करती है, इसलिए इस दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

पौराणिक मान्यतानुसार एकादशी की महिमा ऐसी है कि युधिष्ठिर से भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि वैखानस नाम के राजा थे जो अपनी प्रजा का पालन कर रहे थे। एक रात उनको स्वप्न में उनके पितर नरक में दिखाई दिए तथा अपनी उद्धार के उपाय करने को कहने लगे, दूसरे दिन निद्रा से जागकर राजा प्रातः अपने राज्य के ब्राह्मणों को बुलवाकर उनसे इसका उपाय पूछा, तब ब्राह्मणों ने उन्हें पर्वत मुनि के पास ले गए और पर्वत मुनि ने ध्यान लगाकर देखा फिर राजा से कहा कि मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत रखने से उसके पुण्य से आपके पितरों का उद्धार होगा। राजा मुनि से मिलकर वहां से वापस आकर उस एकादशी का व्रत किया जिसके प्रभाव से उनके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह एकादशी सभी पापों से मुक्त कर मोक्ष प्रदान करता है।

ये हैं पूजा विधि

इस एकादशी को व्रत का पालन करते हुए भगवान के कृष्ण स्वरूप की पूजा कर उस पर तुलसी अर्पण करना चाहिए और धूप, दीप, नैवेद्य, तांबूल आदि अर्पण कर भगवान की सच्चे मन से आराधना करनी चाहिए तथा विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ करना चाहिए, इसके उपरांत गीता पाठ करें।

ओपी चौधरी: आपने ठीक कहा-भूपेश जी पीएम से आपकी तुलना हो ही नहीं सकती

कहा- आपने धान, चावल, गोबर, किस चीज में घोटाला नहीं किया

रायपुर/नवप्रदेश। आपने ठीक कहा भूपेश जीज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आपकी तुलना हो ही नहीं सकती, क्योंकि-माताओं-बहनों को 500 रुपए देने का झूठ आपने बोला. शराबबंदी का वादा किया और बदले में शराब घोटाला किया. व्कक्ष्ष्ट में माफियाराज चलाकर युवाओं के सपनों से खिलवाड़ किया. आपने धान, चावल, गोबरज किस चीज में घोटाला नहीं किया? जनता ने हर जगह आपको बाहर का रास्ता दिखा दिया, फिर भी समझ नहीं आ रहा. 140 करोड़ भारतीयों ने जिस प्रधानमंत्री को चुना है, उनके बारे में आपकी भाषा को देश कभी माफनहीं करेगा. ये बातें वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीएम मोदी से तुलना न करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर दिया है दरअसल छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने शनिवार रात अपना एक इंटरव्यू वीडियो साझा किया, जिसमें उनके राजनीति करने के तरीके को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति करने के तरीके से तुलना की जा रही है. लेकिन पूर्व सीएम बघेल इस पर कहते हैं कि मैं आपसे हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं नरेंद्र मोदी जी जैसे व्यक्ति से आप मेरी तुलना मत कीजिए. मैं कभी झूठ बोलकर राजनीति नहीं करता ।

स्मार्ट मीटर की जांच का शुल्क रद्द करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर की अनियमितता की जांच के लिए तय 1000 रुपए शुल्क को रद्द किया जाए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली विभाग उपभोक्ता लूट का केंद्र बन गया है। जनता वैसे ही स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनाप-शनाप बिजली बिल से परेशान है। स्मार्ट मीटर की अनियमितता के चलते विद्युत खपत से ज्यादा का बिल आ रहा है। उपभोक्ताओं की अनुमति के बैगर स्मार्ट मीटर दबावपूर्वक लगाया जा रहा है। अब स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी की शिकायत पर सरकार ने शिकायतकर्ता उपभोक्ता के घर संस्थान में मीटर की जांच कराने की बात कही थी। अब बिजली विभाग स्मार्ट मीटर की जांच के लिए भी 500 से 1000 रुपए का शुल्क ले रही है।

विधायक ने रायपुर स्थित स्टेट हैंगर में साय को वही सिंदूर फल भेंट किया

रायपुर/नवप्रदेश। शहीदों के समान और हरित पर्यावरण को समर्पित छत्तीसगढ़ का पहला सिंदूर पार्क विधायक पुरंदर मिश्रा के गृह ग्राम सरायपाली के दुर्गापाली में प्रेरणादायी स्वरूप में विकसित हो रहा है। विधायक मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्क में लगे पौधों एवं विकसित होते वृक्षों का अवलोकन कराया, जिस पर मुयमंत्री ने पहल की सराहना की। विधायक ने रायपुर स्थित स्टेट हैंगर में साय को वही सिंदूर फल भेंट किया, जिसका पौधा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में दुर्गापाली में रोपा गया था। इस अवसर पर उप-मुयमंत्री अरुण साव और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद थे। विधायक मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत तैयार यह पार्क, भारत-पाक युद्ध के शहीदों की अदय वीरता व बलिदान को समर्पित है। दुर्गापाली में बनाए गए इस विशेष पार्क में 501 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें से कई अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। यह स्थल स्थानीय नागरिकों के लिए श्रद्धांजलि, प्रेरणा और हरियाली का केंद्र बन रहा है।

विधायक मिश्रा ने कहा कि यह पार्क शहीदों की गाथा और देशभक्ति की जीवंत विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को साहस और त्याग का संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम के शहीद दिनेश मिरानी की पत्नी नेहा अग्रवाल और सुपुत्र शौर्य का समान किया गया।

बेहतर व्यवस्था, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा का किया निरीक्षण

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साजा का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपचार ले रहे मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा की और उनसे मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग और सेवाओं के विस्तार का सकारात्मक परिणाम आज स्वास्थ्य संस्थानों में दिखाई दे रहा है। मरीजों को समय पर उपचार और बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और जहां आवश्यक हो, वहां स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं अस्पताल प्रबंधन को दिए।

रिवर्स गियर में हवा, आईस ऐज जैसा खतरा...

इस समय पूरी दुनिया का मौसम बदला हुआ है। कहीं ज्वालामुखी फट रहे हैं. कहीं चक्रवाती तूफान से बाढ़. सूरज भी आग उगल रहा है। धरती भी कांप रही है। इतने ज्यादा मौसमी बदलाव एकसाथ इससे पहले कभी नहीं देखे गए। अलग-अलग घटनाएं लेकिन सब आपस में कहीं न कहीं जुड़े हुए हैं. इसका असर दुनिया पर तो पड़ ही रहा है. भारत भी इससे अछूता नहीं है. इस साल चरम मौसमी आपदाएं आईं। अगले साल भी खतरा है।

यमन में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

सना(वार्ता)। यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी ज़िले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहाँ अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं। इस घटना के बारे में न तो अमेरिका और न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन सरकार ने कोई आधिकारिक बयान जारी किया है।

कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषा नहीं जानते

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के घटते इस्तेमाल पर चिंता जताई। मोहन भागवत ने कहा कि हालात ऐसी स्थिति पर पहुंच गए हैं कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भाषाएं नहीं जानते हैं। संत ज्ञानेश्वर की मूल रूप से मराठी में लिखी गई पुस्तक 'श्री ज्ञानेश्वरी' के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के अवसर पर नागपुर में बोलते हुए भागवत ने समाज से भाषाई विरासत के धीरे-धीरे कम होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की।

आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भारतीय भाषाएं नहीं जानते हैं।' उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने की अनिच्छा के कारण स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने कहा, 'अगर हम अपने घर में अपनी भाषा ठीक से बोलें, तो चीजें बेहतर होंगी। लेकिन हम ऐसा नहीं करते।' भागवत ने कहा कि

'एक समय था जब संचार, रोजमर्रा के काम संस्कृत में होते थे

उन्होंने कहा, 'एक समय था जब सारा संचार, लेन-देन, रोजमर्रा के काम संस्कृत में होते थे। अब, कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज बहुत से बच्चे कुछ बुनियादी और सरल शब्द भी नहीं जानते हैं और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी के मिश्रण में बात करते हैं।'

अब संत भी अंग्रेजी में बात करते हैं, जो समझ में आता है, लेकिन यह अभी भी बदलती भाषाई प्राथमिकताओं का संकेत है।

संत ज्ञानेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संत ने समाज की बेहतर समझ के लिए भगवद् गीता के ज्ञान को मराठी में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, 'अब समस्या यह है कि अंग्रेजी भाषा में पर्याप्त शब्द नहीं हैं जो हमारी भाषाओं में व्यक्त विचारों या अवधारणाओं के सार और गहराई को व्यक्त कर सकें। ज्ञानेश्वर द्वारा प्रयुक्त एक शब्द के लिए अक्सर कई अंग्रेजी शब्दों की आवश्यकता होती है, लेकिन वह पूरी तरह से इच्छित अर्थ नहीं बता पाता।'

'आप कल्पवृक्ष का अंग्रेजी में अनुवाद कैसे करेंगे?'

एक उदाहरण देते हुए उन्होंने भारतीय परंपरा में बताए गए कल्पवृक्ष का उल्लेख किया। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अवधारणाओं का विदेशी भाषा में अनुवाद करने की सीमाओं पर जोर देते हुए भागवत ने पूछा, 'आप कल्पवृक्ष का अंग्रेजी में अनुवाद कैसे करेंगे?' उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण इस बात पर जोर देते हैं कि भारतीय भाषाओं को संरक्षित और मजबूत क्यों किया जाना चाहिए।

नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं- एजेएल, डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 2010 में AJL के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर एजेएल पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल और सोनिया गांधी की 76% हिस्सेदारी है। एफआईआर 3 अक्टूबर को ईडी की हेडक्वार्टर्स इन्वेस्टिगेशन यूनिट की शिकायत पर दर्ज की गई थी। ईडी ने 2008 से 2024 तक की अपनी जांच रिपोर्ट साझा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस जल्द ही के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। कांग्रेस ने आरोपों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है और कहा है कि उन्हें एफआईआर की जानकारी नहीं है।

मोतिहारी में भीषण हादसा, पांच लोगों की मौत

मोतिहारी। मोतिहारी के कोटवा डिप्पू मोड़ पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कोटवा थाना क्षेत्र के कोटवा-दीपऊ मोड़ के पास एनएच-27 पर हुई। यहां पर तेज रफ्तार ट्रक ने चार बाइक सवारों को रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांचों बाइक ट्रक के नीचे बुरी तरह फंस गईं। हादसे के बाद सड़क पर दिल दहलाने वाला मंजर दिखा। शव

इधर-उधर बिखरे पड़े थे। लोगों को भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक नीचे फंसने के कारण ही ट्रक कुछ दूरी पर रुक पाया, वरना हादसा और भी बड़ा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रशासन की मदद से घायलों को सदर अस्पताल समेत अन्य निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया। हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया और NHAI की एक गाड़ी में आग लगा दी। लोगों का कहना है इसी गाड़ी के चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है।

नकली ब्रांडेड सामान का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नकली सिगरेट के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए 3.5 लाख से अधिक नकली सिगरेट जब्त की हैं, जिनकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह बरामदगी उत्तरी दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके से हुई है, जहाँ पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा था।

डीसीपी नॉर्थ राजा बंथिया ने बताया कि हमें एक आदमी के बारे में जानकारी मिली जो नकली सिगरेट का धंधा करता है। हमने लाहौरी गेट इलाके के पास छापा मारा और गोल्ड फ्लेक और मार्लबोरो जैसे ब्रांड मिले। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। करीब 3.5 लाख सिगरेट हैं। जिनकी कीमत 50 लाख रुपये है।इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे पास के फतेहपुरी इलाके के हैं।

दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी उचित नहीं

तिरुवनंतपुरम। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर अटकलों का दौर जारी है। उनके परिवार की ओर से पाकिस्तान सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनके परिवार ने इरफान खान से मुलाकात न करने दिए जाने पर शक जताया है। इस मामले पर अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर की प्रतिक्रिया सामने आई है।

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अफवाहों पर कहा कि मुझे लगता है कि किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना हमारे लिए उचित नहीं है।

शशि थरूर ने आगे कहा कि यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है कि इस मामले पर इतनी चुप्पी है। उन्होंने कहा, 'कई लोग दावा कर रहे हैं कि इससे भी बुरा हुआ है। लेकिन पाकिस्तान सरकार और अधिकारियों ने कुछ नहीं कहा है। यह चुप्पी बुरी है।' उन्होंने कहा, 'आपने उनके बेटे का संदेश देखा होगा, जिसमें कहा गया था कि वह अपने पिता के जीवित होने का सबूत चाहता है। जाहिर है, अभी तक किसी ने भी उनके पिता के जीवित होने का कोई सबूत नहीं दिया है।'

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

आईपीओ का मेगा वीक, 11 कंपनियों के इश्यू खुलेंगे

मुंबई। देश के प्राइमरी मार्केट में अलगे हफ्ते काफी हलचल देखने को मिलेगी क्योंकि कई बड़ी कंपनियों के आईपीओ लॉन्च होंगे. ऐसे में आईपीओ के जरिए निवेश करने वाले निवेशकों को शेयर बाजार में अगले हफ्ते कई मौके मिलेंगे। इस दौरान कई बड़ी और छोटी कंपनियां अपना किस्मत आजमाएंगी।तीन मेनबोर्ड पब्लिक इश्यू और स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (SME) ऑफरिंग

की एक लंबी लिस्ट है। आइए इस पर एक नजर डालते हैं:-

अगले हफ्ते तीन बड़ी कंपनियां- मीशो , एक्वस और विद्या वायर्स फोकस में रहेंगी क्योंकि बुधवार, 3 दिसंबर को इनका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है. इसके लिए शुक्रवार, 5 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी, जिससे पूरे हफ्ते ट्रेडिंग का माहौल बना रहेगा.

ग्लोबल इन्वेस्टर्स के सपोर्ट वाला मीशो अगले हफ्ते सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा. कंपनी का मकसद नए शेयर और ऑफर फॉर सेल के जरिए 5,421.2 करोड़ रुपये जुटाना है, जिसमें मौजूदा शेयरहोल्डर अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचेंगे।

अलवर के लाल प्याज ने किसानों को रुलाया!

मुंबई। अलवर जिले की लाल प्याज के भाव इस बार कम होने की वजह से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. पिछले साल इस वक्त प्याज के भाव 2200 रुपये प्रति 40 किलोग्राम थे. वहीं, इस साल कीमत 200 रुपये से 500 रुपये प्रति 40 किलोग्राम चल रही है। प्याज में कीमतों में आई इस जबरदस्त कमी के कारण किसान अपने खेत से प्याज को मंडी में लाने की लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं. जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है और उनमें घोर निराशा हैं. बहुत से किसानों ने तो इससे परेशान होकर प्याज को खेत में ही नष्ट कर दिया है. आइए जानते हैं, क्या कहना है किसान साथियों का? अलवर जिले के लाल प्याज की मांग देश के विभिन्न राज्यों में बनी रहती है. हालांकि, इस बार प्याज के निर्यात पर रोक लगाए जाने के कारण किसानों को इसका फायदा नहीं मिला. साथ ही पिछले दिनों हुई बारिश के कारण प्याज की फसल में नमी और गलन की समस्या आई। खराब होने की डर से दूसरे राज्यों के व्यापारियों ने अलवर से प्याज की खरीदारी नहीं की. जिसके कारण किसानों को अपनी फसल पर उचित कीमत नहीं मिल पाया।

वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने रोहित

नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफपहले वनडे में 57 रनों की शानदार पारी खेली. इस पारी में 3 छक्के लगाकर रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. अब वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रोहित बन गए हैं।

रांची में खेले जा रहे पहले वनडे में टॉस हारकर भारत को पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी. यशस्वी जायसवाल के जल्दी आउट होने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की. रोहित ने 51 गेंदों में 57 रनों की पारी में 3 छक्के और 5 चौके जड़े।

रोहित शर्मा ने रचा इतिहास

पारी के 20वें ओवर में रोहित शर्मा ने मार्को यानसेन की गेंद पर छक्का जड़कर इतिहास रचा, ये उनका वनडे का 352वां छक्का था. इससे पहले शाहिद अफरीदी (351 छक्के) वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज थे, पिछले 10 सालों अफरीदी के नाम ये वर्ल्ड रिकॉर्ड था, जो अब रोहित के नाम हुआ।

वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

रोहित शर्मा (भारत)- 352
शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान)- 351
क्रिस गेल (वेस्टइंडीज)- 331
सनथ जयसूर्या (श्रीलंका)- 270
एमएस धोनी (भारत)- 229

साजिद खान की फिल्म में काम करेंगे अक्षय कुमार !

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार निर्देशक साजिद खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय कुमार इन दिनों 'भूत बंगला', 'हैवान' और 'वेलकम टू द जंगल' में काम कर रहे हैं। इन सबके साथ ही अक्षय एक और फिल्म में काम शुरू करने वाले हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि अक्षय कुमार, साजिद खान की फिल्म में काम करने वाले

हैं। अक्षय कुमार ने इससे पूर्व साजिद खान की फिल्म हाउसफुल, हाससफुल 2 और हे बेबी में काम किया है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस फिल्म के जरिए साजिद खान की मेनस्ट्रीम फिल्ममेकिंग में वापसी हो रही है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी। इस फिल्म का काम 2026 जुलाई से शुरू करने की प्लानिंग बनायी की जा रही है।कहा जा रहा है कि 2027 तक फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा।

धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान खान

मुंबई। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया।

खबरों की मरम्मत

एल्डरमेनों की नियुक्ति खटाई में

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव हुए एक साल होने जा रहा है लेकिन अभी तक एल्डरमेनों की नियुक्ति खटाई में पड़ी हुई है। पता नहीं सरकार किस शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रही है? नगरीय निकाय चुनाव के दौरान जिन्हें पार्षद पद की टिकट से वंचित होना पड़ा था उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने जमकर पसीना बहाया था इस उम्मीद से कि उन्हें पुरस्कार के रूप में एल्डरमैन के पद से नवाजा जाएगा। ऐसे लोगों ने अपने बायोडाटा संबंधित नेताओं के पास जमा कर दिए हैं और लगातार उनके दरबार में हाजिरी भी लगा रहे हैं लेकिन उनके मन की मुराद पूरी नहीं हो पा रही है। जिससे वे हताश और निराश होकर अपनी किस्मत को ही कोस रहे हैं और रूंधे गले से गाते फिर रहे हैं कि - हमसे का भूल हुई जो ये सजा हमका मिली अब तो चारों ही तरफबंद है किस्मत की गली...।

बस्तर में पोस्टिंग अब सजा नहीं

आदिवासी बहुल बस्तर के नक्सल हिंसा से मुक्त होने की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है त्यों त्यों सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की खुशी बढ़ती जा रही है। अब वे खुशी खुशी अपना तबादला बस्तर कराने के लिए तैयार हो जाएंगे। पहले बस्तर में तबादला होने पर वे उसे रूकवाने के लिए चढ़ौतरी चढ़ाते घूमते थे क्योंकि बस्तर में पोस्टिंग को सजा समझा जाता था। किन्तु बस्तर में नक्सलियों का सफाया हो जाने के बाद बस्तर में तबादला सजा नहीं कहलाएगा बल्कि अब वहां उन्हें मजा आएगा।

एसआईआर को लेकर उत्साह

बंगाल और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में जहां एसआईआर को लेकर बवाल मचा हुआ है वहीं छत्तीसगढ़ में एसआईआर की प्रक्रिया शांतिपूर्वक चल रही है। इसके प्रति लोग उत्साहित हैं। यहां किसी भी बीएलओ ने अधिक काम की शिकायत नहीं की है। बीएलओ के साथ अभद्रता की छिटपुट शिकायतें जरूर सामने आई है लेकिन काम तेजी से हो रहा है। इस मामले में छत्तीसगढ़ देश के बारह राज्यों में सातवें नंबर पर है। इस काम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानीनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। लोग भी जागरूकता की परिचय दे रहे हैं। एफआईआर का काम छत्तीसगढ़ में जिस सुगमता से हो रहा है उससे एफआईआर विरोधियों में छटपटाहट देखी जा रही है।

रजिस्ट्री दफ्तरों में उल्लू बोल रहे

राज्य सरकार अचानक ही अचल संपत्तियों की खरीद फरोख्त के लिए सरकारी गाईड लाइन दरों में बीस प्रतिशत से लेकर दस गुना वृद्धि कर दी है। जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। नतीजतन रजिस्ट्री दफ्तरों में उल्लू बोल रहे हैं। जहां पहले रजिस्ट्री कराने वालों का तांता लगा रहता था अब वहां भूले भटके ही इक्का दुक्का लोग रजिस्ट्री कराने पहुँच रहे है। वेंडरों के पास भी काम का अभाव हो गया है। बेचारे मक्खी मारते बैठे हैं।। प्रदेश के पंजीयन कार्यालयों में पसरा सन्नाटा अपनी कहानी खुद कह रहा है। जाहिर सरकार का यह फैसला लोगों को रास नहीं आ रहा है। सरकार को व्यापक जनहित को मद्देनज़र रखकर अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

दुर्ग के कांग्रेसियों का जोश हाई

दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर युवा तुर्क राकेश ठाकुर तथा दुर्ग शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व महापौर धीरज लाल बाकलीवाल की नियुक्ति से दुर्ग जिले के कांग्रेसियों का जोश हाई हो गया है। जो लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मिली हार के बाद से हताश थे। अब नये चेहरों को संगठन में तरजीह मिलने से कांग्रेस में नया उत्साह जागा है। इनमें राकेश ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी हैं वहीं धीरज बाकलीवाल पूर्व विधायक अरूण वोरा के समर्थक हैं। अब जय और वीरू की यह जोड़ी दुर्ग जिले में कांग्रेस को नई दिशा देने में कितनी सफल होगी यह देखना दिलचस्प होगा।

शोरगुल पर प्रभावी रोक जरूरी

देव उठनी एकादशी के साथ ही शादी ब्याह का सीजन शुरू हो गया है। इस दौरान ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने प्रशासन खानापूर्ति में लग गया है। दुर्ग मे एडीएम और एएसपी ने मांगलिक भवन वालों और डीजे संचालकों की बैठक लेकर उन्हें कोर्ट के आदेश का पालन करने की समझाइश दी है। किंतु हमेशा की तरह इसे भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने वाली कहावत चरितार्थ होने की ज्यादा संभावना है। दरअसल कानफोड़ू शोर गुल पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रभावी पहल करने की और इसकी जिम्मेदारी तय कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। जिसमें हमेशा कोताही की जाती है।

ऐसे पार्कों में कोई कैसे खेले

प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा बच्चों के खेलने के लिए छोटे छोटे पार्क बनाए गए हैं लेकिन रखरखाव के अभाव में इनमें से ज्यादातर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। रायपुर से लगे कुम्हारी में ऐसे अधिकांश पार्क और ओपन जिम बदहाली के शिकार हैं। जहां झूले और फिसल पट्टी टूट फूट गए हैं और गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है। ऐसे पार्कों में आखिर कोई कैसे खेल सकता है? जन प्रतिनिधियों की इस मामले में उदासीनता हैरत की बात है।

कैलाश यादव, चन्द्रशेखर राव, हरिओम चौहान, हेमंत धोटे, शाहीन कुरैशी, रंजन पांडेय, ध्रुव कुमार नायक।

किसानों के लिए आय में वृद्धि का नया अध्याय पीएम-आशा योजना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री-अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलहन एवं तिलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है। योजना का उद्देश्य कृषकों से दलहनी तथा तिलहनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करना है।

दालों के उत्पादन को बढ़ाकर किसानों की आमदनी को है बढ़ाना

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम.आशा) एक व्यापक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करके लाभकारी मूल्य दिलाना है। इसमें तीन मुख्य घटक शामिल हैं: मूल्य समर्थन योजना, मूल्य स्थिरीकरण कोष , और मूल्य घाटा भुगतान योजना है । इसका मुख्य लक्ष्य किसानों की आय को बढ़ाना और उनकी आय के संरक्षण की दिशा में काम करना है। इस योजनांतर्गत राज्य में उत्पादित किये जाने वाली अरहर, उड़द एवं मसूर का शत् प्रतिशत उपार्जन तथा शेष फसलों यथा मूंगफली, सोयाबीन, मूंग, चना, सरसों का राज्य के उत्पादन का 25 प्रतिशत उपार्जन केन्द्र सरकार द्वारा अपनी प्रापण संस्थाओं (प्रोक्योरमेंट एजेंसीज) नाफेड तथा एनसीसीएफ के माध्यम से किया जायेगा। सबसे खास बात यह है कि सरकार न केवल दालों के उत्पादन को बढ़ाकर देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है, बल्कि किसानों की आमदनी को

बढ़ाना चाहती है।

बलौदाबाजार जिले में 5 उपार्जन केन्द्र

पीएम-आशा के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत जिले में 5 उपार्जन केन्द्रों विकासखंड बलौदाबाजार जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, विकासखंड पलारी में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अमेरा, विकासखंड भाटापारा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धुर्राबांधा, विकासखंड कसडोल में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल, विकासखंड सिमगा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिमगा का नाम शासन द्वारा अधिसूचित किया गया है।

उपज विक्रय के लिए इच्छुक किसान को अपना पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर होगा करना : योजनांतर्गत उपज विक्रय हेतु इच्छुक कृषक को अपना पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर कराना तथा समीपस्थ उपार्जन केन्द्र संबंधित का उल्लेख करना अनिवार्य है। पंजीयन के दौरान चिन्हित उपार्जन केन्द्र के चयन द्वारा विपणन किया जा सकता है। प्रत्येक अधिसूचित फसल की उपार्जन अवधि 90 दिवस निर्धारित होती है। इस योजना के माध्यम से न सिर्फ कृषक द्वारा उसके उत्पाद का उचित मूल्य पर विक्रय किया जा सकता है अपितु प्रतिस्पर्धा विकास के द्वारा बाजार में उपज का अधिक मूल्य भी प्राप्त हो सकता है। यह समस्त स्थिति फसल विविधिकरण के लिए अनुकूल परिस्थितियों निर्मित करने में भी सहायक हो सकती है।

किसानों की आर्थिक सुरक्षा को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम

सरकार चाहती है कि दाल उगाने वाले किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा मिले और उनकी फसल की समय पर खरीद की जा सके। इसी दिशा में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) शुरू किया गया है, जो किसानों की आर्थिक सुरक्षा को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इसके तहत किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी की जाएगी।

जोन ने 242 दिनों में माल भाड़ा से अर्जित किया 20,000 करोड़ रुपए

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने केवल 242 दिनों में 20,000 करोड़ रूपए की प्रारंभिक माल भाड़ा आय अर्जित कर अब तक की सबसे तेज उपलब्धि प्राप्त की है। यह मील का पत्थर 28 नवंबर को प्राप्त हुआ, जो कि गत वर्ष की तुलना में 13 दिन पूर्व है। गत वर्ष यह आंकड़ा 11 दिसंबर को 255 दिनों में प्राप्त हुआ था। रेलवे जोन की देश के कोयला आधारित पावर प्लांट्स, उद्योगों और विभिन्न कारखानों को आवश्यक कच्चे माल जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक और मैगनीज की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की ऊर्जा जरूरतों और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला की धुरी बन चुका दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल भाड़ा राजस्व अर्जन में कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि यात्री परिवहन के साथ-साथ अर्जित की गई है, जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की संतुलित संचालन क्षमता और व्यवस्थागत दक्षता को दशार्ती है।

मेडिसिटी: मध्य भारत में स्वास्थ्य क्रांति की हैं नई शुरुआत: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में विकसित की जा रही मेडिसिटी मध्य भारत में स्वास्थ्य क्रांति की नई शुरुआत है। 200 एकड़ में विकसित हो रही यह विशाल हेल्थकेयर सिटी आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ही नहीं, ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सहित पूरे क्षेत्र को अत्याधुनिक, सुलभ और किफायती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी।

उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं, मेडिकल शिक्षा, अनुसंधान और मेडिकल टूरिज्म सभी को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हुए भारत के विकसित भविष्य की मजबूत आधारशिला बनेगी। साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में यह परियोजना देश की सबसे महत्वाकांक्षी और

भविष्यगामी स्वास्थ्य पहल के रूप में उभर रही है। चौधरी ने कहा कि यह विश्वस्तरीय हेल्थकेयर सिटी न सिर्फ उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगी, बल्कि स्वास्थ्य, फर्मा, वेलनेस, शिक्षा और सेवा क्षेत्रों में हजारों रोजगार सृजित कर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगी।

मेडिसिटी में 5,000 से अधिक बेड की क्षमताः सेक्टर 36-37 में 200 एकड़ में विकसित की जा रही मेडिसिटी में 5,000 से अधिक बेड की क्षमता और देश के अग्रणी हेल्थकेयर समूहों की भागीदारी इस परियोजना को देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य शहर के रूप में स्थापित करेगी। मेडिसिटी में मेडिकल यूनिवर्सिटी, नर्सिंग कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित किए जा रहे हैं ताकि डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल पेशेवरों की नई और सक्षम पीढ़ी तैयार हो सके। कार्डियोलॉजी, कैंसर साइंस, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, ऑर्गन ट्रांसप्लांट और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब्स यहां स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

मरीजों और परिजनों के लिए आवासीय परिसर

मरीजों और उनके परिजनों के लिए आवासीय परिसर, छात्रावास, होटल और धर्मशाला जैसी सुविधाएं इस पूरे क्षेत्र को एक व्यवस्थित ह्यूमन-सेंट्रिक मेडिकल ज़ोन में बदल देंगी। वॉक-टू-हॉस्पिटल मॉडल, पर्यावरण अनुकूल डिजाइन, सुगम सार्वजनिक परिवहन कनेक्टिविटी और पीएमजेएवाई व सीजीएचएस जैसी योजनाओं के तहत किफायती उपचार सेवाएं इस परियोजना को पूरी तरह समावेशी बनाती हैं।

घर से नकदी चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा क्षेत्र के एक मकान में घर के अंदर से चार्जिंग में लगे मोबाइल व बैग में रखे नगदी रकम को चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। सरकंडा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अब्यय भारतीय शोखावत राजपूत जैन 53 वर्ष निवासी भाठापारा खमतराई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 नवम्बर की रात्रि करीब 12।30 बजे ऑटो चलाकर अपने घर पहुंचा। तो घर के सामने एक लड़क खड़ा था जो इसे आते देखकर भाग गया। घर अंदर जाकर देखा तो इसका मंझला भाई राजू जैन अपने रूम में सोया हुआ था, दो लड़के इसके कमरा अंदर घुसकर बैग को खंगाल रहे थे। जो उसे देखकर दोनो लड़के घर से निकलकर भाग गये, उनके भागने के बाद बैग को चेक किया तो बैग में रखे 2000 रू। नगदी रकम एवं एक मोबाइल चार्जर सहित चोरी कर ले गये हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध कर पुलिस ने तत्कल आरोपियों की पतासाजी की।

गांवों की अर्थव्यवस्था को फिर से मिलनी चाहिए मजबूती

आरंग/नवप्रदेश। गांवों की पहचान केवल खेत-खार और तालाबों से नहीं होती, बल्कि उन व्यवस्थाओं से होती है जो ग्रामीण जीवन की रीढ़ बनती हैं। ऐसी ही एक मज़बूत व्यवस्था है गौठान। यह सिर्फ संरचना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धड़कन है। बीते वर्षों में इनकी उपेक्षा ने गांवों की पारंपरिक प्रणाली को कमज़ोर किया है, पर अब समय आ गया है कि इनकी धड़कन फिर तेज की जाए।

उल्लेखनीय है कि हर गांव में कम से कम 2-3 एकड़ और अधिकतम 8-10 एकड़ भूमि गौठान के नाम दर्ज है। लेकिन इन ज़मीनों को सुरक्षित रखना ग्राम पंचायतों के लिए आसान नहीं है। कई जगह चारागाह, तालाब व पंचायत की भूमि तक अतिक्रमण की चपेट में है। ऐसे में गौठान के क्रियान्वयन का रास्ता और कठिन हो जाता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि ज़मीन ही सुरक्षित नहीं, तो गौठान योजना स्थायी रूप से कभी सफल नहीं हो सकेगी।

गौ-संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, पर हकीकत गांवों में जाकर ही समझ आती है। आवारा मवेशियों की समस्या, चारे की कमी और देखरेख की अनियमितता आज भी जस की तस है। ऐसे में किसानों का कहना है कि प्रशासन, पंचायत और समाज तीनों को मिलकर एक ठोस व्यवस्था बनानी होगी। विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि हर किसान साल में सिर्फएक गाड़ी पैरा गौठान को दे दें तो चारे की कमी तत्काल दूर हो सकती है। सरकार यदि सोसायटी के माध्यम से धान खरीदी के साथ अनिवार्य पैरा समर्थन पर ज़ोर दे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिल सकता है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन को रोज़गार से जोड़ने और युवाओं को डेयरी यूनिट के लिए प्रेरित करने जैसे कदम गौठान को फिर से आत्मनिर्भर बना सकते हैं। जब मॉडल गौठान बनते थे, तो उम्मीदें बड़ी थीं। पर आज कई मॉडल गौठान सुनसान, जर्जर और गतिविधिहीन दिखते हैं। यह स्थिति सरकार और पंचायत दोनों के लिए चेतावनी है कि यदि निगरानी ढीली रही तो करोड़ों का निवेश बेकार साबित होगा।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिनिधि गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए ताकि लोग इसे अपनी जिम्मेदारी समझे। जन्म-जन्म का नाता है, गाय हमारी माता है यह भावना केवल नारा नहीं, बल्कि संस्कृति की नींव है। खैराती योजनाओं की आदत ने लोगों को अधिकार तो सिखा दिया, पर कर्तव्य भूलने पर मजबूर कर दिया। अब ज़रूरत है कि समाज फिर से अपने संस्कारों को याद करे और गौठान व गौवंश संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए। गौठान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धड़कन हैं, और इन्हें पुनर्जीवित करने का समय यही है।

डिजिटल अरेस्ट और फर्जी ट्रेडिंग गैंग का पर्दाफाश, 2 करोड़ से ज्यादा की ठगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस ने दो बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा करते हुए 2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले दो अलग-अलग अंतरराज्यीय नेटवर्क के चार सदस्यों को गिरतार किया है। थाना सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में हरियाणा के गुरुग्राम तथा मध्यप्रदेश के सिहोर और इंदौर क्षेत्रों में दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा गया।

गिरोह द्वारा एक 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' के झांसे में फंसाकर 80 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी, तो वहीं दूसरे मामले में एक युवा व्यापारी को फर्जी शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का लिंक भेजकर करीब सवा करोड़ रुपए की ठगी की गई थी। इन दोनों ही मामलों के निचले क्रम के अपराधियों की पकड़ने की जानकारी एएसपी राहुलदेव शर्मा ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

बैंक मनी ट्रेल के आधार पर सिहोर और इंदौर में तीन आरोपी धीरज पिता गुलाब सिंह (34), अरविंद पिता मनोज सिंह (30) और डिपल सिंह पिता रणबीर सिंह यादव को पकड़ा गया। ये आरोपी यूल अकाउंट उपलब्ध कराने, कमीशन लेकर सिम-खाते बेचने तथा क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान लेने का काम करते थे। पुलिस ने बताया कि धीरज सिंह अपनी कंपनी किसान बाजार के नाम पर करंट बैंक खाता खुलवाकर उसे ठगी के लिए एक लाख 30 हजार रुपए लेकर बेचा था। अरिविंद खाता उपलब्ध कराने दो प्रतिशत लेता था और डिंपल यादव ठगों को खाता उपलब्ध कराने के एवज में 2.8 प्रतिशत कमीशन लेता था। आरोपी कमीशन के राशि को क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी के रूप में वालेट एड्रेस में प्राप्त करते थे।

साइबर क्राइम की पढ़ाई कर रहा डिंपल

एक मामले में पकड़ा गया आरोपी राधेश्याम बीए की पढ़ाई करते हुए एसआई की तैयारी कर रहा, तो वहीं दूसरे मामले का एक आरोपी डिंपल सिंह का दादा आर्मी में पदस्थ थे, डिंपल साइबर सेक्यूरिटी की पढ़ाई कर रहा है, ऐसी सोच लेकर पढ़ाई करने वाले युवा भी पैसे की लालच में आकर क्राइम की दुनिया में चले जा रहे हैं।

पुलिस ने आरोपियों से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक, मोबाइल फोन सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब यूल अकाउंट और सिम उपलब्ध कराने वाले एजेंटों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पमार और कोतवाली थाना टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सभी स्कूलों में सक्षम नेतृत्व हमारी प्राथमिकता: मंत्री यादव

■ 1478 व्यायाताओं और प्रधानपाठकों को बनाया गया प्राचार्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के टी संवर्ग में वर्ष 2013 तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद पहली बार बड़ी संया में प्राचार्यों की पदोन्नति की गई है। लंबे समय से शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकंडरी विद्यालयों में प्राचार्य के पद रिक्त होने के कारण शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2025 को जारी आदेश के अनुसार टी संवर्ग में 12 वर्ष तथा ई संवर्ग में 9 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले पात्र शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसके तहत टी संवर्ग में 1335 तथा ई संवर्ग में 1478 व्यायाताओं और प्रधानपाठकों को प्राचार्य बनाया गया।

2504 पदोन्नत प्राचार्य की पदस्थापना

इन पदोन्नतियों के विरुद्ध दायर याचिकाओं पर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा स्थगन आदेश दिए जाने से पदस्थापना की कार्रवाई रोक दी गई थी।

न्यायालय द्वारा याचिकाएं खारिज किए जाने के बाद शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पदस्थापना पुनः आरंभ की गई। शासन के पत्र 10 अगस्त 2025 के अनुसार, काउंसलिंग के माध्यम से प्राचार्यों की पदस्थापना की गई, जिसमें टी संवर्ग की काउंसलिंग 20 अगस्त 2025 से 23 अगस्त 2025 तक हुई और कुल 1222 प्राचार्यों का पदस्थापना आदेश जारी किया गया। इसी प्रकार ई संवर्ग की काउंसलिंग 21 नवंबर से 24 नवंबर 2025 तक आयोजित की गई, जिसके अनुसार 1284 पदोन्नत प्राचार्यों की पदस्थापना आदेश जारी किए जा रहे हैं।

शैक्षणिक व्यवस्था हो रही थी प्रभावित

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि लंबे समय से प्राचार्य पद रिक्त होने से स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों में सक्षम नेतृत्व आवश्यक है। बड़े पैमाने पर की गई यह पदोन्नति और पदस्थापना राज्य के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत प्रदान करेगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम स्कूल शिक्षा विभाग के व्यापक सुधार अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर विद्यालय में मजबूत नेतृत्व सुनिश्चित करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com